सेंसेक्स 71,336.80 ▲ +229.84
डॉलर 83.128 ▼ -0.044

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 10.0 | 23.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 12.0 | 28.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 27 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 320, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय मिर्जा गालिब : गहन मानवीय चेतना के चितेरे ...8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
सलामी बल्लेबाज चुनूंगा : माइकल हसी ...10 देश/विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,800

चांदी (1 किलो) 80,700

## ‘वीर बाल दिवस’ भारतीयता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने का प्रतीक : पीएम

### ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई व ग्रीस में भी हो रहे हैं वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम



### जब कोई देश विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढ़ता है तो दुनिया उसका सम्मान करती है

### आज का भारत 'गुलामी की मानसिकता' से बाहर निकल रहा है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 'वीर बाल दिवस' भारतीयता की रक्षा और सुरक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बहादुरी की कोई उम्र नहीं होती है।

प्रधानमंत्री दिल्ली के भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कोई देश अपनी विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढ़ता है तो दुनिया उसका सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है, उनसे प्रेरणा ले रहा है। आजादी के अमृतकाल में 'वीर बाल दिवस' के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती।

उन्होंने कहा कि 'वीर बाल दिवस' अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मनाया जाने लगा है। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और ज्यादा जानेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक हमने अपनी विरासत का सम्मान नहीं किया, दुनिया ने भी हमारी विरासत को भाव नहीं दिया। आज जब हम अपनी विरासत पर गर्व कर रहे हैं तो दुनिया का भी नजरिया बदला है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज का भारत 'गुलामी की मानसिकता' से बाहर निकल रहा है। आज के भारत को अपने लोगों पर, अपने सामर्थ्य पर, अपनी प्रेरणाओं पर पूरा पूरा भरोसा है। आज के भारत के लिए साहिबजादों का बलिदान राष्ट्रीय प्रेरणा का विषय है। आज के भारत में भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान, गोविंद गुरु का बलिदान पूरे राष्ट्र को प्रेरणा देता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया के उन देशों में से है, जो देश सबसे ज्यादा युवा देश हैं। इतना युवा तो भारत अपनी आजादी की लड़ाई के समय भी नहीं था। जब उस युवाशक्ति ने देश को आजादी दिलाई तो आज की युवाशक्ति भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है, यह कल्पना से परे है।

## एक नजर

### सेना प्रमुख जनरल पांडे ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति के कार्यालय ने बैठक की एक तस्वीर के साथ एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए राजौरी-पुंछ सेक्टर का दौरा किया था। उन्होंने पुंछ-राजौरी सेक्टर में उस इलाके का भी दौरा किया था, जहां हाल ही में सुरक्षा बलों पर हमले हुए हैं।

### पीएम के यूट्यूब चैनल पर 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स तक पहुंचने वाले पहले विश्व नेता बन गए हैं। वह अन्य वैश्विक और भारतीय समकालीनों से काफी आगे हैं। वास्तव में दूसरे सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले वैश्विक नेता ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनोरा हैं, जिनके सिर्फ 64 लाख सब्सक्राइबर्स हैं, जो नरेन्द्र मोदी यूट्यूब चैनल के एक तिहाई से थोड़ा कम है। सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करने वाले नरेन्द्र मोदी चैनल ने न केवल भारत में राजनीतिक समकक्षों को पीछे छोड़ दिया है, बल्कि सब्सक्राइबर्स संख्या और वीडियो दृश्य दोनों के मामले में वैश्विक नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है।

### चलन से बाहर हो चुके 9413 नोट झारखंड से बरामद



**रांची।** चलन से बाहर हो चुके 9413 नोट राज्य से बरामद हुए हैं। एनसीआरबी के आंकड़े के मुताबिक साल 2022 में झारखंड में चलन से बाहर हो चुके पांच सौ रुपये के 9413 नोट बरामद किए गए। इसका कुल मूल्य 47 लाख रुपये है। दूसरी ओर पुलिस ने झारखंड के विभिन्न जिलों से कुल 54.99 लाख रुपये बरामद की है, जिनमें दो हजार के नोट से लेकर दस रुपये तक के नोट शामिल हैं। इनमें सिक्का-2301, दस रुपये-402, 20 रुपये-435, 50 रुपये-1872, 100 रुपये-3152, 200 रुपये-695, 500 रुपये-9413, 2000 रुपये-115 हैं।

### चतरा को नव वर्ष पर मिलेगा बाईपास रोड, जनवरी में होगा शिलान्यास, बोले सीएम

# 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की कर रहे वैकल्पिक व्यवस्था

### हमारी सरकार 4 वर्षों से विकास को पटरी पर लाने का प्रयास कर रही है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा में थे। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कर्बला मैदान में आयोजित सभा में केंद्र सरकार और विपक्ष एक बार फिर उनके निशाने पर रहा। कहा केंद्र राज्य सरकार को लगातार टेंशन दे रही है जबकि हम सभी यूनिवर्सल पेंशन से सभी की सेवा कर रहे हैं। कहा, आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने से ही विकास का द्वार खुलता है। इसे लेकर सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। हमारी सरकार दिल्ली से नहीं गांव से चल रही है। जहां अधिकारी विकास की गठरी लेकर बैठे हैं। आपकी हर जरूरत को ध्यान में रखकर अधिकारी काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में हम 24 घंटा बिजली आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रहे हैं। बिजली उपभोक्ताओं को हमने 100 यूनिट मुफ्त बिजली देकर सभी के घरों को रोशन किया है।



### सरप्लस बजअ रहते राज्य को पिछड़ा बना दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब झारखंड अलग राज्य बना, उस वक्त यहां का सरप्लस बजट हुआ करता था। सरकार का खजाना भरा था। संसाधनों की कोई कमी नहीं थी। फिर भी पूर्ववर्ती सरकारों के समय राज्य पिछड़ता चला गया। राज्य का विकास हाशिये पर चला गया। जब से हमारी सरकार बनी है, तमाम चुनौतियां और विपरीत परिस्थितियों के बीच भी विकास को रफ्तार देने का काम कर रहे हैं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य वासियों को सशक्त बना रहे हैं। राज्य में संचालित सभी कंपनियों और संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय को देने संबंधी कानून भी बनाया है। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत गांव से शहरों की कनेक्टिविटी मजबूत की जा रही है। इसके तहत बुजुर्गों, महिलाओं विद्यार्थियों, दिव्यांगों और झारखंड आंदोलनकारी को निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी।

साथ ही बकाये बिजली माफ कर गरीबो कों राहत दी है। उन्होंने कहा कि नव वर्ष पर चतरा जिला को बाईपास रोड की सौगात मिलेगी। इसके टेंडर निष्पादन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जनवरी में इस का शिलान्यास होगा। बेटियां बोझ नही बने इसके लिए सावित्रीबाई फूले योजना का लाभ सभी वर्ग के सभी बच्चियों को मिलेगी। गरीब के बच्चे डाक्टर, इंजिनियर बने और विदेश में पढ़ें इसकी व्यवस्था भी सरकार ने की है। सभी को रोटी-कपड़ा और मकान मिले इसके लिए 20 लाख ग्रीन कार्ड, दस रुपया मे साल में दो बार सोना-सोबरन योजना से धोती-साड़ी और अब अबुआ आवास दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने झारखंड को कभी युवा होने ही नहीं दिया। सारे साधन और संसाधन अपने उपयोग में लेते रही। पिछले 4 वर्षों से हमारी सरकार झारखंड को विकास की पटरी पर लाने में दिन-रात मेहनत कर रही है। आने वाले दिनों में विकसित झारखंड का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री ने यूपीएससी तथा जेपीएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी को लेकर इंटीग्रेटेड कोचिंग सेन्टर, ब्लॉक कंप्यूटर सेन्टर और माइनिंग स्किल ट्रेनिंग सेंटर का भी उद्घाटन किया।

### कई विकास योजनाओं का उद्घटन और शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 249 करोड़ 80 लाख 30 हजार 527 रुपये की 402 योजनाओं का उद्घटन- शिलान्यास किया। इसमें 137 करोड़ 01 लाख 5 हजार 282 रुपये की 141 योजनाओं की नींव रखी गई जबकि 112 करोड़ 79 लाख 85 हजार 245 रुपये की 241 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। साथ ही विभिन्न योजनाओं के 01 लाख 13 हजार 800 लाभुकों के बीच करीब 221 करोड़ 78 लाख रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गईं।

## गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड की एसआईटी जांच, कमेटी गठित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

धनबाद जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के मामले में गृह विभाग के आदेश पर सीआईडी ने एसआईटी गठित कर दी है। सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने एसआईटी का प्रमुख आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज को बनाया है, वहीं टीम में सीआईडी एसपी कार्तिक एस, डीएसपी दीपक कुमार और तीन इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। गृह विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किया था, जिसमें कारा महानिरीक्षक व सीआईडी आईजी के प्रारंभिक रिपोर्ट का जिक्र था। गृह विभाग ने आदेश जारी किया था, जिसमें सीआईडी को आदेशित किया गया था कि एसआईटी गठित की जाए। पांच दिसंबर को झारखंड हाईकोर्ट ने भी एसआईटी से जांच करवाने का आदेश जारी किया था।

### हत्याकांड के पीछे की बृहद साजिश भी जांचेगी एसआईटी

गृह विभाग के द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, एसआईडी की जांच का दायरा घटित घटना व उससे संबंधित सारे कांडों का अनुसंधान है। साथ ही हत्याकांड के पीछे की बृहद साजिश की जांच भी एसआईटी करेगी। केस व हत्याकांड के पीछे की साजिश की जांच दो माह में पूरी करने का आदेश सीआईडी को दिया गया है। सीआईडी की एसआईटी की जांच में जेल के कर्मी, पदाधिकारी व गैर सरकारी व्यक्ति की भूमिका व संलिप्तता की पहचान का आदेश भी दिया गया है।

## सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो।** जिला के गोमिया प्रखंड के झुमरा पहाड़ स्थित सीआरपीएफ के 26वीं बटालियन के रहावन कैंप में तैनात 40 वर्षीय जवान रमाबाबू राय ने मंगलवार को अपनी इंसास राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रहावन ओपी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे सीआरपीएफ कैंप में जवान रामबाबू राय ने अपनी राइफल से गोली मार ली, जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जवान रामबाबू राय, रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के चोरधरा के रहने वाले थे। उनके दो बच्चे हैं। ओपी प्रभारी ने रहावन कैंप पहुंचकर घटना की जानकारी ली। रहावन पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं रहावन ओपी प्रभारी ने सुनील कुमार ने बताया कि मामला सीआरपीएफ कैंप का है, जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि इस मामले को पारिवारिक विवाद के रूप में भी देखा जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे केन्द्र : खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केन्द्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में अब विलंब नहीं करना चाहिए। खड़गे ने मंगलवार को दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के पार्टी नेताओं के साथ बैठक के बाद एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को मोदी सरकार ने धोखा दिया है। वहां आतंकी घटनाएं चरम पर हैं। कश्मीरी पंडितों पर आज भी हमले हो रहे हैं। वहां आए दिन आतंकी घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वहां के लोगों ने कांग्रेस के साथ एकजुटता दिखाई थी। खरगे ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर व लद्दाख से आए पार्टी नेताओं के साथ उन्होंने बैठक की। इस दौरान राज्य के अनेक मुद्दों व लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई।

## पश्चिमी सिंहभूम से चार किलो का आईईडी बरामद



**प.सिंहभूम।** चाईबासा गोईलकेरा थाना क्षेत्र में पुलिस को सर्च अभियान के दौरान एक चार किलो का आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम मारादिरी के आस-पास जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से लगाये गये एक चार किलो का आईईडी बम बरामद किया गया है। बम निरोधक दस्ता ने बरामद आईडी को डिफ्यूज कर दिया।

## हथियार के साथ टीएसपीसी का नक्सली गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबर जंगल में छापामारी कर टीएसपीसी नक्सली संगठन के सब जोनल कमांडर सहदेव गंझु को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से एक देसी बंदूक और पांच जिंदा गोली बरामद हुई है। इस संबंध में एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली संगठन टीएसपीसी के उग्रवादी किसी घटना को अंजाम देने के लिए बालूमाथ के हेसाबर जंगल में जमे हुए हैं। इस सूचना के बाद पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई और उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस को देखकर उग्रवादी भागने लगे। परंतु पुलिस ने एक नक्सली को धर दबोचा। जबकि अन्य उग्रवादी वहां से फरार हो गए।



छानबीन में उसके पास से एक देशी पिस्तौल-गोलियां बरामद हुई। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी सहदेव लातेहार जिले के बरियातू का रहने वाला है। इस पर लातेहार जिले के अलावे आसपास के विभिन्न जिलों में लगभग 20 से अधिक नक्सली घटनाओं के मामले दर्ज हैं।

### नक्सलियों ने कंप्रेशन मशीन फूंकी, मजदूरों को पीटा

जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटिया गांव के पास निमार्णाधीन पुल के साइडिंग पर सोमवार की रात भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने हमला किया। इस दौरान नक्सलियों ने पुल निर्माण में लगे कंप्रेशन मशीन को जला दिया। वहीं कई मजदूरों के साथ मारपीट भी की गई। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों से जानकारी ली। पुलिस के द्वारा इलाके में छापामारी अभियान भी तेज कर दी गई है।

## इंडिया ठग अब 420 नहीं 316 कहलाएंगे, 101 से हत्यारों को सजा



सुनील बादल

***अंग्रेजों*** के जमाने के आपराधिक कानूनों की जगह तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। पहले भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, अब भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के बाद 20 नए अपराध शामिल भी किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुमार्ने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने इसी साल अगस्त में पेश किए गए पिछले संस्करणों को वापस लेते हुए संसद के निचले सदन में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को फिर से पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए जाने के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि अब सजा देने के बजाय न्याय देने पर फोकस है। आईपीसी की धारा 124 राजद्रोह से जुड़े मामलों में



| जुर्म | आईपीसी | भारतीय न्याय संहिता |
|---|---|---|
| देशद्रोह | धारा 124 | धारा 152 |
| गैर-कानूनी सभा | धारा 144 | धारा 189 |
| हत्या | धारा 302 | धारा 101 |
| हत्या का प्रयास | धारा 307 | धारा 109 |
| दुष्कर्म | धारा 376 | धारा 63 |
| मानहानि | धारा 399 | धारा 356 |
| ठगी | धारा 420 | धारा 316 |


सजा का प्रावधान था नए कानूनों के तहत 'राजद्रोह' को एक नया शब्द 'देशद्रोह' मिला है यानी ब्रिटिश काल के शब्द को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में अध्याय 7 में राज्य के विरुद्ध अपराधों कि श्रेणी में 'देशद्रोह' को रखा गया है। आईपीसी की धारा 144 घातक हथियार से लैस होकर गैरकानूनी सभा में शामिल होना के बारे में थी। इस धारा को भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 11 में सार्वजनिक शांति के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 187 गैरकानूनी सभा के बारे में है। पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 में आरोपी बनाया जाता था अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 से सजा मिलेगी। नए कानून के अनुसार, हत्या की धारा को अध्याय 6 में मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध कहा जाएगा। पहले हत्या करने के प्रयास में दोषी को आईपीसी की धारा 307 के तहत सजा मिलती थी। अब ऐसे दोषियों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत सजा सुनाई जाएगी। इस धारा को भी अध्याय 6 में रखा गया है। दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को पहले आईपीसी की धारा 376 में परिभाषित किया गया था। भारतीय न्याय संहिता में इसे अध्याय 5 में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की श्रेणी में जगह दी गई है। नए कानून में दुष्कर्म से जुड़े अपराध में सजा को धारा 63 में परिभाषित किया गया है। वहीं सामूहिक दुष्कर्म को आईपीसी की धारा 376 डी को नए कानून में धारा 70 में शामिल किया गया है।

पहले मानहानि के मामले में आईपीसी की धारा 399 इस्तेमाल की जाती थी अब अध्याय 19 में आपराधिक धमकी, अपमान, मानहानि में इसे ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

## कोरोना जेएन1 वैरिएंट के 4100 मामले

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 412 लोगों में कोरोना जेएन1वैरिएंट से संक्रमण की पुष्टि की गई है। इसके साथ देश में कोरोना के एक्टिव मामले की संख्या 4100 से ज्यादा हो गई है। गोवा में सबसे ज्यादा 34, महाराष्ट्र में 9, कर्नाटक में 8, केरल में 6, तमिलनाडु में 4, और तेलंगाना में 2 मामले रिपोर्ट किए गए हैं। कोरोना संक्रमण काल 2020 से 2022 के दौरान खसरा व सबस्टीच्यूट स्क्लेरोजिंग पेनेन्सेफ्लाइटिस (एसएसपीई) के टीके नहीं लगाए जाने के कारण अब इनके होने के खतरे भी बढ़ गया है। इस बारे में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के प्रोफेसर आरके गर्ग का कहना है कि कोरोना ने कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ाई हैं। इसके कारण खसरा व एसएसपीई का खतरा भी काफी बढ़ गया है। बच्चों में इसका खतरा अधिक होता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहना होगा। एसएसपीई, खसरा वायरस के कारण होने वाली गंभीर जटिलता है। हालांकि इसके मामले काफी दुर्लभ रहे हैं। खसरे के वायरस को टीकाकरण से रोका जा सकता है, व्यापक स्तर पर टीकाकरण ने एसएसपीई की समस्या को काफी नियंत्रित किया हुआ था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में टीकाकरण में आई बाधा के कारण भारत सहित कई देशों में खसरे के फिर से उभरने का जोखिम है, जिसने एसएसपीई के लिए भी चिंताओं को बढ़ा दिया है। एसएसपीई खसरा वायरस के कारण होने वाली दीर्घकालिक समस्या है। खसरे के संक्रमण के दौरान कभी-कभी वायरस मस्तिष्क में प्रवेश कर जाता है। इस स्थिति में खसरे का वायरस मस्तिष्क में संक्रमण (एन्सेफलाइटिस) का भी कारण बन सकता है। इतना ही नहीं वायरस बिना किसी समस्या के लंबे समय तक मस्तिष्क में रह भी सकता है। महिलाओं की तुलना में पुरुषों में इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है।



- कोरोना के दौरान टीकाकरण नहीं होने से बच्चों में खसरा व एसएसपीई का खतरा बढ़ा
- 2 वर्ष की आयु से पहले खसरे से संक्रमित हुए लोगों में एन्सेफलाइटिस होने की संभावना ज्यादा

## एक नजर

### आईटी उप समिति की बैठक संपन्न

**रांची:** झारखण्ड चैम्बर की आईटी उप समिति की चैम्बर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी। चैम्बर की सदस्यता अभियान को सोशल मीडिया के द्वारा बढ़ावा देने की बात पर चर्चा की गयी। राज्य में आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं आईटी पॉलिसी को मजबूत करने के लिए सरकार एवं संबंध पदाधिकारियों से संपर्क एवं पत्राचार करने की बात पर भी चर्चा की गयी` चैम्बर के सभी सदस्यों को चैम्बर के ऑफिसियल व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ने हेतु योजना बनाने की बात पर भी चर्चा की हुई।। चैम्बर की यूट्यूब चैनल पर चैम्बर के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं उप समिति चेयरमैन की विशेष विवरणी को भी डालने की बात पर चर्चा की गयी जिसमें वे अपने पद, व्यापार एवं चैम्बर की उपलब्धि एवं गतिविधियों से सभी को अवगत कराएँगे। चैम्बर की वेबसाइट द्वारा विज्ञापन के लिए सदस्यों एवं व्यापारियों को निवेदन करने की बात पर भी चर्चा की गयी । आज की बैठक में चैम्बर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य साहित्य पवन, उप समिति चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा, अल्तमश आलम, राजीव प्रकाश चौधरी, देवनंदन उरांव अनमोल आकाश खलखो सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे ।

### आदिवासी छात्रा से दुष्कर्म की निंदा

**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच की मीडिया प्रभारी सोमा उरांव एवं क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि तोरपा में पढ़ने लिखने वाली आदिवासी छात्रा (ईसाई) के साथ चाकू के बल पर अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म की घटना (पर्व त्यौहार के मौके पर) राज्य को शर्मसार करने वाली है। आए दिन समाचार पत्रों पर बलात्कार की घटना दिखाई पड़ती है। मन बहुत कुंठित और द्रवित हो जाती है। सरकार से मांग है कि बलात्कारियों को एक महीने के अंदर हर हाल में फांसी की सजा घोषित करने का कानून बनाया जाय। दुष्कर्मी जेल से बाहर नहीं आना चाहिए। हर हाल में सरकार दुष्कर्मियों को फांसी दे यही हमारी मांग है। पढ़ने लिखने वाली छात्रा के साथ मेरी सहानुभूति है।

### संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का विस्तार जल्द

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड, छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने कहा कि एक माह के अंदर झारखंड प्रदेश कमेटी का विस्तार और 24 जिलों में जिला अध्यक्षों का मनोनयन कर लिया जायेगा। ताकि पार्टी के संगठन को मजबूत किया जा सके और आने वाले लोकसभा एंव विधानसभा के चुनाव में मजबूती के साथ पार्टी चुनाव लड़ सके। नायक ने कहा है कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सम्मान विचारधारा के पार्टियों से गठबंधन किया जाएगा और इंडिया गठबंधन के तर्ज पर छोटे-छोटे पार्टियों को एक जगह गठबंधन बनाया जाएगा।

### स्कील डेवलपमेंट उप समिति की बैठक संपन्न

**रांची:** झारखण्ड चैम्बर की स्किल डेवलपमेंट उप समिति की बैठक चैम्बर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि झारखण्ड के 24जिलों में स्किल डेवलपमेंट के कार्य की मोनिटरिंग की जाये, जिसके लिए अन्य जिलों में टीम का गठन किया जाये जिससे की कार्य सुचारू रूप से चले और सभी जिलों में व्यापारी बंधुओं को इसका लाभ प्राप्त हो सके। सरकारी परियोजनाओं से भी लोगों को अवगत कराने की बात पर चर्चा की गयी। यह कहा गया कि स्कील डेवलपमेंट में जिला स्तर पर जो भी भी अड़चने आ रही है उसको भी दुरुस्त किया जाना चाहिए। जिससे इसका लाभ सभी प्राप्त कर सकें एवं उन्हें दुसरे राज्य जाने की आवश्यकता न पड़े।

# तरंगा और सुरसा में आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीनमेल संवाददाता**

**चान्हो।** चान्हो प्रखण्ड के तरंगा पंचायत भवन में और मांडर प्रखंड के सुरसा में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पतियों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूपसे अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारंटी, स्वास्थ्य जाँच, किसान क्रेडिट कार्ड, कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वे वित्त की योजनाऐं, राशन कार्ड सुधार एवं निर्माण, सर्वजन-पेंशन योजना है। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। इस कार्यक्रम के द्वारा आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है।



उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबूआ आवास योजना के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने की बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि जो भी व्यक्ति पात्र हैं, उनके घर तक योजना पहुंचे और उनका उनका हक मिले। मौके पर बी डी ओ अशोक कुमार, अंचलाधिकारी संजीव कुमार, मांडर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, तबरेज खान, मुखिया पूनम उरांव संदीप कुमार, ज्ञान खान, रोपना, पुनम देवी, मो. इस्तेयाक, आबिद अंसारी, अजबुल अंसारी, साकिर इस्लाही, हफैजुल रहमान, तजेमुल अंसारी, सिबरा उरांव, अशोक उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कंजिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**मांडर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत मगंलवार को कंजिया पंचायत के कंजिया में मनाया गया। जिसमें जिला से आए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहु ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि भारत को विश्व गुरु बनाना है। विकसित भारत रथ यात्रा के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी गरीबों तक पहुंचाना एवं उसका लाभ उनको दिलाना है। साथ ही भारत को 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में लाकर गरीब मुक्त भारत का निर्माण करना है। सभी ग्रामीण जागरूक होकर भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याण योजनाएं, चाहे वह आयुष्मान भारत कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान निधि सम्मान योजना, एवं कृषि के क्षेत्र में भारत सरकार की सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीण अवश्य ले क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का एक मात्र उद्देश्य विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। मौके पर किसान मोर्चा के रामबालक ठाकुर, विजय खलखो, खदी उराव, मुखिया आशा सरिता एक्का,पंचायत समिति संदीप उरांव, गुलाब खलखो जेएसएलपीएस के सदस्य समेत और भी लोग मौजूद थे।

## बेड़ो में घर के आंगन से बाइक की चोरी

**बेड़ो:** बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली गांव से सोमवार की रात्रि करीब 9:00 से 10:00 के बीच पास्कल उरांव पिता पीटर उरांव का हीरो स्पेलैंडर प्लस बाइक नंबर जेएच 01सीएन 2617 को अपने घर के अंदर आंगन से अज्ञात चोरों ने चोरी कर अपने साथ ले गया। इधर अपने बाइक की हुई चोरी के बाद भुक्तभोगी पास्कल उरांव ने अपने बाइक को ढूंढने को लेकर इधर-उधर रात 11:00 बजे तक काफी खोजबीन किया। लेकिन बाइक का कहीं कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद पास्कल ने मंगलवार की सुबह अपने घर से हुई चोरी को लेकर बेड़ो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इधर बेड़ो थाना पुलिस बाइक चोरी का मामला दर्ज कर करवाई में जुट गई है।

## बेड़ो में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, त्रिशूल टाइटन बना विजेता

**बेड़ो:** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में त्रिशुल एकेडमी के तत्वावधान में छोटे बच्चों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इधर प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार व पंसस राखी भगत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और राकेश भगत द्वारा बोलिंग और धनंजय कुमार राय ने बैटिंग कर मैच का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता मैच त्रिशूल फाइटर बनाम त्रिशुल टाइटन के बीच खेला गया। जिसमें त्रिशुल टाइटन ने फाइटर को 17 रनों से पराजित किया। मैच में मैन ऑफ द मैच अंशु पाठक रहे। मौके पर राकेश भगत ने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में भी कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। झारखंड के खिलाड़ियों ने देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है आज लोग काफी जागरूक हो गए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों ड्यूज बॉल से क्रिकेट खेल का आयोजन हो रहा है। बस जरूरत है तो इन खेलों के प्रोत्साहन की ताकि हमारे बच्चे इस तरफ आकर्षित हो।

## राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड को मिला कांस्य पदक



**रांची:** 26 से 29 दिसंबर-2023 दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड के पहलवानो का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा -जिसमें, राहुल कुमार बालक वर्ग के 45 भार वर्ग में कांस्य पदक झारखंड की झोली में एवं इस कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने कांस्य पदक के साथ अपना खाता खोला। झारखंड के पहलवानो के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर,शिक्षा सचिव झारखण्ड एवं हम सभी के अभिभावक, श्री के रवि कुमार, (क्अर) ,श्री भोला नाथ सिंह, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष- श्री जिशन कमर सर महासचिव-रजनीश कुमार कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी खएढउ श्री धीरसेन ए सोरेंग,विजय शंकर सिंह,सीनियर प्लेयर सह राष्ट्रीय प्रशिक्षक राजीव रंजन, खएढउ खेल शिक्षक नवीन कुमार, शंभू नाथ, संगीता कुमारी, सीनियर खिलाड़ी-मधु तिर्की ने एवं खेल विभाग झारखंड के पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दी।

## आदिवासी संगठन ने आरएसएस प्रचारकों का किया पुतला दहन

**रांची।** आरएसएस के प्रचारकों के द्वारा मोरहाबादी में डीलिस्टिंग रैली के दौरान आदिवासियों को हिन्दू कहने पर आदिवासी समुदाय में नाराजगी है। मंगलवार को कांके रोड सरना समिति के बैनर तले मिसिर गोन्दा जतरा स्थल से कांके रोड सीएमपीडीआई तक विरोध मार्च किया गया। नेताओं ने कहा कि रैली के दौरान राष्ट्रीय संयोजक सह पूर्व मंत्री गणेशराम भगत, राष्ट्रीय सह संयोजक सह आरएसएस प्रचारक राजकिशोर हांसदा एंव भाजपा के पांडुरना विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रकाश सिंह उइके ने आदिवासी को हिन्दू कहा। जिसके विरोध में तीनों नेताओं का पुतला दहन किया गया। समिति के संयोजक डब्लू मुंडा ने कहा आदिवासी देश का मूलवासी है। इसकी अपनी विशिष्ट संस्कृति, रूढ़ी प्रथा, बोली भाषा, रीति नीति, परंपरा, नेग नियम संस्कार है। जो आदिम काल से पीढ़ी दर पीढ़ी आदिवासी समुदाय में जीवित है। आदिवासी प्रकृति और पुरखों को पूजते है। आदिवासियों में मूर्ति पूजा को कोई स्थान नहीं। किसी भी धर्म ग्रंथ से आदिवासी संचालित नही होता। ऐसे में आदिवासी को हिंदू कहना आदिवासियों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का काम भाजपा आरएसएस के द्वारा किया गया है।

## रातू रोड में आज ट्रैफिक ट्रायल जाम से बचने के लिए रहें सर्तक

**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे ट्रैफिक काफी प्रभावित हो रही है। बुधवार को ट्रैफिक विभाग सुबह 8 बजे से ट्रैफिक का ट्रायल करेगी। जिसको लेकर इस क्षेत्र के रूट में परिवर्तन किया गया है। किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की ओर जाने वाले सभी तरह के वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा। पिस्का मोड़ से आने वाले सभी ऑटो/ ई-रिक्शा को दुर्गा मंदिर चौक से हॉटलिप्स चौक, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क एवं अन्य स्थानों की ओर परिचालन करेंगे। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत होगी जो न्यू मार्केट चौक से बांये राजभवन मोड़ होते हुए हॉटलिप्स चौक की ओर परिचालन करेंगे। कांके रोड से रातू रोड आने वाले ऑटो/ ई-रिक्शा राम मंदिर से सिदो-कान्हु पार्क, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए अन्य स्थानों की ओर परिचालन करेंगे। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत होगा। रेडियम चौक की ओर से आने वाले वाहनों का परिचालन जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक होते हुए रातू रोड एवं हरमू रोड की ओर होगा।

## गुरु नानक स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस

**रांची।** गुरु नानक स्कूल पीपी कंपाउंड में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर धर्म और देश की रक्षा के लिए अपनी शहादत देने वाले गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर बच्चों को वीरतापूर्ण इतिहास से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्टोरी नरेशन से हुई। जिसमें बच्चों ने शहीदों के इतिहास से लोगों को अवगत कराया। इसके उपरांत बच्चों ने चार साहिबजादे निकिया निकिया जिंदा नू कविता पढ़ी और चलचित्र के साथ साहिबजादों की वीरता को दर्शाया। खुद की रक्षा करने के लिए बच्चों ने गतका मार्शल आर्ट की प्रस्तुति दी।


**DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI**
**Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008**

**Request for Empanelment (RFE)**

**RFE Reference no.-Agri/13/2023-24 Dated: 22.12.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Registration of Micro Irrigation System Manufacturing Companies for the Installation of Micro Irrigation System under Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana-PDMC in South Chotanagpur Division (Lohardaga, Gumla, Simdega, Ranchi, Khunti) for period of 5 years |
| 2 | Time of Completion | Five Year |
| 3 | RFE Documents Cost | Rs. 10000 (Rupees Ten thousand only) |
| 4 | EMD Amount | Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lakh only) |
| 5 | Date of Publication of RFE on website | 26/12/2023 (06:00 PM) |
| 6 | RFE Downloading Start Date | 26/12/2023 (06:00 PM) |
| 7 | Date and Time of Pre-Bid meeting | 03/01/2024 (03:00 PM) |
| 8 | Online RFE Submission Period | 05/01/2024 (03:00 PM) to 16/01/2024 (05:00PM) |
| 9 | Last date for submission of hard copy/e-mail of RFE documents, RFE cost and EMD | 18/01/2024 (12:00 PM) |
| 10 | RFE Opening Date and place | 18/01/2024 (12:00 PM) Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan 1st Floor Kanke Road, Ranchi - 834008. |
| 11 | Name & Address of the RFE Inviting Authority | Director Agriculture, Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan 1st Floor Kanke Road, Ranchi - 834008. |
| 12 | Contact no. of procurement officer | 9973779188, 9955583222, 8002485235 |
| 13 | Helpline no. of procurement cell | 0651-2233549 |

Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director Agriculture,
Jharkhand, Ranchi.

PR 314372 (Agriculture) 23-24 (D)


## ओरमांझी में बस ने पीछे से हाइवा को मारी टक्कर, एक यात्री की मौत

### घायल चार यात्री रिम्स में भर्ती, जमशेदपुर से बिहार के गया जा रही थी बस

**रांची।** ओरमांझी के उकरीद के समीप सड़क हादसे में बिहार के एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज रिम्स में चल रहा है। यात्री बस जमशेदपुर से बिहार के आरा जा रही थी। रांची-रामगढ़ हाईवे में कर्क रेखा उकरीद बीपी पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की रात करीब साढ़े 12 बजे टाटा से बिहार के आरा जा रही सिंह बस जेएच-22 वी 4581 ओवर टेक करने के क्रम में आगे चल रहे हाइवा जेएच 10एआर 6945 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे हाइवा पलट गया। घटना के बाद बस का चालक मौके से भाग निकला। दुर्घटना के बाद करीब आधे घंटे तक बस के यात्रियों में कोहराम मच गया। यात्रियों की चीख-पुकार के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने ओरमांझी पुलिस को सूचना दी और घायलों को बस के अंदर से निकाला। सिंह बस पर सवार गंभीर रूप से घायल पांच यात्रियों को पुलिस ने रिम्स पहुंचाया। रिम्स में डॉक्टरों में बिहार के आरा के कटरिया निवासी विश्वनाथ सिंह (51 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। मृतक विश्वनाथ सिंह की पुत्री अजली कुमारी (22 वर्ष) के हाथ व पैर में गंभीर चोट है। पुलिस ने सिंह बस और हाइवा को जब्त कर लिया है। मृतक का नाम विश्वनाथ सिंह है, वे जमशेदपुर में काम करते थे और पुत्री के साथ घर गया लौट रहे थे।

# जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

### व्यय मॉनिटरिंग, पेड न्यूज, आचार संहिता उल्लंघन विषयों पर दिया गया प्रशिक्षण

**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देशानुसार पर विभागीय सभागार में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के लिए लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट, एमसीएमसी एवं पेड न्यूज आदि विषयों से जुड़े एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न जिलों से आये पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए प्रत्याशियों के व्यय की मॉनिटरिंग में किन किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना है। इसके लिए विस्तृत जानकारी दी गयी। सी-विजिल ऐप्प के माध्यम से किस प्रकार त्वरित कार्यवाई करते हुए चुनावी आचारसंहिता उल्लंघन के मामलों का निष्पादन करना है, इसकी जानकारी दी गयी। इसके साथ सोशल मीडिया में संभावित भ्रामक खबरों के प्रकाशन पर नियंत्रण अथवा किसी स्वरूप की पेड न्यूज संबंधित परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई जैसे मामलों पर बारीकियों के साथ प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा जिले से आये पदाधिकारियों को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए किस प्रकार सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना है एवं स्वीप के तहत कैसे लोगों से जुड़कर उन्हें जागरूक बनाना है इसकी भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह और सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील मौजूद थे।

# 20 वां श्री शालिग्राम पूजन श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन



**रांची:** मंदिर में 20 वां श्री शालिग्राम पूजन श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। मंदिर के आचार्य ने विधिवत रूप से शालिग्राम जी महाराज के पूजन वंदन करके सतनारायण कथा भक्तों के बीच सुनाया। पूजन अनुष्ठान के बाद उपस्थित भक्तों के बीच में प्रसाद वितरण किया गया।

### 82वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

सब सुख लाही तुम्हारी शरणा तुम रक्षक काहू को डरना के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 82 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 82 वा कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। सुनील मोदी आशा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की ।मंडल के मंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा फल प्रसाद पल्लव अग्रवाल ने केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार निवेदित की। सुनील मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया । श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई । सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ संतरा फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया गौरव अग्रवाल मोनू स्नेह पोद्दार श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य टेनिस वॉलीबाल टीम केरल रवाना

**रांची:** 25 वी मिनी अंडर 14 आयु वर्ग बालक/बालिका एवं 25 वी यूथ अंडर 21 आयु वर्ग बालक/ बालिका राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 28 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 तक कोझिकोड, केरल में केरल टेनिस वॉलीबाल संघ के द्वारा टेनिस वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में आयोजित हो रही है जिसमे झारखंड टेनिस वॉलीबाल टीम मिनी अंडर 14 आयु वर्ग में बालक,और मिनी मिक्सड डबल्स में एवं यूथ अंडर 21 आयु वर्ग में बालक /बालिका और मिक्सड डबल्स में भाग ले रही है जिसके लिए आज झारखंड राज्य टेनिस वॉलीबाल कोझिकोड केरल के लिए कोच दीपक कुमार की अगुवाई में टाटानगर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान की। आदित्य कुमार सिंह, प्रिन्स, शिवम मिश्रा सभी सरायकेला खरसावां से कोच दीपक कुमार शामिल हैं। यूथ अंडर 21 आयु वर्ग बालक क्रिश कुमार विश्वकर्मा (कप्तान), कृतिवस सहदेव, दिव्यांशु राज, श्वेत केतु, , स्नेह सृजन, वेदांत कुमार तिवारी, लक्की आनंद, ऋतिक कुमार सभी रांची से, कोच शशांक शेखर शामिल हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RDSD/RAMGARH/16/2023-24*

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– MMGSY मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम / पंचायत | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू० लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/MMGSY /01/2023-24 | चितरपुर | चितरपुर | रामगढ़ जिला के प्रखण्ड चितरपुर अन्तर्गत रेलवे फाटक चितरपुर से सिकनी सी०डब्ल्यु०डी० पथ से मिलाने वाले पथ में कोची नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 297.12300 | 595000 | 10000 | 18 माह |
| 2 | RDSD/RAMGARH/MMGSY /02/2023-24 | दुलमी | होन्हे | रामगढ जिला के प्रखण्ड दुलमी में होन्हे पंचायत के वीरहोन्हे से जान्हे पथ में कोची नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 362.0800 | 725000 | 10000 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 29.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 29.12.2023 से 06.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 08.01.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपाकल अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 314306 Rural Work Department(23-24)#D

# कांके मुख्य मार्ग पर बाजार, दर्शक बने पुलिसकर्मी





## सिटीजन रिपोर्टर की रिपोर्ट

झारखंड की पगडंडियों के किनारे दुकानें सजाने की परंपरा सदियों से चल रही है । राजधानी बनने के बाद भी महात्मा गांधी रोड,चर्च रोड के चुटिया वाले छोर पर और अपर बाजार सहित पूरे राज्य में सड़क किनारे बाजार से स्थानीय से लेकर अंतरराज्यीय यात्रियों को परेशानी होती है । इस समस्या पर हमारे एक जागरूक पाठक जवाहरमणि पाठक ने फोटो सहित रिपोर्ट भेजी है । आप भी हमें अपने अनुभव मेल आईड़ी article.rnmail@gmail.comपर भेज सकते हैं आप चाहें तो हम आपकी पहचान गुप्त रखेंगे - कार्यकारी संपादक

झारखंड में सड़क जाम का सबसे बड़ा कारण सड़कों पर दुकान लगाना है जिसमें फुटपाथ पर लगनी वाली कपड़े ,जूते चप्पल की दुकानों से लेकर साप्ताहिक बाजार हैं जो स्थानीय लोगो के विरोध और वोट बैंक राजनीति के कारण रुकने के बजाय बढ़ती जा रही है । फोटो में स्पष्ट है कि कहीं सड़क चालीस फीट है तो कहीं 100 फीट पर सरकार की ओर से कोई नीति नहीं बनी होने के कारण इसे परंपरा का रूप दे दिया गया है । दुकानदारों और ग्राहकों का यह कहना है कि उन्हें मजबूरी में एस करना पड़ता है । सामी आ गया है की ओड़ीशा की तरह सड़क पर दुकान नहीं कि नीति बनाई जाए ।





## एक नजर

### ऑटो चालक महासंघ की आमसभा 7 जनवरी को

**रांची।** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के संस्थापक दिनेश सोनी ने बताया है कि 15 दिसंबर को प्रदेश कमेटी को भंग कर दिया गया है। दिनेश सोनी ने कहा कि अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए सभी ऑटो चालकों, मालिकों से अपील किया गया था। इसके लिए 25 दिसंबर तक आवेदन जमा करना था। परंतु निर्धारित समय तक प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए किसी ने भी दावेदारी नहीं किया। उन्होंने कहा कि महासंघ का वार्षिक आमसभा 7 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से संध्या 3:00 बजे तक रांची रेलवे स्टेशन के समीप ऑटो पार्किंग स्थल पर होगी। आमसभा में नये सत्र के लिए अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। आमसभा में ऑटो चालकों और मालिकों की समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की जायेगी।

### मूलवासी सदान मोर्चा ने घरों में लगाये सदानी झंडे

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सदानों की अधिकार, आस्था और पहचान को लेकर सदानी झंडा लगाओ अभियान चलाया गया। अभियान कांके के होचर में आयोजित किया गया। सदानी झंडा को अपने घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों का अधिकार को छीनने का काम किया। मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सदानों के हित में जो दल को समर्थन देगा। उसी दल को वोट करें, तब ही सदानों को अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने का काम करते है। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछड़ों का 55% आबादी होने के बाद भी 14% आरक्षण मिलता है। सदानी झंडा हमारे पहचान और आस्था का प्रतीक है इस झंडे को हर घर और प्रतिष्ठानों में लगाकर अपनी पहचान बताये।

### संताली भाषा कोचिंग से यूपीएससी व समकक्ष परीक्षाओं की तैयारी आज से

# जनजातीय कल्याण शोध संस्थान कराएगा प्रतियोगिता परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी

**परीक्षा की तैयारी के लिए गैर आवासीय निःशुल्क संताली भाषा कोचिंग का शुभारंभ किया जा रहा है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान मोरहाबादी द्वारा अनुसूचित जनजाति समुदाय के युवक युवतियों के लिए संघ लोक सेवा आयोग एवं समकक्ष प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए गैर आवासीय निःशुल्क संताली भाषा कोचिंग का शुभारंभ किया जा रहा है। आज बुधवार से शुरू होने वाली विशेष कोचिंग कार्यक्रम के माध्यम से संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित तैयारियां करायी जायेगी। यह कोचिंग लगभग 4 महीने का है। इसमें अब तक तीस 30 छात्र व छात्राओं ने नामांकन कराये है। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति संवर्ग के छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलवाना है।



### परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है पाठ्यक्रम

इस प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम विशेष रूप से संघ लोक सेवा आयोग एवं समकक्ष परीक्षा के अनुरूप तैयार किया गया है। जिसमें गद्य, कविता उपन्यास, कहानियां, नाटक एवं जीवनी की पुस्तकें हैं। जैसे होरह सेरेंग डब्ल्यूजी आर्चर, हो सेरंग, रघुनाथ मुर्मू, सोरोस सेरेंग-बाबूलाल मुर्मू, उपन्यास-हरमावक एटो, आरन कार्स्टियर्स (अनुवादक-आरके किस्कू), मनुमति-चंद्र मोहन हांसदा, एटो होरक-डोमन हैंसडैक, ओजॉय गाड़ा ढीक-नथेनियाल मुर्मू, जियोन गाड़ा-रूप चंद्र हांसदा, और जादूमनी बेसरा, मायाजाल-डोमन साहू समीर और पद्मश्री भागवत मुर्मू ठाकुर शामिल है।



संस्थान के निदेशक रणेंद्र कुमार ने बताया कि संस्थान द्वारा दो और कोचिंग कार्यक्रम जनवरी के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ होगा। उसमें अनुसूचित जनजाति के युवक-युवतियों के लिए राज्य लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क गैर आवासीय कार्यक्रम एवं अति कमजोर जनजातीय समुदाय के युवाओं को राज्य की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग शामिल है । उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान की वेबसाईट से या दूरभाष से जानकारी ले सकते हैं।

**ज्यादा अंक प्राप्ति की संभावना**

छात्रों को संताली भाषा में यूपीएससी की परीक्षाओं में सफलता दिलवाना उद्देश्य है। चूंकि संताली भाषा के पाठ्यक्रम की विशिष्टताओं के कारण अन्य भाषा के पाठ्यक्रमों की प्रतियोगियों के लिए ज्यादा अंक प्राप्ति की संभावना है। 8वीं अनुसूची में सम्मिलित संताली की खासियत यह है कि मुंडारी भाषा परिवार की भाषाएं बोलने वाले मुंडारी, हो, खड़िया, आसुरी, बिरहोरी, बिरजिया तथा स्वासी समुदायों के प्रतिभागियों को उनकी मातृभाषा संताली से मिलती-जुलती होने के कारण तैयारी करने में कठिनाई नहीं होगी।

# उपायुक्त ने मोरहाबादी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

### कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाभुकों के बैठने, व खानपान के लिए दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार के चार साल 29 दिसंबर को पूरा हो रहा है। इस दिन राज्य सरकार की चल रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का समापन भी होगा। इस मौके पर 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम की चल रही तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा मोरहाबादी मैदान पहुंचे। उन्होंने तैयारियों का निरीक्षण कर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिए। तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि 29 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में राज्य भर के लाभुक मोरहाबादी मैदान पहुंचेंगे। इसीलिए मैदान के पीछे फुटबाल मैदान भी लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है।



### राष्ट्र चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित चौबीस कुण्डीय राष्ट्र चेतना गायत्री महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा मंगलवार को भी जारी रहा।
मौके पर आयोजित पूजा-पाठ में काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, पूणार्हुति एवं टोली विदाई का भी आयोजन किया गया। कांके ब्लाक चौक के डॉ उपेन्द्र गली में स्थित यज्ञ स्थल से वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ।

## अहिबरन जयंती का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरनवाल सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में महाराजा अहिबरन जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर अहिबरन भवन हरमू, में अहिबरन जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची के गणमान्य लोग समारोह में उपस्थित हुए। समारोह का संपूर्ण आयोजन बरनवाल सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. टीपी. बरनवाल के मार्ग निर्देशन में संपन्न हुआ। ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं मुख्य अतिथि संजय सेठ सांसद एवं विशिष्ट अतिथि नवीन जायसवाल विधायक द्वारा महाराजा अहिबरन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. टी.पी. बरनवाल के अध्यक्षीय भाषण द्वारा समाज के लोगों से आग्रह किया गया कि जो व्यक्ति समाज में दबे-कुचले एवं अत्यंत पिछड़े हुए हैं।

### तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से परेशान जवानों ने किया प्रदर्शन व नारेबाजी

# रिम्स की सुरक्षा में तैनात होमगाड्र्स ने सरकार से मांगा बकाया वेतन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की सबसे बड़े अस्पताल रिम्स की सुरक्षा संभालने वाले होमगार्ड के जवान परेशान और आक्रोश में है। करीब 400 होमगार्ड के जवानों इसलिए नाराज है कि इनको पिछले 3 महीने से वेतन नहीं मिला है। वेतन के लिए अब सुरक्षाकर्मियों को प्रदर्शन और नारेबाजी करना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वाले महिला और पुरूष जवानों ने सरकार से आग्रह किया है कि उन्हें जल्द से जल्द वेतन आवंटित किया जाए। ताकि वह अपने परिवार का खर्च वहन कर सके। इस बाबत होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि पिछले 3 महीने से वेतन नहीं दिया गया है। जबकि होमगार्ड के जवान रिम्स के विभिन्न वार्ड, डॉक्टर्स हाउसिंग कॉलोनी, हॉस्टल और रिम्स परिसर के विभिन्न जगहों पर सुरक्षा में तैनात रहते हैं। इसके अलावा वे अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी मदद पहुंचाते हैं। राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि वेतन नहीं मिलने के कारण सभी जवान उधार लेकर परिवार का पालन कर रहे हैं। क्रिसमस के मौके पर राज्य सरकार दूसरे कर्मचारियों को एडवांस में पेमेंट कर रही है, तो फिर होमगार्ड के जवानों को क्यों नजरंदाज किया जा रहा है। होमगार्ड के जवान तीन शिफ्टों में काम कर रहे हैं। 24 घंटे पूरे अस्पताल के सुरक्षा में जुटे रहते हैं।



### लिटिल एंजेल प्ले स्कूल के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**रांची।** लिटिल एंजेल प्ले स्कूल बरियातू का 13वां वार्षिक उत्सव सीएमपीडीआई मयूरी प्रेक्षागृह में मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। स्कूल की संचालिका श्वेता सिंह बताया कि यह स्कूल 2011 से लगातार कार्यरत है और अपने अच्छे शिक्षा पद्धति को हर साल अपडेट करते हुए आगे बढ़ती जा रही है। मंच का संचालन डांस वांस के निदेशक शिवम मनोहरण ने किया। नन्हें कलाकारों ने अलग-अलग थीम में मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। एक परफॉर्मेंस पेरेंट्स थीम में बच्चों ने सारे दर्शकों का भावुक कर दिया।

# रांची के बीएसएनएल नेटवर्क में सुधार की है जरूरत : संजय सेठ

### दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक में सदस्यों ने उठाया खराब नेटवर्क का मामला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत संचार निगम लिमिटेड की ओर से दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बीएसएनएल कार्यालय में हुई बैठक में मोबाइल सेवा में सुधार पर जोर दिया गया। बैठक की शुरूआत सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और बीएसएनएल के महाप्रबंधक उमेश कुमार साह ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए संजय सेठ ने कहा कि एक समय बीएसएनएल की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें नई ऊर्जा का संचार करने का काम किया है। रांची में बीएसएनल नेटवर्क को सुधारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कम संसाधनों में भी बढ़िया काम किया जा सकता है। अधिकारी चाहेंगे तो बीएसएनल नेटवर्क को भी सुधारा जा सकता है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनल का नेटवर्क में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जबकि दूसरी कंपनियों का नेटवर्क काफी मजबूत है। हमें इसको सुधारना होगा। सलाहकार समिति के सदस्य बजरंग वर्मा ने जिला के बीएसएनएल उपभोक्ताओं की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एयरटेल और जिओ जैसी कंपनियां राजधानी में 4 जी और 5जी सेवा दे रही है।



### वीर बाल दिवस व शहीदी सप्ताह पर तीन दिवसीय कीर्तन समागम की शुरूआत

# नानक ऐसी मरनी जो मरै ता सद जीवणु होई...

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वीर बाल दिवस के मौके गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में शहीदी सप्ताह पर कीर्तन समागम की शुरूआत हुई। तीन दिवसीय कीर्तन समागम कार्यक्रम के तहत रात 8:00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरूआत हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी एवं साथियों द्वारा गुरु तेग बहादुर सिमरियै घर नव निधि आवे धाई सब थाई होए सहाई...। शबद गायन से हुई। विशेष रूप से समागम में पधारे सिख पंथ के कीर्तनी जत्था भाई गुरबक्श सिंह जी शांत ने गुर परसादी जीवतु मरै हुक्मै बुझे सोई, नानक ऐसी मरनी जो मरै ता सद जीवणु होई..। हऊ तुमरी करउ नित आस प्रभ मोहि कब गल लावहगे.. और धन धन धन जब आया जिस प्रसाद सब जगत तराया जन आवण काए हो सुहावो... जैसे कई शबद गायन कर साथ संगत को भाव विभोर कर दिया। शबद गायन के साथ-साथ शहादत के बारे उन्होंने साध संगत को निक्कियां जिंदां, वड्डा साका का उल्लेख करते हुए 1704 में चमकौर की घड़ी में गुरु गोविंद सिंह के दो बड़े सुपुत्र 17 वर्ष की आयु के साहिबजादा अजीत सिंह जी और 15 वर्ष की आयु के साहिबजादा जुझार सिंह जी शहीद हुए। संगतों को गुरू गोविंद सिंह के पुत्र 7 वर्ष के पुत्र जोरावर सिंह और 5 वर्ष के साहिबजादे फतेह सिंह के साथ माता गुजरी की शहादत के बारे में विस्तार से बताया गया। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुम नामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति रात 11:00 बजे हुई। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। मौके पर सत्संग सभा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर भी चलाया गया। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि शहीदी सप्ताह आयोजन के तहत आज यह पहला दीवान था। आज 27 दिसंबर और 28 दिसंबर को भी रात 8:00 बजे से 10:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। दीवान में सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढ़ा, सुंदर दास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, अशोक गेरा, चरणजीत मुंजाल, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, सुरेश मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, अमरजीत गिरधर, लक्ष्मण दास मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, हरीश मिढ़ा, लेखराज अरोड़ा, राजकुमार सुखीजा, इंदर मिढा, रमेश पपनेजा एवं प्रेम मिढ़ा, ममता थरेजा, कंचन सुखीजा, सुषमा गिरधर, उषा झंडई समेत अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।



**बड़े स्क्रीन पर दिखाई गयी चार साहिबजादे फिल्म**

वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में श्रद्धालुओं के लिए रात 8:00 बजे से चार साहिबजादों की शहादत पर बनी फिल्म चार साहिबजादे बड़े स्क्रीन पर दिखाई गई। इस फिल्म को देखने के लिए भारी संख्या में लोग जुटे। फिल्म के माध्यम से लोगों को चार साहिबजादे की शहादत के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त हुई। विशेष कर युवाओं को यह फिल्म बहुत पसंद आयी।

### कल्याण आश्रम का 71वां स्थापना दिवस मनाया गया

**रांची।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस वनवासी कल्याण केंद्र के मुख्यालय में मनाया गया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री विनोद उपाध्याय ने कहा कि ये वनवासी कल्याण आश्रम का 71वॉ स्थापना दिवस है। आज ही के दिन 1952 में जशपुर में बालासाहब देशपांडे के द्वारा वनवासी कल्याण आश्रम की स्थापना की गई थी। केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. सुखी उरांव ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थिति में कल्याण आश्रम की स्थापना हुई। बालासाहब जी की प्रेरणा से आज सम्पूर्ण देश में वनवासी कल्याण आश्रम जनजातीय हित में उनकी धर्म, संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज का संरक्षण के लिए काम कर रही है। मार्गदर्शक डॉ एचपी नारायण ने कहा कि देश विरोधी संगठनों के विरोध के बावजूद बालासाहब ने जनजातीय समाज के बीच जागरण और सेवा के कार्य किया। राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री रमेश बाबू ने संस्थापक बालासाहब द्वारा किये गये जागरण और सेवा कार्यों के बारे में जिक्र किया।

# सरला बिरला स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों को श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चार साहिबजादों की महान वीरता और सर्वोच्च बलिदान की कहानी सुनाई। उन्होंने शबद, मित्तर प्यारे नू और शहीदी गीत भी गाया, जो साहिबजादों, जोरावर सिंह जी और फतेह सिंह जी के बलिदान को दशार्ता है। शहीद आत्माओं को श्रद्धांजलि देने के लिए उन्होंने गतका भी किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर डॉ. प्रदीप वर्मा (कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख), श्रीमती परमजीत कौर (प्राचार्या), श्री गुरविंदर सिंह सेठी, श्री सुरेंद्र महतो, श्री नवजोत सिंह अलंग एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। श्री गुरविंदर सिंह सेठी ने गुरु गोबिंद सिंह जी, उनके पिता और उनके चार पुत्रों के बलिदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। इसके अलावा, इस आयोजन के उपलक्ष्य में स्कूल परिसर में निबंध लेखन प्रतियोगिता (हिंदी एवं अंग्रेजी), भाषण प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## एक नजर

### रिम्स डॉक्टर से बाइक सवार अपराधी मोबाइल छीनकर हुए फरार

**रांची।** रांची के रिम्स अस्पताल में बायोकेमेस्ट्री डिपार्टमेंट में कार्यरत डॉ अभिजीत साहा से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल की छिनतई कर ली। इस संबंध में डॉ अभिजीत ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। डॉ अभिजीत ने पुलिस को बताया कि वह 23 दिसंबर की रात पौने दस बजे दिव्यान कुसुम विहार के पास इवनिंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। हालांकि घटना के बाद शोर मचाते हुए वह अपराधियों के पीछे भागे, मगर अपराधी तेजी से फरार हो गए। डॉ अभिजीत ने बताया कि उनके मोबाइल में कई महत्वपूर्ण डॉक्युमेंट भी थे। घटना के बाद वह सीधे बरियातू थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### निगम के दो शिविर में 77 आवेदनों का हुआ निपटारा

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची नगर निगम की ओर से डोरंडा और नगर निगम में शिविर लगाया गया। इनमें कुल 77 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा शिविर में जरूरतमंदों के बीच कुल 103 कंबल का वितरण किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

### हरमू निगम पार्क में छात्र को पीटकर किया घायल

**रांची।** रांची के हिंदपीढ़ी मोजाहिद नगर के रहने वाले तासीन अहमद को हरमू निगम पार्क में मारपीट कर घायल कर दिया। बदमाशों ने तासीन को जाति सूचक गाली दी और जान से मारने की धमकी भी दी है। इस संबंध में तासीन के पिता नकीब अहमद ने अरगोड़ा थाने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। नकीब अहमद ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र जवाहर विद्या मंदिर का छात्र है। उनका पुत्र तासीन 21 दिसंबर को हरमू बाइपास रोड स्थित निगम पार्क गया था। इस दौरान कुछ युवक व युवती वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उनके पुत्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया। जातिसूचक गाली देते हुए आरोपियों ने उनके पुत्र को दोबारा निगम पार्क नहीं आने की दमकी दी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### अलमीरा की चाबी बनाने का झांसा देकर 15 लाख के जेवरात ले उड़े चोर

**रांची।** राजधानी रांची में अब नया चोर गिरोह चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। इस गिरोह के सदस्य घरेलू चीजें बनाने का झांसा देकर जेवरात समेत अन्य चीजें चोरी कर ले रहे हैं। रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में इसी तरह घटना घटी है। कॉलोनी में रहने वाले कुमुद मंडल को अलमीरा की चाभी बनाने का झांसा देकर उनके सामने 15 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। घटना शनिवार की है। इस संबंध में कुमुद मंडल ने रविवार को अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। कुमुद ने पुलिस को बताया कि शनिवार की दोपहर उनके घर के सामने से चाभी बनाने वाले दो लोग गुजर रहे थे। उनके घर की अलमीरा का ताला खराब हो गया था। उन्होंने दोनों को चाभी बनाने के लिए घर में बुलाया।

# सीएम आवास का घेराव करने जा रहे सहायक अध्यापकों को पुलिस ने रोका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टेट पास सहायक अध्यापक वेतनमान की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष लगातार धरना दे रहे हैं। सहायक अध्यापक धरने के 127वें दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए राजभवन के समक्ष एकजुट हुए लेकिन पुलिस ने उन्हें धरना स्थल पर ही बैरिकेडिंग कर रोक दिया। मौके पर प्रदेश संरक्षक प्रमोद कुमार ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपनी मांगों को लेकर हम लोग मुख्यमंत्री आवास घेराव करने जा रहे थे लेकिन हमें राजभवन के समक्ष रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांगों में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत, एईपी और एनसीटीई के सभी वांछित अर्हता को पूरा करने वाले टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे बहाल किया जाए। इस मौके पर मिथिलेश उपाध्याय, मोहन मंडल, संजय मेहता, झरी लाल महतो, दशरथ ठाकुर, मनोज शर्मा, रजनीकांत पांडे और विपुल दुबे सहित अन्य मौजूद थे।



### पंचायत स्वयंसेवक संघ का 29 को नंग-धड़ंग प्रदर्शन

राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ 29 दिसंबर को नंग-धड़ंग प्रदर्शन करेगा। संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि स्वयंसेवक संघ 29 दिसंबर को नंग-धड़ंग प्रदर्शन करेंगे। साथ ही उन्होंने सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि संघ ने विधानसभा घेराव के दौरान 21 दिसंबर को हुई लाठीचार्ज की निंदा करते हुए एफआईआर वापस लेने की भी मांग की है।

### झारखंड पशुपालन विभाग में नियम ठेंगे पर

# वर्षों से गृह जिला में जमे हैं कई पशु चिकित्सक व पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

90 के दशक में बिहार में हुए चारा घोटाला की वजह से पशुपालन विभाग पर जो दाग लगा, वह अबतक नहीं धुल पाया है। इस विभाग को आम लोग आज भी शक की नजर से देखते हैं। बेशक, लालू यादव सरीके कई नेताओं, पशु चिकित्सकों और सप्लायरों को सजा हो चुकी है, फिर भी यह विभाग अपनी ही चाल में चल रहा है। मनमानी का आलम ऐसा कि बड़ी संख्या में जिला पशुपालन पदाधिकारी और पशु चिकित्सक लंबे समय से अपने गृह जिला में कुंडली मारे बैठे हुए हैं। जब भी इनके ट्रांसफर की बात होती है तो उसी जिले में कभी इस दफ्तर से कभी दफ्तर में शिफ्ट हो जाते हैं। इस मेहरबानी का असर दूसरे पदाधिकारियों के मनोबल पर पड़ रहा है।

अब सवाल है कि क्या न साल में विभाग में कुछ नया दिखेगा और ऐसे लोगों पर कार्रवाई होगी। क्योंकि चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राज्यों के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर स्पष्ट कर दिया है कि वैसे पदाधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में नहीं लगाना है जो अपने गृह जिला में पदस्थापित हैं या एक ही जिला में तीन साल से ज्यादा समय से पद पर बने हुए हैं।




इनमें एक नाम है डॉ नरेंद्र कुमार झा का भी है जो 1991 यानी 32 वर्षों से ज्यादा समय से रांची में ही पोस्टेड हैं। संभव है कि अपने गृह जिला से ही रिटायर भी हो जाएं, क्योंकि यह रिकॉर्ड डॉ अपर्णा पांडेय के नाम रहा है। वह प्रारंभ से ही करीब 34 वर्षों तक अपने गृह जिला रांची में ही पदस्थापित रहीं और यहीं से सेवानिवृत्त भी हुईं।

अब सवाल है कि क्या चुनाव आयोग के पत्र के आलोक में ऐसे पशु चिकित्सकों को गृह जिला से हटाया जाएगा। जाहिर है कि इन्हें चुनाव ड्यूटी पर नहीं लगाया जाता है तो इस बात पर मुहर लग जाएगी कि इनपर किसी ऊंचे स्तर से कृपा बरस रही है। इस विभाग में सिर्फ पशुचिकित्सक ही नहीं बल्कि कई पशुपालन पदाधिकारी हैं जो अपने गृह जिला में वर्षों से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं।

पशुपालन विभाग के निदेशक आदित्य रंजन से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सक और पदाधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार निदेशालय के पास नहीं होता। लिहाजा, इस मसले पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दिकी से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### राज्य के सरकारी स्कूलों में मना 'वीर बाल दिवस'

# विद्यार्थियों को सुनाई वीरता की कहानियां

### 10वीं से 12वीं तक के बच्चों ने ऑफलाइन एवं प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने ऑनलाइन लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिक्खों के 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के संतानों साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह की वीरता को श्रद्धांजलि देने के लिए राज्य के सरकारी स्कूलों में 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' मनाया गया। इस दौरान विद्यालयों में कविता, पेंटिंग, स्लोगन मेकिंग जैसे रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बच्चों को साहिबजादा जोरवार सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह की वीरता की कहानियां भी सुनाई गयी। स्कूली बच्चों ने यूट्यूब पर राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को भी ध्यान से सुना। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेशानुसार माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार विद्यालयों में कक्षा 10वीं से 12वीं तक की कक्षाओं का संचालन किया गया है। वीर बाल दिवस को देखते हुए इन कक्षाओं के बच्चों ने ऑफलाइन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्राथमिक कक्षाओं से लेकर कक्षा नौ तक के बच्चों ने ऑनलाइन रोचक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और 'छोटे साहिबजादे' की वीरता को नमन किया।

### वीर बाल दिवस पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर गुरुद्वारा में मत्था टेका



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के सीतारामडेरा स्थित साहिब शहीद बाबा दीप सिंह जी गुरुद्वारा में मंगलवार को कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने वीर बाल दिवस के अवसर पर मत्था टेका। साथ ही मुंडा ने साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए छोटी उम्र में साहिबजादों के बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर कई लोग मौजूद थे।

### सरना कोड की मांग पर भारत बंद की तैयारियों की समीक्षा

# 29 को निकलेगा मशाल जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सरना समिति और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की मंगलवार को आरआईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने किया। बैठक में 30 दिसम्बर को सरना कोड की मांग पर भारत बंद की तैयारी की समीक्षा की गई। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड लागू करने के लिए पूरे आदिवासी समाज में जागरुकता आई है। आदिवासी सेंगेल अभियान सालखन मुर्मू के आह्वान पर 30 दिसम्बर को झारखंड, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात एवं अन्य राज्यों के आदिवासी सड़कों पर उतरकर संघ, करेंगे। बंद की पूर्व संध्या पर 29 दिसंबर को रांची, लोहरदगा, गुमला, हजारीबाग सहित अन्य जगहों के प्रमुख स्थलों पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का सचिव विनय उरांव, पंचम तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

# 5 का तबादला, दीपक बने सीआईडी के डीएसपी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने पांच डीएसपी का तबादला किया है। पलामू जिले के लेस्लीगंज में झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप -6) में पदस्थापित दीपक कुमार को रांची सीआईडी का डीएसपी बनाया गया। इस संबंध में मंगलवार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार रेमेजिएस टोप्पो को विशेष शाखा रांची का डीएसपी, बिरेंन्द्र बाड़ा को विशेष शाखा रांची का डीएसपी, गन्दरु उरांव को विशेष शाखा रांची का डीएसपी और ओम प्रकाश को झारखंड सशस्त्र पुलिस बल (जैप-1) रांची का डीएसपी बनाया गया है।

### एडीएम रैंक के 14 अधिकारियों का संयुक्त सचिव में प्रमोशन

झारखंड सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के एडीएम रैंक के 14 अधिकारियों को संयुक्त सचिव रैंक में प्रमोशन दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है। इन अधिकारियों को अब पुनरीक्षित वेतनमान पीवी 4, 37400 से 67000 और ग्रेड पे 8700 पुनरीक्षित वेतनमान लेवल 13 में प्रोन्नति दी गई है। जिन्हें संयुक्त सचिव रैंक में प्रमोशन मिला, उनमें राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम जमशेदपुर की निदेशक ज्योत्सना सिंह, पाकुड़ की एडीएम मंजू रानी स्वांसी, कार्मिक विभाग के उपसचिव अमर कुमार, कार्मिक विभाग के उपसचिव मो आसिफ हसन, लेखा प्रशासन दुमका के निदेशक जावेद अनवर इदरीशी, जामताड़ा के एडीएम सुरेंद्र कुमार, गृह कर निदेशालय के निदेशक प्रशासन मनोज कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के उपसचिव मधुमिता कुमारी, श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के संयुक्त निदेशक श्रीमती मीना, धनबाद के अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था कमलकांत गुप्ता, कार्मिक विभाग अवर सचिव चिंटू दोराईबुरु, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार सिंभूम के सचिव नीलम सोरेंग, रांची नगर निगम के अपर नगर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन, गिरिडीह नगर निगम के अपर नगर आयुक्त स्मृति कुमारी शामिल है।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता बंधु तिर्की की सजा के खिलाफ अपील

# बंधु फिर से चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं, बहस 10 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता मांडर के पूर्व विधायक विधायक और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में 10 जनवरी को होगी। उक्त तिथि को बंधु तिर्की फिर से चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं इसपर बहस होगी। मामले में अपीलकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में रांची की सीबीआई की विशेष अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) आ चुका है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी। सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था। मामले में सीबीआई की ओर से सीबीआई के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही एवं रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 गवाही दर्ज कराई गई है। जबकि बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज कराई गई थी।

### धनबाद, बोकारो में कार्रवाई से माफियाओं पर कसी नकेल

# कोयला और स्क्रैप तस्करी की बड़ी पृष्ठभूमि थी तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में बड़े पैमानें पर कोयला तस्करी के लिए नया सिंडिकेट धनबाद व बोकारो में बनाया गया था। इन इलाकों में कोयला के बाद स्क्रैप की तस्करी के लिए भी सिंडिकेट खड़ा किया गया था। लेकिन धनबाद में जिला प्रशासन व बोकारो में पुलिसिया कार्रवाई के बाद माफियाओं पर नकेल कसी है। बीते दिनों राज्य पुलिस मुख्यालय के आला अधिकारियों को सूचना मिली थी कि धनबाद के वरूण वर्मा नाम के व्यक्ति के द्वारा स्क्रैप की बंद पड़ी तस्करी को पुराने तर्ज पर चालू किया जा रहा है। वहीं सिंडिकेट ने कोयला के अवैध खनन के लिए भी कई प्वाइंट चिन्हित किए थे। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस मुख्यालय ने संबंधित जिलों को कार्रवाई का निर्देश भी दिया था। जिसके बाद धनबाद व बोकारो में बड़े पैमाने पर कार्रवाई हुई।



### स्क्रैप तस्करी के लिए कैसे बनाया था सिंडिकेट

**जानकारी** के मुताबिक, चास में हाल के दिनों में वैध तरीके से चलाए जा रहे कई लोहागोदाम बंद कराए गए थे। इसके बाद चास मुफ्फसिल में चार, दुग्धा में एक, बेरमो बाजार व ब्रिज के समीप तीन अवैध गोदाम खोले जाने की सूचना मिली थी। तेनुघाट, गोमिया, हरला सेक्टर नौ में भी अवैध स्क्रैप कारोबार चालू किया गया था। इस दौरान आरपीएफ ने स्क्रैप चोरी करने के मामले में सिंडिकेट के एक सदस्य अकलू यादव को रेलवे के स्क्रैप के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने चास के तकरीबन एक दर्जन लोगों को अवैध कारोबार सिंडिकेट के सदस्य के तौर पर चिन्हित भी किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बोकारो में ही एक इस्पात फैक्टरी में स्क्रैप को गलाया जा रहा है। स्क्रैप कारोबार रोकने के लिए बोकारो पुलिस ने एक आदेश भी जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सीमावर्ती इलाकों व क्षेत्र में अगर स्क्रैप या कोयला के अवैध परिवहन की जानकारी मिले तो तत्काल इस पर कार्रवाई करें।

#### कहां-कहां प्वाइंट चिन्हित

अवैध कोयले के खनन, उसे छिपाकर रखने व बाद में यूपी- बिहार की मंडी में भेजने की साजिश भी सिंडिकेट ने रखी थी। सिंडिकेट ने बालीडीह, महुआडाड, पेंक, कसमार, बोकारो-झरिया, हरला सेक्टर नौ में प्वाइंट भी तय किए थे। इसी सिंडिकेट की सक्रियता की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 180 टन कोयला जरीडीह से जब्त किया था।

### झारखंड सरकार के 4 साल | चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले दूसरे सीएम

# विवादों के बावजूद अटल रहे हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में बनी यूपीए की सरकार अपने कार्यकाल का चार साल पूरा करने जा रही है। 29 दिसंबर 2019 को झारखंड के 11वें मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने वाले हेमंत सोरेन के लिए यह दूसरा मौका था जब सत्ता का बागडोर उनके हाथों में आया। इससे पहले जुलाई 2013 से दिसंबर 2014 तक झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में काम कर चुके थे। सत्ता संभालने के बाद



सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती कोरोना से जनता को उबारना था। स्वास्थ्य सुविधा की लचर स्थिति पर विपक्ष के हमले भी इस दौरान तेज हुए मगर सरकार ने काफी धैर्य के साथ काम लिया। कोरोना के वक्त प्रवासी श्रमिकों को ट्रेन और हवाई यात्रा के जरिए घर वापसी कराकर झारखंड सरकार जहां वाहवाही लूटने में लगी रही। वहीं विपक्ष सरकार को केंद्र द्वारा दिए जा रहे कोरोना वैक्सीन के सही से इस्तेमाल नहीं किए जाने पर हमला बोलती रही।

विवादों के बीच झारखंड की गद्दी को चार साल तक संभालने वाले दूसरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बन गए हैं। इससे पहले रघुवर दास ने अपना पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा किया था। यदि हेमंत सोरेन पांच साल का कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो पहले आदिवासी मुख्यमंत्री झारखंड के होंगे जो कार्यकाल को पूर्ण करने में सफल होंगे। हालांकि वर्तमान समय में जिस तरह से सरकार चौतरफा घिरी हुई है और संकट के बादल छाये हुए हैं इससे कुछ भी कहना मुश्किल है।

## एक नजर

### उपप्रमुख ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**दारू।** टाटीझरिया उपप्रमुख रवि वर्णवाल ने झरपो पंचायत क्षेत्र के 40 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ठंढ से बचने के लिए सरकार की ओर से गरीब, असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर महेश राम, दयाल प्रसाद, श्याम पंडा, अभय पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में फायरिंग करने वाला जमादार गिरफ्तार

**हजारीबाग।** जिले के सीसीआर में पदस्थापित जमादार बृज नंदन यादव को एसपी मनोज रत्न चोथे ने निलंबित कर दिया है। बता दें कि सोमवार रात शराब के नशे में जमादार पुलिस लाइन में बैरक से निकल कर सड़क पर हवा में ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी थी। इस घटना के बाद पुलिस लाइन में हड़कंप मच गया। पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद उस पर काबू पाया। आरोपी जमादार के सर्विस रिवाल्वर को जब्त कर लिया गया है। गोलीबारी के आरोपी जमादार के खिलाफ मेजर देवव्रत ने मंगलवार को लोहसिंघना थाना में मामला दर्ज कराया। लोहसिंघना थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि इस संबंध में कांड संख्या 274/23 दर्ज कर लिया गया है। उसे जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। आरोपी पर सरकारी कार्य में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। साथ ही पुलिस मैनुअल का उल्लंघन करते अति सुरक्षित पुलिस लाइन की सुरक्षा में सेंध लगाने का भी आरोप लगा है।

### अज्ञात लोगों ने खलिहान में रखे धान में लगाई आग

**सिमडेगा।** रेंगारिह थाना क्षेत्र के बाघचट्टा पंचायत के मुंडलटोली गांव में क्रिसमस की रात खलिहान में रखे गए धान की फसल में अज्ञात लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आगजनी की घटना में किसान को लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। खलिहान में रखा गया धान गांव निवासी पात्रिक तिर्की का था। पात्रिक ने बताया कि क्रिसमस के मौके पर पुरा गांव सोमवार की रात जश्न में डूबा था। ग्रामीण एक दूसरे के घर आ जाकर क्रिसमस की आपस में खुशियां बांटने में जूटे थे। वे भी अपने परिवार के साथ क्रिसमस का पर्व मना रहा था। इसी बीच रात के करीब दस बजे उनके खलिहान में आग की लपेटें दिखाई दी। आग की लपेटें देख वह अपने परिवार के साथ बाल्टी में पानी लेकर खलिहान की ओर भागा। उनके साथ साथ गांव के अन्य ग्रामीण भी पानी लेकर खलिहान की ओर दौड़े। सभी ने धूं धूं कर जल रहे धान की फसल को पानी डाल कर बूझाने के लिए काफी मशकत करने लगे। लेकिन तब तक काफी लेट हो चुका था। धान में पेट्रोल छिड़के जाने के कारण आग की लपेटें तेज हो चुकी थी। देखते ही देखते कुछ ही घंटों में पुना धान जलकर खाक हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर देर रात ही पंचायत के उपमुखिया प्रवीण बड़ाईक गांव पहुंच प्रभावित किसान से मिले। साथ ही किसान को हर संभव मदद करने एवं विभाग से मुआजवा राशि दिलाने में सहयोग करने का भरोसा जताया।

## एक ही स्थान पर द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन

**हजारीबाग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हजारीबाग ने बेहरी पंचायत भवन में द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी व कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने किया। इस दौरान शोभायात्रा निकाल कर पूरे गांव में भ्रमण किया गया। यह दर्शन सात दिवसीय रखा गया है। 25 से 31 दिसंबर तक लोग यहां आकर द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का कहना है कि भारत के विभिन्न स्थानों पर स्थापित विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने में धन शक्ति और समय दोनों खर्च होते हैं। इस आध्यात्मिक दर्शन मेले में एक ही स्थान पर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिरों का दर्शन मात्र से जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मुक्ति पाया जा सकता है। इसके साथ ही राजयोग, मेडिटेशन प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है। ग्राम विकास महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, तथा व्यसन मुक्ति चित्र प्रदर्शनी, जैविक खेती के लाभ पर भी विशेष कार्यक्रम रखा गया है।

### अयोध्या में लहराएगा 100 फीट ऊंचा महावीरी झंडा

# हिंदू-मुस्लिम कारीगरों ने बीस दिन में तैयार की पताका

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
हजारीबाग की रामनवमी विश्व भर में प्रसिद्ध है। इस मौके पर जिले, नगर-नगर, डगर-डगर महावीरी पताकाओं से पट जाता है। इन महावीरी पताकाओं के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं शहर के कई मुस्लिम दर्जी जो पीढ़ियों से इस काम में लगे हुए हैं। इन्हीं कारीगरों में से एक हैं हजारीबाग के कोलघट्टी निवासी दर्जी गुलाम जीलानी और पार नाला निवासी तुलसी कुमार हैं। इनके द्वारा तैयार महावीरी पताका हजारीबाग ही नहीं, बल्कि झारखंड के अधिकांश जिलों की शोभा बढ़ाते हैं। हालांकि, इन कारीगरों के नाम एक ओर एतिहासिक क्षण आने वाला है जब 22 जनवरी को अयोध्या के नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दीपोत्सव कार्यक्रम शुरू होगा।



**100 फुंट ऊंचा महावीरी पताका का हुआ निर्माण :** इस एतिहासिक कार्यक्रम में लहराने वाले 100 फुंट ऊंचा महावीरी पताका का निर्माण इन दोनों कारीगरों ने पिछले 20 दिनों के अथक परिश्रम से तैयार किया है। इस बारे में विश्व हिंदू परिषद झारखंड (धर्म प्रसार) के प्रदेश संरक्षक भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि इन कारीगरों द्वारा तैयार महावीरी पताका रामनवमी के अवसर पर तो पूरे झारखंड में भेजा जाता है।

## मांझी थान में ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन की बैठक

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित मांझी थान में सोमवार को ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता किस्टो बेसरा ने की एवं संचालन ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष मनोज टुडू ने किया। ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन की ओर से 30 को सारना धर्म कोड की मांग को लेकर अपना समर्थन दिया है। केंद्रीय अध्यक्ष मनोज टुडू ने ग्रामीणों से अपील की कि प्रत्येक गांव अपने जगह-जगह पर सांकेतिक रूप से लिखित रूप से प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति को पत्र लिखकर सरना धर्म कोड की मांग को रखें। तीन दिवसीय चंपा दिशोम सोहराय महापर्व हजारीबाग सरहुल मैदान में 19 जनवरी- उम (साफ सफाई कार्यक्रम), 20 जनवरी बोंगा (पूजा), 21 जनवरी डंगरा खुंटा (सांस्कृतिक कार्यक्रम) धूमधाम से संपन्न करने के लिए सोहराय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रमेश हेंब्रम, सचिव रामकिशोर मुर्मू, कोषाध्यक्ष मनोज टुडू, संरक्षक किस्टो कुमार बेसरा, बालकृष्ण टुडू, मोतीलाल मुर्मू, मिसिल किस्कू को सर्व समिति से मनोनित किया गया।

## आजसू पार्टी का केंद्रीय सचिव बनने पर दी बधाई

**बड़कागांव।** आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला महासचिव कौलेश्वर गंझू को पदोन्नति करते हुए केंद्रीय सचिव में मनोनयन किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने विश्वास जताते हुए बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत के उरेज गांव निवासी पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कौलेश्वर गंझू को पार्टी में निष्ठा पूर्वक कर्तव्य निभाने को लेकर पार्टी का केंद्रीय सचिव में मनोनयन किया गया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने पत्र निर्गत करते हुए कहा है कि आप अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्रखंड के आम जनों की समस्या का समाधान करने का काम के साथ-साथ पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहेंगे। इस संबंध में कौलेश्वर गंझू ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष की ओर से मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। पदोन्नति मिलने पर बड़कागांव के आजसू पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,नागेश्वर तुरी, कृष्णा साहू, महेंद्र यादव, महेंद्र विश्वकर्मा आदि शामिल हैं।

## एनजीओ से मिलकर बनाया किडनैपिंग का प्लान, लापता मासूम 7 दिन बाद मिला



हजारीबाग। हजारीबाग के ओकनी साईं मंदिर के निकट से 18 दिसंबर से लापता मासूम पप्लू (4 वर्ष, पिता अभिषेक कुमार) को एसआईटी ने कोडरमा से बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने चार महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने सोमवार को बताया कि हजारीबाग से बच्चे को चुराकर कोडरमा के दंपति गीता देवी (पति रोहित रविदास) के हाथों 2 लाख 95 हजार में बेचा गया था। पुलिस ने इसके लिए हजारीबाग, रांची और कोडरमा में छापेमारी की थी। एसआईटी ने पहले हजारीबाग से करीना देवी और नूतन देवी को गिरफ्तार किया। फिर रांची स्टेशन के पास एक होटल से ज्योति एवं कन्हैया पासवान को दबोचा। दोनों ने बताया कि कोडरमा के तिलैया स्थित इंद्रपुरी में गीता देवी के पास बच्चे को बेचा गया है। इसके आधार पर एसआईटी ने वहां से बच्चे को बरामद कर लिया। एसआईटी ने आरोपियों के पास से छह मोबाइल व चोरी में उपयोग किया गया चादर भी जब्त किया है। बच्चा चोरी में शामिल दंपति वंश चलाने के लिए एक लड़का चाहते थे। पुलिस को मिली सूचना के अनुसार उनके बेटे की हादसे में मौत हो गयी थी।

# विभावि में एनईपी-2020 के आलोक में नये पाठ्यक्रम के साथ पढ़ाई शुरू

**एजेंसी। हजारीबाग**
विभावि के लिए वर्ष 2023 की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि विभावि के स्नातकोत्तर विभागों के लिए शिक्षकों के 70 नये पदों की स्वीकृति है । यह कार्य पिछले 30 वर्षों से लम्बित था। बैकलॉग नियुक्ति के तहत लगभग सौ से अधिक शिक्षक विभावि को मिले, जिन्हें बराबर-बराबर 50-50 प्रतिशत संख्या में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद और विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में पदस्थापित किया गया। सत्र 2022-26 से ही एनईपी-2020 के आलोक में नये पाठ्यक्रम के साथ पढ़ाई शुरू कराई गई है। झारखंड में इस नये पाठ्यक्रमों के साथ पढ़ाई शुरू कराने विभावि अव्वल रहा । एनईपी-2020 को सम्पूर्ण रूप से लागू किया जा सके, इसे ध्यान में रखकर स्नातकोत्तर विभागों और कॉलेजों में दो पालियों में शिक्षण व्यवस्था की शुरूआत की गयी थी । जो सक्सेस नहीं हुआ। विवि ने डुअल डिग्री प्रोग्राम को बेहतर ढंग से अमल में लाने की कोशिश इस वर्ष भी की है। विभावि के परीक्षा विभाग ने अब तक लगभग पौने चार लाख से ज्यादा डिग्रियों व अंकपत्रों का एनएडी के तहत डिपॉजिटरी का काम पूरा किया । इस वर्ष से सभी प्रकार के प्रमाण-पत्रों यथा- प्रोविजनल डिग्री, डिग्री, अंक पत्र , प्रव्रजन प्रमाण-पत्र , प्रवेश-पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन लेकर ससमय उपलब्ध कराये जाने की योजना को पूरी तरह अमली जामा पहनाया गया । त्रिवर्षीय बैचलर डिग्री प्रोग्राम ईन आर्टिफिसियल इंटिलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग और वन ईयर डिप्लोमा ईन साइबर डिफेंस की पढ़ाई शुरू हुई । ट्राइबल स्टडी सेंटर के भवन निर्माण का कार्य भी पूर्ण हो गया है। लडकों के लिए बेहतर छात्रावास जी प्लस फोर मंजिला 300 बेड वाला आधुनिक छात्रावास बनकर तैयार है।

### जिला शिक्षा अधीक्षक के रवैए के खिलाफ धरने पर बैठे शिक्षक समूह

# विधायक मनीष जायसवाल, अमित यादव सहित कई ने दिया समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा सहायक अध्यापकों एवं सहायक शिक्षकों का मानसिक और आर्थिक दोहन के मामले को लेकर मंगलवार को हजारीबाग समाहरणालय के मुख्य द्वार पर उनके संघ द्वारा आयोजित धरने में विषेशरूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और उन्हें समर्थक करते हुए उन्हें संबोधित भी किया। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग के जिला शिक्षा अधीक्षक की मनमानी और वर्तमान राज्य सरकार दमनकारी नीति पर हुकूमत चलानी चाह रही है। जिसके तहत आप अपने हकों की मांगों को लेकर जो आंदोलन कर रहें हैं उसे आपके नेताओं को डराकर कुचलना चाहती है लेकिन आप निडर होकर अपनी मांगों को रखें हम हर मंच पर आपके जायज मांगों के समर्थन में साथ थे, हैं और रहेंगे । धरने को संबोधित करने के पश्चात हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता सहित संघ के लोग उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर उनसे मामले के समाधान हेतु आग्रह किया। जिसके बाद उपायुक्त नैंसी सहाय ने शिक्षा शिक्षा अधीक्षक को बुलाकर संबंधित मामले के निष्पादन करने का निर्देश दिया। जिसके बाद शिक्षकों की खुशी देखते ही बनी। उन्होंने विधायक मनीष जायसवाल, विधायक अमित यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों का अपने विशेष तालियों के साथ अभिनंदन कर धन्यवाद भी दिया ।



## सहायक शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटना सरासर गलत है : सीटू



**हजारीबाग।** सहायक शिक्षकों को झारखंड सरकार ने 1 वर्ष में 16 दिन का अकास्मिक छुट्टी दिया है। 19 दिसंबर 23 को सहायक शिक्षकों का राज्य स्तरीय कार्यक्रम रांची में था उसमें भाग लेने के लिए हजारीबाग जिले के कई सहायक शिक्षक अकास्मिक छुट्टी लेकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची गए हुए थे लेकिन हजारीबाग जिला के जिला शिक्षा अधीक्षक ने 19 तारीख का उनका वेतन यह कह कर काट दिया कि आप लोगों ने ऑनलाइन छुट्टी नहीं लिया था। जबकि हकीकत यह है की जनवरी 2023 से 18 दिसंबर 2023 तक सहायक शिक्षकों ने जो भी अकास्मिक छुट्टी लिया है वह ऑफलाइन लिया है। तो फिर अचानक ऑनलाइन छुट्टी लेने की बात कहां से आ गई। यह जिला शिक्षक अधीक्षक का मनमानी है। जो सरासर गलत है इसका विरोध सीपीएम करती है और सहायक शिक्षकों के आंदोलन को समर्थन करती है।

# 500 से अधिक बेकार बिजली और टेलीफोन पोल बन रहे ट्रैफिक जाम के कारण

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग शहर की सड़कों पर करीब 500 बिजली और टेलीफोन के पोल बरसों से बेकार खड़े हैं। ये पोल शहर की सड़कों की चौड़ीकरण होने के बाद सड़क के बीचों-बीच आ गये हैं। इससे शहरवासियों को सड़क चौड़ीकरण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पोल की वजह से सड़कें कुछ स्थानों पर संकरी हो गयी है। इन सड़कों पर बेकार पड़े बिजली व टेलीफोन के खंभों की वजह से सड़क जाम हो जाती है। कई ऐसे लोहे के पोल हैं जिनपर कोई तार तक नहीं लटका है। मालवीय मार्ग स्थित खाजा दुकान के पास दो लोहे के पोल और ट्रांसफॉर्मर सड़क से सटे हुए हैं। इसी स्थान पर चौराहा भी है। लोहे के बिजली पोल और ट्रांसफॉर्मर की वजह से वाहन तीन फिट दूर से ही जाते हैं। यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग है। इस मार्ग में कई बड़े-बड़े व्यासायिक प्रतिष्ठान और दुकान है। इन पोलों की वजह से इस चौक पर जाम लगना आम बात हो गयी है। काली बाड़ी रोड में भी कई बिजली के पोल बिना उपयोग के खड़े है। बैंक ऑफ बड़ौदा के पास डीपी पोल में लगे ट्रांसफॉर्मर भी जाम का कारण बन रहा है। इस पोल की वजह से सड़क का चौड़ीकरण कार्य प्रभावित हुआ है। इस बिजली के पोल से लेकर मालवीय मार्ग तक चौड़ीकरण का कार्य नही हुआ है। इसके कारण पिपलेश्वरधाम मंदिर के पास सड़क जाम हो जाती है। पुराना समाहरणालय के पास बिजली का पोल सड़क चौड़ीकरण के बाद बीच सड़क में आ गया है। इस बिजली के पोल पर कोई तार तक लटका हुआ नहीं है। यह पोल किसी काम का नहीं है। इस अनुपयोगी बिजली के पोल की वजह से पुराने समाहरणालय और नियंत्रण कक्ष रोड़ में जाम लगते है।

# आजादी की लड़ाई में कम्युनिस्ट पार्टी का था अहम योगदान : भुनेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



सीपीआई ने अपना 98 वां स्थापना दिवस अपने कार्यालय मंजूर भवन में मनाया। इस अवसर पर पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने पार्टी का झंडा फहरा कर कार्यक्रम को आरंभ किया। इस अवसर पर एक सभा की गई सभा की अध्यक्षता जिला सचिव चांद खान ने किया।श्री मेहता ने कम्युनिस्ट आंदोलन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जंगे आजादी में कम्युनिस्ट पार्टी का क्या योगदान था इसको समझने के लिए आज भी अंडमान निकोबार जेल में लगी सूची को देखकर समझा जा सकता है।सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना के बाद से ही अंग्रेजी हुकूमत उसके खिलाफ थी। सभा को संबोधित करते हुए सीपीआई के डॉक्टर अनवर हुसैन ने कहा कि सही मायने में देखा जाए तो 1925 के पहले भारत के कुछ लोग जो सोवियत रूस पढ़ने गए थे उनमें से एम एन राय, उस्मानी, मुजफ्फर अहमद, सिंगारवेलु चुटिया, गुलाम हुसैन, नलिनी गुप्ता सहित कुछ लोगों ने 1920 में ही ताशकंद में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की थी लेकिन बाद में सारे ग्रुपों को एक साथ मिलाकर 26 दिसंबर 1925 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना कानपुर में किया और उसके बाद से कम्युनिस्ट पार्टी अंग्रेजों के साथ आजादी की लड़ाई लगातार लड़ते रहे और आजादी के बाद भी देश के किसान मजदूर छात्र नौजवान के उन्नति के लिए संघर्ष करते रहे हैं।सभा में सी पी आई के निजाम अंसारी, महेंद्र राम, श्रीकांत मेहता, मजीद अंसारी, स्वदेशी पासवान, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, सिराजुद्दीन, इम्तियाज खान, मनोज रविदास, समीम खान, सी पी आई एम के जिला बीबी बीबी विपिन कुमार सिन्हा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## शिशु मंदिर में वीर बालक दिवस व अटल जी की मनाई गई जयंती




बरही । भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर में पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई । जिसमे आचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की भुमिका रखी । बच्चो को बताते हुए आचार्य संजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व के अवसर पर 9 जनवरी 1922 को गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में 'वीर बाल दिवस' मनाने की घोषणा किया । आचार्य राजू कुमार ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही इस युग के आदर्श पुरुष भी थे । वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया । प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि वह चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे, लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्य सभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे । उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया । उनका जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (राजग) सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे। जिन्होंने गैर कांग्रेसी प्रधानमन्त्री पद के 5 वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किए ।

### ठंढ बढ़ने के साथ बिजली की मांग बढ़ी, हो रही लोड शेडिंग

# बिजली कटौती से उद्योगों पर बुरा असर

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



जिले में पारा लुढ़कने से ठिठुरन बढ़ रही है। ठंड से बचने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी भी समय समय पर जारी की जा रहीं है। इस बीच ठंड बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ने लगी है। ठंड से बचने के लिए लोग हीटर, कन्वेक्टर जैसे बिजली उपकरणों का सहारा ले रहे है। गर्म पानी के लिए गिजर का उपयोग भी कर रहे है। इससे बिजली की खपत बढ़ गई है। दूसरी ओर बिजली की कटौती से लोग परेशान है। शहर से लेकर गांव तक में बिजली आपूर्ति कम हो रही है। इससे लागों की परेशानी बढ़ गई है। बताया जाता है कि सामान्य तौर पर तीन से चार घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में अधिक अधिक बिजली की कटौती हो रही है। कभी कभी तो लगातार एक घंटा से अधिक बिजली गायब रहती है।

**बिजली कटौती से क्या हो रही परेशानी :** बिजली कटौती से उद्योग धंधा पर असर पड़ रहा है। ग्रिल दुकानों में कार्य बाधित रहता है। दुकानदार समय पर ऑर्डर की सप्लाई नहीं कर पा रहे है। ठंड से बचने के लिए जिन उपकरणों का उपयोग लोग कर रहे है, वह ठप पड़ जाता है। इसका असर पानी की सप्लाई पर भी हो रहा है।

**क्या कहते है लोग :** बिजली कटौती से परेशान लोगों का कहना है कि कब बिजली कटेगी और कब आएगी इसकी जानकारी लोगों को नहीं मिल पाती है। शहर के न्यू कॉलोनी निवासी रमेश कुमार कहते है कि बिजली की कटौती का असर सबसे अधिक निम्न मध्य वर्ग पर पड़ रहा है। जिनके घर में इन्वार्टर है उनका तो काम चल जाता है। बिजली की कटौती की वजह से जेब ढीली करनी पड़ रही है। कहा कि एक तो प्रति यूनिट दर में इजाफा कर दिया गया है और सुविधा के नाम पर परेशानी हो रही है। रामनगर रोड निवासी विनय कुमार कहते है कि बिजली की कटौती से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से दिनचार्या प्रभावित होती है और समय पर काम के लिए निकलने में देर होती है।

### भीम आर्मी सेना ने मनुस्मृति का किया दहन, ऊंच और नीच में करता था विभेद

# भारतीय संविधान के पहले लागू था मनुस्मृति का कानून : प्रखंड अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
करियातपुर में भीम आर्मी सी ने मनु स्मृति दहन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव और संचालन अनिल कुमार ने किया। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय संविधान से पहले करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व हमारे देश में मनुस्मृति का कानून था। जिसमें महिलाओं को कोई अधिकार नही दिया गया। महिलाएं सिर्फ गुलाम थी। इसके साथ ही इस कानून में अगड़ी और पिछड़ी जातियों का विभेद वर्णित था। जिसे संविधान निमार्ता बाबा साहब ने 25 दिसम्बर 1927 को सार्वजनिक रूप से जलाया था। सुनील आनंद ने कहा कि मनुस्मृति कानून में महिलाओं को शिक्षा व राजनीति सहित कई अधिकारों से वंचित रखा गया था। संचालनकर्ता ने बताया कि मनुस्मृति असमानता पर आधारित कानून था। कार्यक्रम में सुरेंद्र भुइँया, विजय पंडित,सुनील आनंद, लालजी दास, दिलीप कुमार आदि कई लोग उपस्थित हुए।

## शेड को तोड़ कर रेलवे शेड बनाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

हजारीबाग। हजारीबाग। ग्राम कदमा स्थित श्मशान घाट पर सरकारी फंड से बने स्थाई शेड को तोड़कर रेलवे शेड बनाये जाने से उत्पन्न समस्या को लेकर सदर विधायक मनीष जायसवाल को एक ज्ञापन सौंप कर समस्या के निदान का आग्रह ग्रामीणों ने किया है। इस संबंध में कहा गया है कि ग्राम कदमा एक बड़ी आबादी वाला गाँव है। सैंकड़ों वर्षों से गोंदा नदी के किनारे कदमा श्मशान घाट, शवदाह कर्म एवं अन्यान्य कर्म के लिए हमें समस्त ग्रामवासी उक्त श्मशान घाट और आस-पास की सरकारी जमीन पर आश्रित है। विगत बीस वर्ष पहले श्मशान घाट के उत्तरी छोर पर एक सरकारी पक्का शेड बनाया गया था। जिससे शव जलाने एवं अन्यान्य कार्य में ग्रामीण लाभान्वित होते थे। लेकिन अब हजारीबाग रेलवे स्टेशन के लिए अतिरिक्त रेलवे शेड (पड़ाव) बनाने के क्रम में वहाँ के आस-पास की खाली जमीन सहित श्मशान का पक्का शेड गिरा कर रेलवे का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने डोमन साहू को दी श्रद्धांजलि



हजारीबाग। समाजसेवी डोमन साहू की पांचवीं पुण्यतिथि पर हजारीबाग चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में आयोजित एक सभा में सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। हजारीबाग चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राजकुमार जैन टोंग्याने कहा कि डोमन साहू का संपूर्ण जीवन अपने व्यवसाय के अलावा समाज सेवा में ही बीता था। वे एक समर्पित समाजसेवी थे। उन्होंने पंच मंदिर दुर्गा पूजा मंडप की स्थापना की थी। हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव विजय केसरी ने कहा कि डोमन साहू एक समर्पित समाज सेवी थे । वे अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक पारिवारिक दायित्वों का निर्वाहन करते हुए समाज सेवा से जुटे रहे थे। अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष सुमेर सेठी ने कहा कि डोमन साहू विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और साहस को खोया नहीं। वे सदा न्याय के पक्ष में खड़े रहे । वे हजारीबाग में जनसंघ पार्टी के स्थापना के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने कई यादगार काम किये। वे राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे महान स्वाधीनता सेनानी समाज सुधारक समाज सेवक महामना मदन मोहन मालवीय उनके आदर्श रहे। व्यवसायी अरुण जैन लोहरिया ने कहा कि जब से मैं डोमन साहू जी को जानता हूं तब से उन्हें हमेशा समाज सेवा में ही जुड़ा देखा ।

## एक नजर

### अयोध्या में पूजित अक्षत करँगागुड़ी मंदिर में लाया गया,घर घर जायेगा निमंत्रण

**केरसई।** 22 जनवरी अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर अयोध्या से पूजित अक्षत भरा कलश करँगागुड़ी मंदिर लाया गया। जहाँ पूजा अनुष्ठान के पश्चात मंदिर कार्यकारिणी सदस्यों को सौंप दिया गया। जहां सदस्यों द्वारा घर-घर पूजित अक्षत देकर लोगों को 22 जनवरी के लिए निमंत्रण दिया जाएगा ।प्रसिद्ध करँगागुड़ी मंदिर में प्रभात फेरी भजन कीर्तन लाइव प्राण प्रतिष्ठा दर्शन एवं भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष जयप्रकाश साय ,विहिप प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद ,मानकीलाल ,रवि गुप्ता, प्रणव कुमार ,अजय कु झा ,उपेंद्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, कैलास मेहर, बासुदेव कुमार साह, विजय भूषण साह, नागेश्वर प्रसाद ,अनूप प्रसाद, विजय प्रसाद ,रामविलास राणा, सुधीर मांझी जितेंद्र प्रसाद, सत्या देवी मौजूद थे।

### जर्जर सड़क से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

पाकरटांड़। प्रखंड के ठेठाईटांगर गाँव से लेकर सोगड़ा, तुमगा होते हुए जिला मुख्य पथ को जोड़ने वाली पक?की सड़क काफी जर्जर हो गई है। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का जगह जगह उखड़ चुकी है। सोगड़ा में निमार्णाधीन एकलव्य स्कूल के पास सड़क का पुलिया बरसात में ही टूट गया है। जिससे आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। जर्जर सड़क के कारण इस सड़क पर आए दिन दुर्घटना भी होते रहती है। वहीं वाहनों के खराब होने की भी शिकायत मिलते रहती है। यही कारण है कि अब कई वाहन चालक यहां से गुजरने में परहेज करने लगे हैं। ग्रामीणों ने सड़क का मरम्?मत करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर सड़क को दुरुस्?त करवाने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से मांग की गई। पर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इधर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जर्जर सड़क का मरम्मत करवाने के लिए प्रास्ताव भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिले के कई अन्य कई जर्जर सड़कों का मरम्मत करवाने के लिए प्रास्ताव भेजा जा चुका है। बहुत जल्द जिले के सभी जर्जर सड़कों का मरम्मत किया जाएगा।

### मेडिकल क्वॉर्टर में आदिवासी युवती संग दरिंदगी

जलडेगा (सिमडेगा)। आदिवासी युवती का अपहरण कर तीन दिन तक सामूहिक दुष्कर्म करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो दिनों तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा के क्वॉर्टर में रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ड्रेसर नीलकमल सिंह भी शामिल है। पीड़िता बानो थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह शनिवार को जलडेगा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदार के यहां आई थी।

# सड़क नहीं होने से बेटियां बीच में ही छोड़ रहीं पढ़ाई



## मंत्री अन्नपूर्णा देवी और उपायुक्त से लगाएंगे गुहार

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क एवं आंगनबाड़ी केंद्र की मांग को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल आदर्श फाउंडेशन एवं मुखिया की मौजूदगी में उपायुक्त, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी, और जिला परिषद के अध्यक्ष से मुलाकात कर उपरोक्त समस्या के समाधान हेतु विशेष पहल करने का आग्रह करेगा। इसे लेकर ग्राम स्तरीय बैठक हुई, जिसमें देवंती देवी, नन्हकी देवी, रूबी देवी, बिंडली देवी, नीरिया देवी, रवि सिंह, दिलीप यादव, ललन सिंह, शंकर सिंह, अरुण सिंह, आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
डोमचांच प्रखंड के सवा सौ आबादी वाला मधुवन पंचायत में सड़क न होने से बेटियां बीच में ही पढ़ाई छोड़ रही हैं। आपको बता दें कि सुदूरवर्ती ग्राम गोलगो आज तक डोमचांच मुख्य पथ से जुड़ नहीं पाया है। सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों यह गांव टापू बन जाता है। वहीं नदी पर पुल नहीं होने से कई दिन तक बच्चों का मध्य विद्यालय आना-जाना भी बंद हो जाता है। इस बाबत गांव के ललन सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले ऐसी सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्रामीणों और मुखिया के प्रयास से नदी पर पुल बनाने की मंजूरी मिल चुकी है। लेकिन अब तक काम शुरू नहीं होने से यहां के लोग हताश एवं निराश हैं। वहीं गांव की देवंती देवी ने बताया कि गोलगो गांव की गर्भवती, धात्री माताओं और नौनिहालों को बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी का लाभ नहीं मिलता है।

**सड़क नहीं रहने से अस्पताल जाने में भी होती है परेशानी:** उन्होंने कहा कि ग्रामीण कई वर्षों से गांव में आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित करने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक सकारात्मक उत्तर नहीं मिला है। वहीं सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में प्रसव के लिये महिलाओ को बहुत मुश्किल से अस्पताल पहुंचाया जाता है। ग्रामीण रूबी देवी बताती हैं कि इस गांव में सिर्फ पांचवी तक पढ़ाई होती है। आगे की पढ़ाई के लिये पांच किलोमीटर दूर बच्चों को जंगल के रास्ते नदी पार कर जाना पड़ता है। वहीं कीचड़युक्त मिट्टी की सड़क और नदी पर पुल नहीं होने से बरसात में बच्चे विद्यालय ही नहीं जा पाते। आपको बता दें कि बुनियादी सुविधा के अभाव में इस साल सरस्वती कुमारी, रेनू कुमारी और सुविस्ता कुमारी की पांचवीं क्लास के बाद आगे की पढ़ाई छूट गई। मिली जानकारी के अनुसार इन बच्चियों का कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन भी जमा किया गया था लेकिन किसी कारणवश इन बच्चियों का दाखिला नहीं हो पाया।

### ट्यूशन जा रही नाबालिग छात्रा का अपहरण, सड़क पर पड़ी मिली साइकिल

**सिमडेगा।** झारखंड में सिमडेगा स्थित उसुर्लाइन कॉन्वेंट की 10वीं की छात्रा का अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। स्वजन ने बच्ची को ढूंढ निकालने की गुहार पुलिस से लगाई है। घटना सदर थाना क्षेत्र के खिजरी की है। बताया गया कि शुक्रवार को वह ट्यूशन पढ़ने आरके कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान पुरनापानी के पास से बाइक से आए अज्ञात लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। चूंकि छात्रा ट्यूशन से ही कभी-कभी स्कूल चली जाया करती थी और वहां से शाम चार बजे अपने घर लौटती थी। ऐसे में जब वह शाम तक घर नहीं पहुंची तो स्वजन चिंतित होकर उसे ढूंढने निकले। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि छात्रा न तो कोचिंग पहुंची थी और न ही स्कूल। इस बीच पुरनापानी के पास उसकी साइकिल पड़ी मिली। वहां पूछताछ करने पर लोगों ने बताया कि बाइक पर आए कुछ लोग लड़की को जबरदस्ती अपने साथ ले गए।

### बाइक सवार ने ऑटो को मारी टक्कर तीन हुए घायल



कुरडेग। कुरडेग थाना क्षेत्र के कुरडेग सिमडेगा मुख्य मार्ग के झारेन के समीप बाइक चालक ने ऑटो में टक्कर मारी जिसमें तीन व्यक्ति घायल हो गये ।प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित किण्डो 21 वर्ष पिता जोहन किण्डो निवासी सिमडेगा बाजार टोली और अनुज कंडुलना 22 बर्ष पिता स्व नरेश कंडुलना निवासी कुरडेग प्रकाला बाइक से सिमडेगा की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में झारेन के समीप ऑटो खल्20ञ9001 के चालक अजीत बड़ाइक झारेन निवासी ऑटो को सड़क पर घुमा रहा था। इसी क्रम में अत्यधिक तीब्र गति होने से चालक ने बाइक पर नियंत्रण खो दिया और ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी ,जिससे दोनो बाइक सवार एवं ऑटो चालक को चोट लगी ग्रामीणों की सहायता से तीनो घायलों को कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र इलाज के लिए लाया गया ।जहाँ चिकित्सकों ने सुमित किण्डो की माथे पर लगी गंभीर चोट को देखते हुए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, वहीं अनुज कण्डुलना एवं अजीत बड़ाईक का इलाज कर घर भेज दिया गया।

### शराब पीने के लिए रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बानो।** बानो एवं महबुवांग रेलवे स्टेशन के बीच सिजांग सरना के पास ट्रेन से कटकर सिजांग गांव निवासी ज्योतिष बडिंग नामक युवक की मौत हो गई।घटना देर रात की बताई जा रही है।मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा।घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार में ज्योतिष बडिंग शराब पीने के लिये रेलवे ट्रैक पार कर रहा था ।इस दौरान अज्ञात ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गयी।वही शव जब सुबह ट्रेक किनारे देखा गया तब पुलिस को जानकारी दी गई। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### वायरिंग करने के दौरान करंट की चपेट से झुलसा युवक

सिमडेगा। सिमडेगा के पंडरीपानी में मंगलवार को बिजली वायरिंग करने के दौरान करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय समीर सोरेंग नामक व्यक्ति झुलस गया। स्थानीय लोग एवं साथियों की मदद से उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया, जहां उसकी उपचार चल रही है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीर अपने ही गांव के घर में बिजली वायरिंग का काम कर रहा था, इसी दौरान अचानक शार्ट सर्किट हुआ और कपड़े में आग लग गई। आग लगने की वजह से शरीर के हाथ सहित का हिस्सों में आग पकड़ लिया जिससे वह झुलस गया। इधर अस्पताल में इलाज चल रही है, बताया गया कि समय रहते बिजली काट दी गई जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

### एक बोरी धान के लिए सगे भाई की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

## आरोपी को किया पुलिस ने गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवई चिरोटली गांव में एक बोरी धान के लिए अपने ही सगे भाई को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है ।मामले में आरोपी भाई अरविंद टोप्पो को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। घटना का संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि सेवई चिरोटली गांव निवासी इलियास टोप्पो नशे का सेवन कर घर आया था और किसी बात को लेकर अपने भाई से बहस हुई। बाद में घर में रखे धान की बोरी को ले जाकर बेचने की तैयारी करने लगा जिसका विरोध उसके भाई के द्वारा किया गया और बाद में बातें बढ़ी और गुस्से में आकर उसके भाई ने पास में रखे कुल्हाड़ी से उसके गर्दन पर वार किया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर मामले की जानकारी पंचायत की मुखिया द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके बाद आरोपी भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया ।वहीं इस संदर्भ में मृतक के मां के द्वारा थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया जिसके तहत सिमडेगा थाना कांड संख्या 164/ 23 धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर 100 परिजनों को सौंप दिया।

## जंगली हाथियों ने मचाया आतंक घर को तोड़कर सामानों को किया तहस नहस



**नवीन मेल संवाददाता।**
ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत अंतर्गत कुम्हार टोली गांव में बीती रात्रि 18-19 की संख्या में हाथियों का झुंड सेवती देवी पति मासीह खड़िया को घर तोड़कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे गेहूं, चावल, दाल को नष्ट किया गया ।साथ ही दीवार गिरने से घर के अंदर रखे सामान जैसे कुर्सी, टेबल, बर्तन इत्यादि सब दब गए इससे उनका भारी नुकसान हुआ ।परिवार के सदस्य समय रहते घर से बाहर निकल गए जिससे किसी प्रकार का बड़ा हादसा होने से बच गया ।सुबह जानकारी मिलते प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमिर अहमद, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मो.वाहिद ,सहबाज अली,घटनास्थल पर पहुंचे एवं पीड़ित परिवार से मिलकर उनको हर संभव मदद देने का बात कही ।सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया वही तत्काल उन्हें प्रमुख के द्वारा सुख राशन प्रदान किया गया जिससे कि उनका कुछ दिन खाने-पीने में दिक्कत ना हो। वन विभाग में हाथी भगाने के लिए सामग्री कराया उपलब्ध इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी की ओर से प्रयास करते हुए ग्रामीणों के बीच हाथियों को भगाने के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराया ।जहां जोराम मुखिया प्रितम कंडुलना के मौजूदगी में अकवन टोली, कटरा टोली आदि गांव में वन विभाग की ओर से जूट बोरा,मोबिल , मिट्टी तेल इत्यादि उपलब्ध कराया जिससे कि हाथियों को खदेड़ा जा सके और किसी प्रकार का जान माल का नुकसान ना हो।

### साहिबजादों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : विमला प्रधान



**सिमडेगा।** वीर बाल दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को ढेबर ग्राम में वीर बाल दिवस मनाया गया मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने उपस्थित छात्र छात्राओं को वीर बाल दिवस के बारे बताते हुए कहा कि वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है ।अंतिम सिख गुरु गोविंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे, मुगल शासन काल के दौरान पंजाब में सिखों के नेता गुरु गोविंद सिंह के चार बेटे थे ।उन्हें चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था। आज उनकी कहानियों को याद करने का दिन है और यह जानने का भी दिन है, कि कैसे उनकी निर्मम हत्या कर दी गई ।खासकर जोरावर और फतेह सिंह की सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था ।इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था। राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए छोटी उम्र में साहबजादों के बलिदान को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता।यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी मौके पर बच्चों के बीच क्विज का भी आयोजन किया गया और बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, कार्यक्रम सहसंयोजक हंसा रानी, अनुप प्रसाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री देवी, अनिरूद्ध सिंह, पिंकी प्रसाद, सानिया देवी, पुष्पा देवी, शिखा अग्रवाल निशा बड़ाईक उपस्थित थे।

## सुदूरवर्ती ग्राम कंदरडेगा पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का डोमटोली पंचायत के सुदूरवर्ती गांव कंदरडेगा ग्रामीणों के बुलावे पर पहुंचे। मौके पर ग्रामीणों ने समस्या रखी । वार्ड सदस्य ने कहा की हमारे गांव और गांव से सटे क्षेत्र में बिजली पानी सड़क इत्यादि की काफी गंभीर समस्या है ।हमारा हाल लेने वाला ना ही कोई जनप्रतिनिधि और ना ही प्रशासन के पदाधिकारी है। इसलिए आप को अब दुखड़ा सुना रहे ।ग्रामीणों को संबोधित जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा की आप सभी कि इस समस्या का असली वजह आपका एक गलत निर्णय है ।आप लोगों ने वोट के समय दूसरे के बहकावे में आकर जाति धर्म के बातों में आकर गलत प्रतिनिधि का चुनाव किया ।जिसका नतीजा है कि आज आप इतनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। आप सभी जानते हैं की झारखंड पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो विकास के लिए राजनीति करती है ।पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि झारखंड पार्टी कभी भी जाति और धर्म की राजनीति नहीं करती है ।वह सिर्फ और सिर्फ गरीब जनता के लिए विकास कार्य के लिए राजनीति करती हैं ।आप सभी जानते हैं जब हम एक छोटा कार्यकाल के लिए मंत्री बने थे। पूरे क्षेत्र में हमने विकास कार्य करने का प्रयास किया।आप लोगों को भरोसा दिलाते है इस बार आप झारखंड पार्टी को सहयोग करें आपकी समस्या दूर होगी। उन्होंने बिजली पर कहा की 24 घंटे के अंदर अंदर आपके गांव में बिजली जल जाएगी । एनोस एक्का सिर्फ बोलता नहीं है करके दिखाता है ।आपसे अपील है कि आप भी आगे से काम करने वाला अगुवा को ही चुने जिससे आपके क्षेत्र का विकास हो सके।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में 3303 आवेदन आये



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
झारखंड सरकार के 4 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बानो पंचायत में पंचायत स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया शिविर में कुल 3303 आवेदन प्राप्त हुए इधर कार्यक्रम से पूर्व बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी, जिला परिषद बिरजो कंडुलना, बानो प्रमुख सुधीर डांग एवं झामुमो जिला सचिव द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में झामुमो जिला सचिव सफीक खान ने हेमंत सरकार द्वारा राज्य में चल रहे हैं योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दिसुम गुरु शिबू सोरेन का सपना था कि सरकार आपके द्वार पहुँच कर आप लोगो के विकास कार्य मे सहयोग करे। पूर्व की सरकार खाना पूर्ति करते हुए शौचालय दिया ।जनता को प्रधानमंत्री आवास भी इस महंगाई में इतने कम पैसा घर बनाया नही जा सकता है ।उसको देखते हुए अबुआ आवास योजना आरम्भ किया, जो तीन कमरों वाली होगी ।मौके पर विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे ।

### अग्रवाल सभा ने गरीबों के बीच बांटे कंबल




सिमडेगा। कोमेंजरा गांव में मंगलवार अग्रवाल सभा की ओर से असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।अग्रवाल सभा के संरक्षक शंकर लाल अग्रवाल ,लीलू राम अग्रवाल, शंभू लाल अग्रवाल, सत्तन अग्रवाल, एवं पवन जैन मोहित,पिंकुल मातनहेलिया हाथों कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मोती लाल अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल सभा से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर सभा द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। संरक्षक शंकर लाल अग्रवाल ने कहा कि सभा हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। मानव सेवा करना परमधर्म है।

### घर में सो रही महिला को सांप ने काटा, झाड़-फूंक के चक्कर में गयी जान

**जलडेगा(सिमडेगा)।** झारखंड के सिमडेगा जिले में ओड़गा ओपी क्षेत्र के टोनिया बुचाटोली निवासी सुकरमानी बाघेला (45 वर्ष) की मौत सांप काटने से हो गई। बताया गया कि सांप काटने के बाद काफी देर तक झाड़-फूक की गई। बाद में स्थिति बिगड़ने पर सुबह हॉस्पिटल ले जाने के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि रात को वह जमीन पर बिस्तर बनाकर सोई थी। इस दौरान जहरीले करैंत सांप ने उसकी पत्नी को डंस लिया। घटना की जानकारी के बाद जलडेगा अंचल अधिकारी डा.खगेन महतो ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देकर शव का पोस्टमॉर्टम कराने के लिए प्रेरित किया। अंचल अधिकारी ने कहा कि पोस्टमॉर्टम के बाद प्रविधान के अनुसार पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा।

## आशीष संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए कोलेबिरा विधायक

## प्रभु यीशु का आगमन शांति का संदेश है : फा. रफाएल



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
प्रखंड बोलबा के कच्छुपानी में मंगलवार को संत स्टेफन चर्च का गिरजा आशीष संस्कार कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विक्सल कोनगाडी शामिल हुए। मौके पर चरनी व घर आशीष संस्कार किया गया। इसके बाद दया याचना का पाठ व प्रभु यीशु के महिमा गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मिस्सा बलिदान के साथ पल्ली पुरोहित रफाएल केरकेट्टा, फादर पीटर मिंज, फा नुवास बिलुंग, फा अलेक्जेंडर व फा अगुस्टिन के द्वारा किया गया। मौके पर विभिन्न मंडलियों के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई ।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अनुष्ठाता फा रफाएल ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु का आगमन हमारे उद्धार के लिए हुआ है और हम सभी को आपस में प्रेम, शांति और एक-दूसरे का सहयोग करने के लिए प्रेरित करता है। विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि अभी हम सभी प्रभु यीसु का जन्म पर्व मना रहे है और नया साल भी नजदीक आ गया है ।आज हम सभी लोग यहां पर संत स्टेफन चर्च कच्छुपानी के संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुआ। संत स्टेफन परमेश्वर के वचनों के प्रचार और कलीसिया के लिए अपना बलिदान दिया परमेश्वर ने हमे अपने हाथों से बनाया है। पूरे संसार में मानव जाति ऐसी जाति है जिससे परमपिता परमेश्वर सबसे अधिक प्रेम करता है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों को धर्म के नाम पर लड़ा कर खत्म करना चाहती है जिसके तहत रोज-रोज नई नई साजिश रचने का कार्य कर रही ही। अभी नया शगूफा डी- लिस्टिंग का लाया गया है, जिससे हमारे बीच खाई पैदा हो और हम एक-दूसरे के दुश्मन बन जाएं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,अल्पसंख्यक टीटाँगर प्रखंड अध्यक्ष मो वाहिद, 20 सूत्री अध्यक्ष संजय कुजुर,शहबाज, अमित,जॉर्ज,संजय डुंगडुंग, बोलबा अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष ज्वलंत बेक, रश्मि सहित सैकड़ों की संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

### सिमडेगा में जंगली हाथी का आतंक, दो महिलाओं को बुरी तरह कुचला, दर्दनाक मौत

**बानो (सिमडेगा)।** सिमडेगा में जंगली हाथी ने दो महिलाओं को कुचल कर मार डाला। घटना बानो प्रखंड के डुमरिया पंचायत स्थित एकोदा गांव के शुक्रवार देर शाम की है। मामले में वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि ओडिशा के डुमरमुंडा गांव के रास्ते डुमरिया जंगल में हाथियों के घुसने की सूचना मिली थी। शाम लगभग सात बजे मरियम मुंडाईंन 55 साल और कमलावती देवी 45 साल दोनों बाजार से अपने घर लौट रही थीं। इस दौरान रास्ते में ही हाथी ने उन्हें निशाना बनाया और बुरी तरह से कुचल कर मार डाला। सूचना मिलने के बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार, वन कर्मी व थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंच जानकारी ली। जिप सदस्य बिरजो कंडुलना तथा वन क्षेत्र पदाधिकारी ने दोनों मृतका के स्वजनों को दस-दस हजार रुपये दिए। वहीं, अन्य सहायता राशि कागजी कार्रवाई के बाद जल्द से जल्द दिलाने का भरोसा दिया।

## सुशासन दिवस पर भाजपा नेताओं ने बांटे कंबल



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र में स्थित वार्ड नंबर 2 एवं 3 में स्व अटल बिहारी वाजपेई विचार मंच के द्वारा ठाकुर टोली के हरिजन टोली ढेबर ग्राम में जरूरतमंद असहाय वृद्ध लोगों के बीच पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा के नेतृत्व में मंच के अध्यक्ष की उपस्थिति में कंबल का वितरण किया गया तथा श्री बेसरा ने लोगों को अटल जी के विषय में कहा कि 25 दिसंबर को श्रध्देय स्व अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर सम्पूर्ण देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्व अटल बिहारी वाजपेई को खास कर इसलिए भी याद किया जाता है, कि उनके प्रधानमंत्री काल में झारखंड राज्य को अलग राज्य बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका थी और उन्हीं के प्रयास से संभव हुआ।श्रध्देय स्व अटल बिहारी वाजपेई विचार मंच के अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष श्रध्देय स्व अटल बिहारी वाजपेई जी के जयंती पर मंच के माध्यम से गरीब असहाय वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण कर उस महान आत्मा को याद किया जाता है।

## एक नजर

### बोकारो में एसडीपीओ ने मारा छापा

**बोकारो :** बोकारो में रविवार की रात 12.30 बजे पुलिस की टीम ने जरीडीह के बलुआडीह में छापेमारी की। बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खेत व झाड़ियों में छिपाकर रखे गए 180 टन कोयले को जब्त किया। जांच में पाया गया कि अवैध तरीके से कोयला खादानों से उत्खनन कर एकत्र कोयले का परिवहन किया जाना था। थाना प्रभारी के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### मोतियाबिंद रोगियों का नि:शुल्क ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से पिछले दिनों मोतियाबिंद जांच शिविर में चयनित 6 रोगियों का ऑपरेशन कर नि:शुल्क लेंस लगाया गया। कुल 30 रोगियों की आंखों की जांच हुई थी, जिसमें 6 का चयन ऑपरेशन के लिए हुआ था।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**जमशेदपुरः** जमशेदपुर के गुरमा इलाके के पास सोमवार को एक वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना उस समय हुई, जब पांच लोगों को ले जा रहे वाहन के अगले टायर की हवा निकल गयी, जिससे वह राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर पलट गयी। पुलिस के मुताबिक, सभी पांच यात्री कोलकाता के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को एमजीएम अस्पताल ले गए, जहां एक व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अस्पताल में भर्ती तीन घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की स्थिति काफी गंभीर थी। मगर अब उनकी स्थिति में सुधार हो रहा है।

# यूट्यूब से सीखा एटीएम से फ्रॉड का तरीका ठगी करते गिरिडीह पुलिस ने धर दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीहः** पैसा कमाने के शॉर्टकट तरीके से अमीर बनने के चक्कर में में कुछ युवक अपराध के दलदल में फंस जाते हैं। गिरिडीह पुलिस ने ऐसे ही युवक को पकड़ा है, जो इसी तरह के यूट्यूब वीडियो से एटीएम बूथ के अंदर जाकर फ्रॉड करने लगा। पकड़ा गया आरोपी बिहार के गया जिला अंतर्गत फतेहपुर थाना इलाके के धनेता गांव निवासी 22 वर्षीय संजीव कुमार है। किसी वीडियो में से एक वीडियो में बताया गया कि एटीएम में पैसा निकासी करने के दौरान यदि पैसा नहीं निकलता है तो वह रकम एटीएम के कैस ड्रावल स्लॉट में 15 मिनट तक फंसा रहता है। इसी 15 मिनट का फायदा उठाकर लोगों को ठगा जा सकता है। इस वीडियो में यह बताया गया कि यदि कैश ड्रावल स्लॉट के साइज में चदरा या सनमाइका की लंबाई-10 इंच चौड़ाई 2 इंच की पट्टी बनाकर उसके होल को बंद कर दिया जाए तो पैसा फंस जाएगा और 15 मिनट के अंदर यदि पट्टी को हटा लिया जाए तो पैसा निकाला जा सकता है। संजीव को मुफस्सिल थाना अंतर्गत महतोडीह पिकेट में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक सुबोध कुमार दास ने पकड़ा है। पकड़े गए युवक के पास से एटीएम स्लॉट के साइज की 6 पट्टी, करेंसी फंसाने का स्टील के औजार और बाइक मिली है। इसकी पुष्टि एसपी दीपक कुमार ने की है। गिरफ्तारी के बाद सोमवार की देर शाम को पुलिस निरीक्षक श्यामकिशोर महतो व अवर निरीक्षक हसनैन अंसारी ने संजीव को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में केंद्रीय कारा भेजा गया। पकड़ाए संजीव ने



बताया कि यूट्यूब पर साइबर ठगी से लेकर एटीएम से फ्रॉड करने की ढेरो वीडियो हैं।इन्हीं इसी वीडियो को देखने के बाद उसने अपने साथी बिहार के नवादा जिला अंतर्गत सिरदल्ला निवासी दीपु कुमार उर्फ छोटू के साथ एटीएम आने वाले लोगों को निशाना बनाना शुरू किया।वह अपने साथी के साथ ऐसे एटीएम बूथ पर पहुंचता था जहां कोई गार्ड नहीं रहता।यहां मौका पाकर वह कैश ड्रावल स्लॉट पट्टी लगा देता। यहां जब कोई पैसा निकालने आता और रकम नहीं निकलता तो दोनों पहुंचते और फिर पैसा निकालने वाले व्यक्ति को एटीएम बूथ से किसी तरह से हटा देते। उसके जाते ही वह बूथ के अंदर दाखिल होता और फिर स्लॉट पर लगाए गए पट्टी को हटाकर पैसा निकाल कर रफूचक्कर हो जाते।बताया कि उसने गिरिडीह के अलावा कोडरमा में इस तरह से ठगी की है। पुलिस ने बताया कि 24 दिसंबर को मुफस्सिल थाना इलाके के अलगुंदा निवासी संजय कुमार सिंह ने शिकायत की।बताया कि डांडीडीह स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में पैसा निकासी करने गये थे निकासी के क्रम में ट्रांजेक्सन से 10,000 रुपए निकासी का मैसेज इनके मोबाइल पर आया लेकिन पैसा नहीं निकला।इस सूचना पर पुलिस पहुंची तो संजीव पकड़ा गया. हालांकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि 24 दिसंबर को मुफस्सिल थाना इलाके के अलगुंदा निवासी संजय कुमार सिंह ने शिकायत की. बताया कि डांडीडीह स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में पैसा निकासी करने गये थे निकासी के क्रम में ट्रांजेक्शन से 10,000 रुपए निकासी का मैसेज इनके मोबाइल पर आया लेकिन पैसा नहीं निकला। वो अपने एक परिचित को एटीएम के पास रखकर दूसरा एटीएम लाने गए. इसी क्रम में इनके साथी द्वारा बताया गया कि दो व्यक्ति एटीएम के कैश स्लॉट में कुछ छेड़-छाड़ कर दिए। इधर पकड़ में आए संजीव से एसपी दीपक कुमार शर्मा ने भी पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने अपना जुर्म कबूल किया। यह भी बताया कि उसने यूट्यूब के वीडियो से इस अपराध को सीखा है। अब जेल जाते वक्त युवक ने कहा कि वह आगे से अपराध करेगा ही नहीं. युवक संजीव का कहना है कि पुलिस के समझाने के बाद वह समाज की मुख्य धारा में लौटेगा।

### बड़ा शिव मंदिर में अष्टजाम सह हरि कीर्तन 31 को

**जमशेदपुर :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बारीडीह के विद्यापतिनगर में बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अष्टजाम सह हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। अष्टजाम सह हरि कीर्तन 31 दिसंबर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। 24 घंटे का अखंड हरिकिर्तन एक जनवरी 2024 को संपूर्ण होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में विद्यापतिनगर के निवासियों के अलावा शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित होंगे। यह जानकारी विद्यापतिनगर निवासी अष्टजाम सह हरि कीर्तन के आयोजक शक्ति पांडेय ने दी है। उन्होंने कहा कि यह अष्टजाम सह हरि कीर्तन प्रतिवर्ष लोगों की सुख-शांति और कल्याण के लिए किया जाता है।

### द्वारपहरी में आरके फर्नीचर महल का उद्घघाट्न



**गिरिडीहः** द्वारपहरी में मंगलवार को आरके फर्नीचर का उद्घाटन विद्वत रूप से पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने फीता काटकर किया । इस उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडे पूर्व मुखिया कैलाश यादव मजीद अन्सारी, तनवीर हसन,रिजवी अन्सारी,सन्तोष हाड़ी,कृष्ण मुरारी प्रसाद,इमामत अन्सारी, समय दर्जनों लोग मौजूद थे। जिसमें आये हुए मुख्य अतिथियों को फूल माला और बुके देकर स्वागत किया गया। फर्नीचर महल का संचालक राजू अन्सारी ने बताया कि इस फर्नीचर महल में विभिन्न प्रकार पलंग,कुर्सी,सभी तरह का फर्नीचर सामना उचित दामो में मिलता है।। इस क्षेत्र के लिए आसानी होगी। एक बार अवशय इस महल में आकर पधारे।।मौके पर तस्लीम अंसारी,मुस्लिम अन्सारी,बैंक मैनेजर, समेत समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### तिसरी में 20 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग कोर्स का समापन



**गिरिडीह :** 35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय तिसरी में चल रहे 20 दिवसीय मोबाईल रिपेयरिंग कॉर्स का मंगलवार को समारोह आयोजित कर समापन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहायक कमांडेंट मिथुन सरकार, खिजुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहन मरांडी और गुमगी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेश राउत उपस्थित थे। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षुओं के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। बताया गया कि 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोरंजन कुमार पांडे के निदेर्शानुसार इस रिपेयरिंग कोर्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके माध्यम से दर्जनों युवाओं को मोबाइल रिपेयरिंग की स्किल सिखाई गई। वहीं सहायक कमाडेंट मिथुन सरकार ने कहा कि एसएसबी द्वारा इस मोबाईल रिपेयरिंग कॉर्स के तहत युवाओं को रिपेयरिंग करने की स्किल सिखाई गई। जिससे इन युवाओं के समक्ष रोजगार के साधन प्रशस्त होंगें। उन्होंने कहा कि एसएसबी द्वारा हमेशा से ही इन क्षेत्रों में इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाता रहा है जिससे लाभान्वित होकर अब तक दर्जनों युवाओं के समक्ष रोजगार के साधन उपलब्ध हुए हैं। मौके पर निरीक्षक सामान्य शशि कुमार ई समवाय प्रभारी तिसरी, उप निरीक्षक ओमप्रकाश मीणा एवं अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## मार्च से धनबाद को डीवीसी की लोडशेडिंग से मिलेगी निजात



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबादः** मार्च से धनबाद को डीवीसी की लोडशेडिंग से निजात मिलेगी। पतरातू थर्मल पावर प्लांट की नई यूनिट से बिजली आपूर्ति शुरू होगी। पहले फेज में 400 मेगावाट बिजली सप्लाई होगी, जिससे धनबाद, बोकारो, कोडरमा, रामगढ़ सहित अन्य जिलों को पर्याप्त बिजली मिलेगी। लोगों को बिजली संकट से राहत मिलेगी। अभी धनबाद को क्षमता से 30 मेगावाट कम बिजली मिल रही है। 190 मेगावाट के बदले 160 मेगावाट बिजली मिल रही है। इस कारण ठंड में भी डीवीसी की लोडशेडिंग जारी है।

#### पतरातू थर्मल पावर प्लांट से 800 मेगावाट उत्पादन

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पतरातू थर्मल पावर प्लांट से कुल 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। प्लांट की नई यूनिट से उत्पादन कर मार्च से बिजली सप्लाई शुरू होगी, जिससे 400 मेगावाट बिजली आपूर्ति होगी। डीवीसी के कमांड एरिया सहित अन्य जिलों को बिजली की आपूर्ति की जाएगी। लोगों को बिजली संकट से राहत मिलेगी। वर्तमान में डीवीसी हर दिन तीन घंटे लोडशेडिंग कर रही है, जिससे लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पुटकी व महुदा ग्रिड से जुड़ेगी पतरातू लाइनः धनबाद में पुटकी और महुदा ग्रिड मार्च तक चालू किया जाएगा। ग्रिड बनकर पूरी तरह से तैयार है। कुछ जगहों पर एक लाख 32 हजार हाईटेंशन तार जोड़ने का काम अंतिम चरण में है। पतरातू थर्मल पावर प्लांट को दोनों ग्रिड से जोड़ा जाएगा और डीवीसी की बिजली से बाहर जाएगी।

### अनाज की लूट करनेवाले को मिले कड़ी सजा : राजेश सिन्हा



**गिरिडीह :** आज भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा राजेश सिन्हा ने जिले भर में हो रही अनाज की लूट करने वाले पर कार्यवाई के लिए उपायुक्त के नाम आवेदन दिया है,आवेदन में यह भी जिक्र किया गया है कि टेंडर धारी दो सगे भाइयों के पिता का अलग-अलग नाम कैसे टेंडर के लिए कागज पर हो सकता है,साथ ही साथ 26 करोड़ का अनाज आखिर किसके ताल में से चोरी हुई बताना जरूरी है,आम आदमी,गरीब आदमी का निवाला था,भाकपा माले आंदोलन के जरिए जन जन तक पहुंचाएगा मुद्दा। ज्ञात हो माले के बगोदर विधायक विनोद सिंह ने तीन चार महीने पहले चावल लूट का डिटेल्स दिया था,चर्चा किया गया था उसके आलोक में आज तक जांच जारी है कार्य हो रहा है,आगे भी लगातार लूट पर अंकुश कराने का काम करता है माले। इधर गिरिडीह उपायुक्त में तीन महीने पहले ही लूट के बारे जिक्र कर दिया गया था। अब जांच का दायरा और बढ़ाने के लिए आम जनता को माले के बैनर तले आंदोलन में आना होगा,अन्य पार्टियों को जनता के मुद्दे से बहुत लेना देना नही रहता है। सिन्हा के साथ आवेदक देने में माले के कन्हैया सिंह,एकराम,चांद नौसाद,राजीव,संजय,रंजित यादव आदि मौजूद थे, इनलोग ने भी कहा है कि उपरोक्त मांग,जल्द पूरा करें प्रशासन,आवेदक को शक है कही जांच में गड़बड़ी नहीं हो जाए,लगातार आवेदक को धमकी भी मिलना शुरू हुआ है,जल्द कार्यवाई होगी चूकि प्रशासन से बड़ी उम्मीद है आवेदक और जनता को,लेकिन जांच में तेजी लाने की जरूरत है।

# गिरिडीह में आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार

## साइबर अपराधी फर्जी सिम कार्ड के सहारे लोगों को ठगते रहे

### अपराधियों के पास से कोरा सिमकार्ड मिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीहः** जिला के पुलिस ने इस बार एक ही दिन में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है वे धनबाद और गिरिडीह के हैं इस बार गिरिडीह पुलिस को कोरा सिमकार्ड मिला है।

गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा का कहना है कि कोर सिम कार्ड काफी खतरनाक है और इस सिम कार्ड का उपयोग करते हुए साइबर अपराधी से कल लोगों को अपना निशाना बना सकते थे बताएं कि बरामद सिम कार्ड को दूसरे प्रदेश से खरीदा गया था।

### ऐसे हुई गिरफ्तारी

एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से जिले के विभिन्न थाना इलाके में साइबर अपराधी के सक्रिय होने की सूचना मिली थी. इस सूचना पर डीएसपी संदीप सुमन के नेतृत्व में एक टीम गठित हुई टीम ने कुल 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिनकी गिरफ्तारी हुई उनके पास से 20 मोबाइल, साइबर ठगी के पैसे से खरीदे गए लैपटॉप के अलावा 25 सिमकार्ड, चार एटीएम पैन कार्ड, आधार कार्ड मिला है, उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी में किडनी के खेतवारा निवासी दीपक कुमार, पिता विनोद कुमार, पडरमानिया निवासी प्रेम कुमार मंडल, पिता शंकर मंडल,



आहिल्यापुर के जोरासिमर निवासी दिनेश कुमार मंडल, पिता राजू मंडल, गवां थाने इलाके के उपरेली कहुवाई निवासी मंटू कुमार साव, पिता सहदेव साव मुफस्सिल थाना इलाके के बुढ़िया टंड निवासी रूपेश कुमार शर्मा, पिता सुखदेव महतो, धनबाद जिले के टुंडी थाना अंतर्गत कटचीर मधुरसा निवासी राहुल कुमार मंडल, पिता दीनानाथ मंडल, एवं पवन मंडल पिता स्वर्गीय मुन्ना मंडल शामिल है, बताया कि यह लोग मातृत्व लाभ, बैंक अधिकारी बनकर ठगी करना, आम लोगों को अश्लील वीडियो भेज कर ब्लैकमेल करने का काम करते थे। गिरफ्तार आरोपियों में मंटू कुमार साव सिम कार्ड प्रोवाइड है, यह पश्चिम बंगाल से बगैर कागजात के ही कोरा सिमकार्ड मंगा लेता था, फिर इस कार्ड को वह साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराता था, पुलिसिया पूछताछ में मंटू ने बताया कि वह 850 रुपए में सिम कार्ड खरीदना था।

### चैंबर भवन में संगोष्ठी का किया गया आयोजन

## लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रतिमूर्ति थे अटल जी : अमर कुमार बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुरः** भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर चैंबर भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में चंदनकियारी के विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा व अन्य वरीय नेतागण शामिल हुए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अटल जी लोकतांत्रिक व



मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति थे।

वह सुशासन के सशक्त सूत्रधार थे। भाजपा कार्यकर्ता अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन आदर्शों का अनुसरण करते हुए सुशासन के रास्ते पर चलें। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य अटल बिहारी वाजपेयी का ऋणी रहेगा।

वहीं, सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, संसद की विभिन्न महत्वपूर्ण स्थायी समितियों के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता के रूप में उन्होंने आजादी के बाद भारत की घरेलू और विदेश नीति को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका निभाई।

## रेलवे ट्रैक के किनारे से एक युवक का शव बरामद, जांच-पड़ताल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के राजमहल थाना क्षेत्र के बेगमपुरा (मंडई) स्थित झमझमिया काली मंदिर के पास रेलवे ट्रैक के किनारे से एक युवक का शव मंगलवार की सुबह बरामद हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं अन्यत्र हत्या के बाद शव को वहां लाकर फेंका गया है। माना जा रहा है कि इसके पीछे अपराधियों का मकसद हत्या को आत्महत्या का रूप देने का रहा होगा। शव की पहचान तीनपहाड़ निवासी रंजीत मंडल के पुत्र तुषारकांत मंडल (25) के रूप में हुई। पिछले कुछ समय से पिता के बीमार रहने से तुषार खुद टेंट का काम देख रहा था। तुषार के पिता का तीनपहाड़ में टेंट का कारोबार है। हत्यारे का सुराग लगाने के लिए दुमका से डॉग स्क्वॉयड को यहां मंगाया जा रहा है। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है। किसी को वहां जाने नहीं दिया जा रहा है। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि सोमवार की शाम करीब साढ़े छह बजे राजमहल के नीलकोठी स्थित मामा घर से अपना घर तीनपहाड़ जाने की बात कहर तुषार बाइक लेकर निकला था। जब वह रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजन काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल सका। इधर, मंगलवार की सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास खेत जा रहे आसपास के कुछ लोगों की नजर रेलवे ट्रैक के पास पड़े युवक के शव पर गई। उनलोगों ने इसकी जानकारी पास में स्थित रेलवे फाटक पर तैनात कर्मी व गैंगमैन को दी। उसके बाद यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे तो शव की पहचान हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बाइक से राजमहल से तीनपहाड़ जाने के क्रम में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है।

मारपीट कर एवं पत्थर से चेहरा कूचकर हत्या करने का अंदेशा जताया जा रहा है। शव को वहां इसलिए फेंका गया होगा,ताकि हत्या की घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। तुषार पिता का इकलौता पुत्र था।

### सड़क दुर्घटना में पैदल कर्मी गंभीर रूप से घायल

गुवा, बैंक मोड़ क्षेत्र स्थित हिल्टॉप जाने वाली मार्ग पर टायर दुकान के सामने चारपहिया वाहन ने पैदल जा रहे चन्द्रमोहन भंज (43 वर्ष) न्यू कैंप निवासी को धक्का मार दिया। इसके बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। यह घटना 25 दिसम्बर की रात लगभग 8 बजे की है। कार के धक्के से चन्द्रमोहन सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। तत्काल स्थानीय लोगों ने उसे सेल अस्पताल किरीबुरु में भर्ती कराया। चन्द्रमोहन के सिर व शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आयी हैं। चन्द्रमोहन ने बताया कि वह मंदिर तालाब से श्राद्ध से जुड़े एक कार्यक्रम में भाग लेकर पैदल अपने घर जा रहा था। तभी नशे की हालत में धुत कुछ लोग वाहन को टेढ़ा-मेढ़ा चलाते हुये उसे पीछे से टक्कर मार फरार हो गये। बताया जा रहा है कि जिस वाहन ने उसे धक्का मारा वह हिल्टॉप का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल चास में 5वां वार्षिकोत्सव फेट आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के एम सिन्हा शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस फेट के अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के कई स्टॉल लगाए थे और भीड़ के लिए मनोरंजक खेल भी शामिल रहे।

इस अवसर पर कला और शिल्प प्रदर्शनी, विज्ञान प्रदर्शनी, मुफ्त प्रवेश के लिए बहुत सारे स्टॉल के साथ स्कूल में उत्सव का माहौल था। नृत्य प्रदर्शन, बुक स्टॉल, म्यूजिकल चेयर, लकी डिप, ड्राइंग प्रतियोगिता और फूड स्टॉल। इस अवसर पर विभिन्न स्पर्धाओं में सफल बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किएगे। सभी कार्यक्रम और उत्सव का आयोजन निदेशक सुरेश कुमार और उप-प्रधानाचार्य राजिया सुल्तान की देखरेख में किया गया।

### एमजीएम में मरीजों के बीच कंबल वितरण

**जमशेदपुर :** रोटी बैंक की ओर से एमजीएम में जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया गया। रोटी बैंक के चेयरमैन मनोज मिश्रा ने बताया कि कंबल वितरण में जेपीएस की प्राचार्या नमिता अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल ने सहयोग किया। एमजीएम के गायनिक वार्ड, मेडिसिन वार्ड, इमरजेंसी समेत अन्य विभाग के 100 से अधिक मरीज और तिमारदारों के बीच कंबल बांटे गए। कार्यक्रम में डॉ. पूनम, अनीमा दास, सरोज देवी, निखिल झा, रोहित कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## बोकारो थर्मल में माता जागरण कल

**बोकारो थर्मल।** कार्मेल स्कूल स्थित फुटबॉल मैदान में बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी की ओर से आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान सप्ताह को स्थगित कर दिया गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद फरवरी में अब अनुष्ठान होगा। हालांकि 28 दिसंबर को माता रानी का भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा।

## जिला खनन टास्क फोर्स ने जीटी रोड पर 54 ट्रकों को किया जब्त

### 1350 मीट्रिक टन कोयला लदे होने का अनुमान

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबादः** धनबाद में जिला खनन टास्क फोर्स ने जीटी रोड पर तोपचांची और हरिहरपुर क्षेत्र में अभियान चलाकर 54 ट्रकों को जब्त किया। ट्रकों पर 1350 मीट्रिक टन कोयला लदे होने का अनुमान है। झारखंड में सिंडिकेट बनाकर कोयले की खेंप को उत्तर प्रदेश व बिहार की मंडियों में खपाने वाले गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। धनबाद में जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर जीटी रोड से 54 ट्रकों पर लदे 1350 मीट्रिक टन कोयले को जब्त किया,इस कोयले को मंडी भेजे जाने की तैयारी थी। इस मामले में कोयला माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस दौरान कई चालक और खलासी ट्रक छोड़कर भाग गए। छापेमारी टीम का नेतृत्व कर रहे एसडीओ उदय रजक ने बताया कि ट्रक चालकों के पास न तो चालान मिला और न ही दूसरे कागजात ही मिले। ट्रकों को जब्त कर स्थानीय थानों के हवाले कर दिया गया है।



# नये साल में हमारी सोच..?

नये साल की शुरूआत होने वाली है। हम-सब के दरवाजे पर 2024 दस्तक देने ही वाला है। ऐसे में पिकनिक स्पॉट गुलजार होने लगे हैं। जश्न की तैयारी में युवा होश खो देते हैं। जंगल,पहाड़ मनोरम होने के साथ खतरनाक भी होते हैं। इस बात को समझने की जरूरत है। ऐसे जगहों पर दुर्घटना आम बात होती है। प्रत्येक वर्ष ऐसी जगहों पर दर्जनों लोगों की जानें चली जाती हैं। पुलिस ऐसी जगहों पर सावधानी बरतने की सलाह देती है। लेकिन इसे अनसुना कर दिया जाता है। कारण लोगों में जागरूकता की कमी है। परिवार और समाज का दायित्व बनता है कि वह युवाओं को सतर्कता बरतने की सलाह दें। साथ ही उन्हें होने वाले दुर्घटना के प्रति सावधान करें। दुर्घटना बढ़ने का कारण शराब के नशे में सड़कों पर वाहनों से रेस लगाना होता है। ठंड के मौसम में दुर्घटना का होना आम बात है। दूसरी तरफ झरनों और पहाड़ों के पास अत्यधिक पानी होने की वजह से भी दुर्घटना होती है। पिकनिक स्पाटों पर हुड़दंग का नजारा होता है। ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों को यह समझाना चाहिए कि इससे वे बचें। नशे की हालत में लोग ना सिर्फ अपने लिए खतरनाक बन जाते हैं,अपितु दूसरों के लिए भी घातक बन जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी वजह यह होती है कि धुंध के कारण जंगलों में दूर तक देखना संभव नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में अपने वाहनों की गति कम कर देनी चाहिए। बहरहाल झारखंड के पलामू में रविवार की शाम एक युवा पत्रकार दुर्घटना का शिकार हो गया। कार्यालय कर्मियों ने उसे बार-बार कहा कि हेलमेट पहना करो। लेकिन वह नहीं माना। नतीजा सामने है। अस्पताल के बेड पर पड़ा वह अपनी जिन्दगी के लिए ईश्वर से दुआ मांग रहा है। कहने का अभिप्राय यह कि समझदार लोग भी इसकी अनदेखी कर रहे हैं। यह अच्छी बात नहीं है। ऐसी स्थिति आ जाने के बाद अमुक व्यक्ति से लोग पल्ला झाड़ लेते हैं। इसकी साफ वजह यह होती है कि ऐसे लोग किसी की सलाह मानने को तैयार नहीं होते हैं। यह गलत परंपरा है। इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। कारण मौत आपका बाहर इंतजार कर रही है। थोड़ी सी चूक किसी की जान भी ले सकती है। इस बात को समझने की जरूरत है। यह सब नये साल के जोश में ज्यादा होता है। पिकनिक स्पॉट शराब की महक से शर्मसार हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जश्न मनाने का यह तरीका कैसे सही है? इस पर विचार करने की जरूरत है। इस तरीके को बदलने की जरूरत है। अच्छा होता सभी लोग नये साल को एक संकल्प के रूप में लें। कुछ नया करने की सोच रखें। आध्यात्म की दृष्टिकोण से किसी मंदिर में पूजा -पाठ के द्वारा भी नये साल का आगाज किया जा सकता है। गंदी सोच पर अंकुश लगाकर कर भी नये साल का स्वागत किया जा सकता है। इसे अपनाने की जरूरत है। तभी नया वर्ष मंगलमय होगा।

**परिवार और समाज का दायित्व बनता है कि वह युवाओं को सतर्कता बरतने की सलाह दें। साथ ही उन्हें होने वाले दुर्घटना के प्रति सावधान करें। दुर्घटना बढ़ने का कारण शराब के नशे में सड़कों पर वाहनों से रेस लगाना होता है। ठंड के मौसम में दुर्घटना का होना आम बात है। पिकनिक स्पाटों पर हुड़दंग का नजारा होता है। ऐसे में अभिभावकों को अपने बच्चों को यह समझाना चाहिए कि इससे वे बचें। नशे की हालत में लोग ना सिर्फ अपने लिए खतरनाक बन जाते हैं,अपितु दूसरों के लिए भी घातक बन जाते हैं। दूसरी सबसे बड़ी वजह यह होती है कि धुंध के कारण जंगलों में दूर तक देखना संभव नहीं हो पाता।**

# मिर्जा गालिब : गहन मानवीय चेतना के चितेरे

इन दिनों


ललित गर्ग



**मिर्जा** गालिब उर्दू-फारसी के प्रख्यात कवि तथा महान शायर थे। वे सार्व-धार्म-सद्भाव एवं मानवीय चेतना के चितेरे थे। गालिब का व्यक्तित्व बड़ा ही आकर्षक एवं बहुआयामी था। उनका जीवन संघर्ष से भागते या पलायन करते हुए नहीं बिता और न इनकी कविता एवं शायरी में कहीं निराशा का नाम है। वह इस संघर्ष को जीवन का एक अंश तथा आवश्यक अंग समझते थे। मानव की उच्चता तथा मनुष्यत्व को सब कुछ मानकर उसके भावों तथा विचारों का वर्णन करने में वह अत्यन्त निपुण थे और यह वर्णनशैली ऐसे नये ढंग की है कि इसे पढ़कर शताब्दियों बाद भी पाठक मुग्ध हो जाता है। गालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम के कारण जो भाव प्रकट किये हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता। हर जुबां का वो आसरा...उसके दिल में धड़कता था आगरा... गालिब को पूरी दुनिया जानती है, उनकी शायरी का सम्मान करती है। उनकी शायरी के लोग आज भी दीवाने हैं कोई भी महफिल गालिब की शायरी के अधूरी है। उनका जन्म आगरा में 27 दिसंबर 1797 को एक सैनिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उनका पूरा बचपन ताजनगरी में ही बीता। मिर्जा गालिब का पूरा नाम मिर्जा असद-उल्लाह बेग खां उर्फ 'गालिब' था। उन्होंने अपने पिता और चाचा को बचपन में ही खो दिया था, गालिब का जीवनयापन मूलतः अपने चाचा के मरणोपरांत मिलने वाले पेंशन से होता था। गालिब की पृष्ठभूमि एक तुर्क परिवार से थी और इनके दादा मिर्जा कोबान बेग खान मध्य एशिया के समरकन्द से सन 1750 के आसपास अहमद शाह के शासन काल में भारत आये। उन्होंने दिल्ली, लाहौर व जयपुर में काम किया और अन्ततः आगरा में बस गये। गालिब के पिता मिर्जा अब्दुल्ला बेग ने इज्जत-उत-निसा बेगम से निकाह किया और अपने ससुर के घर में रहने लगे। उन्होने पहले लखनऊ के नवाब और बाद में हैदराबाद के निजाम के यहाँ काम किया। 1802 में अलवर में एक युद्ध में उनकी मृत्यु के समय गालिब मात्र 5 वर्ष के थे। जब गालिब छोटे थे तो एक नव-मुस्लिम-वर्तित ईरान से दिल्ली आए थे और उनके सान्निध्य में रहकर गालिब ने फारसी सीखी। जवानी के दहलीज पर कदम रखते ही वह दिल्ली चले गये। यहां जाने के बाद भी ताउम्र मिर्जा गालिब के दिल व दिमाग में आगरा छाया रहा। आगरा में गालिब के जन्मस्थान को 'इन्द्रभान कन्या अन्तर महाविद्यालय' में बदल दिया गया है, जिस कमरे में गालिब का जन्म हुआ था उसे आज भी सुरक्षित रखा गया है। दिल्ली के चांदनी चौक के बल्लीमारान इलाके के कासिम जान गली में स्थित गालिब के घर को 'गालिब मेमोरियल' में तब्दील कर दिया गया। गालिब की प्रारम्भिक शिक्षा के बारे में स्पष्टतः कुछ कहा नहीं जा सकता। उन्होंने अधिकतर फारसी और उर्दू में पारम्परिक भक्ति और सौन्दर्य रस पर रचनायें लिखी। उन्होंने फारसी और उर्दू दोनो में पारंपरिक गीत काव्य की रहस्यमय-रोमांटिक शैली में सबसे व्यापक रूप से लिखा और यह गजल के रूप में जाना जाता है। उनकी शायरियों में गहन साहित्य और क्लिष्ट भाषा का समावेश था। उन्होंने अपनी शायरी का बड़ा हिस्सा असद के नाम से लिखा है। गालिब हिंदुस्तान में उर्दू अदबी के दुनिया के सबसे रोचक किरदार थे। उनकी जड़ें तुर्क से थीं। वे फारसी कविता को भारतीय भाषा में लोकप्रिय करने में माहिर थे, उन्हें पत्र लिखने का बहुत शौक था।

**मानव की उच्चता तथा मनुष्यत्व को सब कुछ मानकर उसके भावों तथा विचारों का वर्णन करने में वह अत्यन्त निपुण थे और यह वर्णनशैली ऐसे नये ढंग की है कि इसे पढ़कर शताब्दियों बाद भी पाठक मुग्ध हो जाता है। गालिब में जिस प्रकार शारीरिक सौंदर्य था, उसी प्रकार उनकी प्रकृति में विनोदप्रियता तथा वक्रता भी थी और ये सब विशेषताएं उनकी कविता एवं शायरी में यत्र-तत्र झलकती रहती हैं। चिन्ताओं से संघर्ष में इनकी सहायक एक तो थी शराब, जिन्दगी के अंतिम समय में जुए की लत भी लग गई। उन्हें शुरू से शतरंज और चौसर खेलने की आदत थी। अक्सर मित्र-मण्डली जमा होती और खेल-तमाशों में वक्त कटता था। अपने मदिरा प्रेम के कारण जो भाव प्रकट किये हैं, वे शेर ऐसे चुटीले तथा विनोदपूर्ण हैं कि उनका जोड़ उर्दू कविता में अन्यत्र नहीं मिलता। हर जुबां का वो आसरा...उसके दिल में धड़कता था आगरा... गालिब को पूरी दुनिया जानती है, उनकी शायरी का सम्मान करती है। उनकी शायरी के लोग आज भी दीवाने हैं कोई भी महफिल गालिब की शायरी के अधूरी है। उनका जन्म आगरा में 27 दिसंबर 1797 को एक सैनिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ था। उनका पूरा बचपन ताजनगरी में ही बीता। मिर्जा गालिब का पूरा नाम मिर्जा असद-उल्लाह बेग खां उर्फ 'गालिब' था। उन्होंने अपने पिता और चाचा को बचपन में ही खो दिया था, गालिब का जीवनयापन मूलतः अपने चाचा के मरणोपरांत मिलने वाले पेंशन से होता था। गालिब की पृष्ठभूमि एक तुर्क परिवार से थी और इनके दादा मिर्जा कोबान बेग खान मध्य एशिया के समरकन्द से सन 1750 के आसपास अहमद शाह के शासन काल में भारत आये।**

## आप की बात

### बिजली की आंख मिचौली से परेशानी

पलामू जिले के बिजली उपभोक्ताओं को अपेक्षित आपूर्ति के लिए 125 से 130 मेगावाट बिजली की जरूरत है जबकि 75 से 80 मेगावट बिजली मिल रही है। करीब 50 मेगावाट की कमी से जिले में बिजली संकट कि स्थिति बन गई है। बिजली आपूर्ति लोड शेडिंग के सहारे चल रही है। शहरी क्षेत्र को अधिक व ग्रामीण क्षेत्रों को कम बिजली दी जा रही है। जिले में व्यवसायिक गतिविधि बढ़ने व घरों में बिजली आधारित उपकरणों के बढ़ने से लगातार बिजली की मांग बढ़ी है। जिले में लोडशेडिंग से बिजली आपूर्ति किए जाने के कारण आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। शाम और सुबह बिजली कि आँख मिचोनी से मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है। इंटर के परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने बताया कि सुबह और शाम के समय में दो-दो घंटे तक बिजली गायब रहने से तैयारी में परेशानी हो रही है। ग्रामीण महेश यादव ने बताया कि बिजली आपूर्ति की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। मेदिनीनगर के उमेश कुमार ने कहा कि ठंड बढ़ने के साथ बिजली कटौती भी बढ़ गई है। शहरी क्षेत्रों में 6 से 8 घंटे तक बिजली गायब रह रही है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में 12 से14 घंटे ही बिजली मिल रही है। बिजली आपूर्ति कंपनी के मेदिनीनगर डिविजन के कार्यपालक अभियंता एसएन चौधरी ने बताया कि मेदिनीनगर डिविजन में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। यहां पहले 65 मेगावाट की जरूरत पड़ती थी,लेकिन वर्तमान 80 मेगावाट बिजली की जरूरत है। मेदिनीनगर डिविजन में 65 मेगावाट ही बिजली मिल रही है।

**- राजेन्द्र प्रसाद, डालटनगंज**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

राजनीति


# राजस्थान कांग्रेस में कमजोर होगी गहलोत पायलट की पकड़


रमेश सर्राफ धमोरा

**पूर्व** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दोनों ही नेताओं को कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान की राजनीति से बाहर भेज दिया है। अब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में नये लोगों को आगे लाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। पिछले लंबे समय से राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। दोनों नेताओं में चल रही आपसी खींचतान के चलते राजस्थान में कांग्रेस को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। दोनों की अदावत के चलते ही राजस्थान में कांग्रेस सत्ता से भी बाहर हो चुकी हैं। 2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी और अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी। राजस्थान में दोनों बड़े नेता के अलग-अलग दो गुट बन गये थे। दोनों नेताओं की खींचतान के चलते स्थिति यहां तक खराब हो गई थी कि 2020 में सचिन पायलट ने अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत कर अपने समर्थक विधायकों को लेकर गुड़गांव चले गये थे। उस समय सरकार बचाने के लिए अशोक गहलोत को विधायकों की होटलों में बाड़ेबंदी करनी पड़ी थी। करीबन दो महीने तक चली आपसी खींचतान के बाद कांग्रेस आलाकमान के प्रयासों से कांग्रेस के दोनों नेताओं के बीच शांति स्थापित हो पायी थी। मगर सचिन पायलट को बगावत के चलते उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था। वही उनके समर्थक कई मंत्रियों को भी पदों से हटा दिया गया था। उस समय पायलट के पास विधायकों की संख्या कम रह गई थी। क्योंकि पायलट द्वारा की जा रही बगावत की जानकारी उनके ही कुछ विधायकों ने अशोक गहलोत को दे दी थी। गहलोत ने समय रहते पायलट गुट के कई विधायकों को अपने पाले में लाकर पायलट को राजनीतिक दृष्टि से कमजोर बना दिया था। आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद पायलट समर्थक कुछ विधायकों को गहलोत सरकार में फिर से मंत्री बनाया गया था। मगर पायलट को कोई भी पद नहीं दिया गया था।

**2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी व अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# यूपी कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हो रहे सकारात्मक प्रयास


कमलेश पांडे

**वजह** स्पष्ट है कि यदि कांग्रेस को प्रदेश में मजबूत बनाना है तो हमें राष्ट्रीय नीति के साथ-साथ क्षेत्रीय नीति और स्थानीय नेता विकसित करके उन में तारतम्य बिठाने की समुचित पहल करनी होगी। वहीं, विभिन्न कार्यक्रमों के सहारे लगातार उनकी मॉनिटरिंग भी करनी होगी। देश के सबसे बड़े राज्य में यूपी जोड़ो यात्रा को जो अपार जनसमर्थन मिल रहा है, उससे ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि यूपी में कांग्रेस पिछले 34 सालों से सत्ता से बाहर है। गठबंधन की राजनीति से उसकी कमर टूट चुकी है, जिसके चलते वह केंद्र में भी मजबूती से नहीं जम पा रही है। बदलते दौर में यूपी कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं, जिसके सुखद परिणाम जल्द ही सामने आयेंगे। कहना न होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव की सूबाई गठबंधन नीति से यूपी समेत हिंदी पट्टी के जमे-जमाये नेताओं ने पार्टी के कार्यक्रमों से जो किनारा करना शुरू किया, उसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के दस वर्षीय कार्यकाल को यदि छोड़ दिया जाय तो पुराना सिलसिला अब जाकर थमने के आसार प्रबल हुए हैं। वहीं, यूपी में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को एड़ी-चोटी एक करनी होगी। वजह स्पष्ट है कि यदि कांग्रेस को प्रदेश में मजबूत बनाना है तो हमें राष्ट्रीय नीति के साथ-साथ क्षेत्रीय नीति और स्थानीय नेता विकसित करके उनमें तारतम्य बिठाने की समुचित पहल करनी होगी। वहीं, विभिन्न कार्यक्रमों के सहारे लगातार उनकी मॉनिटरिंग भी करनी होगी। खास बात यह कि हमें राजनीतिक प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने में नये-पुराने के तफरके में संतुलन बिठाना होगा। यूपी कांग्रेस के नेता केंद्रीय नेतृत्व के भरोसे रहना चाहते हैं, जिसकी वजह से ना तो वहां पार्टी खड़ी हो पा रही है और ना ही जीत मिल रही है, जबकि तेलंगाना के नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के सहयोग से पार्टी खड़ी कर ली और चुनाव भी जीत लिया। वहां चार नेता ऐसे थे जो सीएम बनना चाहते थे, इसलिए सबने मेहनत की और सबकी मेहनत से पार्टी जीती।

**यूपी जोड़ो यात्रा को जो अपार जनसमर्थन मिल रहा है, उससे ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि यूपी में कांग्रेस पिछले 34 सालों से सत्ता से बाहर है। गठबंधन की राजनीति से उसकी कमर टूट चुकी है।**


बोधि वृक्ष

## ऋषि मार्कण्डेय की कथा

विभिन्न प्रकार की भक्ति और सतभक्ति में बहुत अंतर है। किसी भी देवी-देवता की उपासना से उसका फल अवश्य मिलता है, जो नाशवान होता है, लेकिन आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकती और पाप कर्मों का भी अंत नहीं होता, उसे भोगने के लिए बार-बार जन्म लेना पड़ता है । जबकि सतभक्ति करने से पापों का नाश, जन्म मरण से सदा के लिए मुक्ति और अमरलोक की प्राप्ति होती है।

**उपरोक्त तथ्य सिद्ध करते हैं:** सभी देवता, भगवान इंद्र, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, आदि जन्म लेते हैं और मर जाते हैं। वे शाश्वत नहीं हैं। अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद प्रत्येक जीवात्मा 84 लाख योनियों में कष्ट उठाते हैं। पहले के ऋषि और हमारे पूर्वज पूजा के सच्चे तरीके यानी सत भक्ति से अनभिज्ञ थे, इसलिए हठयोग किया और ब्रह्म-काल के जाल में फंसे रहे। शास्त्र विरुद्ध पूजा करने के कारण हमारे पूर्वज भूत और प्रेत बने। एक तत्वदर्शी संत द्वारा प्रदान की गई सच्ची पूजा से ही मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी ने सभी पवित्र शास्त्रों मे छिपे हुए जटिल आध्यात्मिक ज्ञान को सुलझाया है। पूर्ण संत की शरण में जाने से ही आत्मा को मोक्ष की प्राप्ति होगी अर्थात उनसे नाम-उपदेश (नाम दीक्षा सतनाम और सारनाम) प्राप्त करके और सर्वोच्च भगवान की भक्ति करने से ही मोक्ष संभव है अन्यथा नहीं। **महान संत गरीबदास जी कहते हैं**

**यह संसार समझता नाहीं । कहंदा शाम दोपहरे नूं गरीबदास, यह वक्त जात है। रोवोगे इस पहरे नूं। (समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

### फोन के कवर में रखते हैं नोट तो हो जायें सावधान

जब आपका फोन गर्म होता है, ओवरहीट होता है तो ऐसे में फोन में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। अगर आपने अपने फोन के कवर में कागज जैसे कि नोट या कोई डॉक्यूमेंट रखा हुआ है तो तेजी से वह चीज है जल सकती है। इसीलिए अपने फोन के कवर के पीछे कभी भी नोटों को न रखें।



**हीट को करता है ब्लॉक :**
जब आप अपने फोन के कवर में किसी भी प्रकार का कोई सामान रखते हैं तो आपने देखा होगा कि फोन में लगे कवर में कुछ होल बने होते हैं जहां से फोन का हीट निकलती रहती है। लेकिन जब आप अपने फोन के कवर में कोई भी वस्तु रख देते हैं तो वह उस छेद को ब्लॉक कर देता है, जिससे फोन की गर्मी कवर में ही रह जाती है और फोन तेजी से गर्म होने लगता है। बता दें कि आग लगने की संभावना के साथ-साथ इस तरीके की आपकी आदतें आपका फोन को भी डैमेज कर सकती हैं, क्योंकि जब फोन आपका ओवर हीट होगा तो इसका प्रोसेसर स्लो काम करना शुरू कर देगा और आपका फोन धीरे-धीरे खराब होने लग जाएगा। इसीलिए ऊपर दिए गए बातों को ध्यान में रखते हुए आप अपने फोन के कवर में कभी भी कोई भी वस्तु न रखें। **(समाप्त)**

**- विंध्यवासिनी सिंह**

### अब ये डिवाइस दिलायेगी मच्छरों से राहत

यूएसबी टाईप -सी पोर्ट आपने कनेक्टिंग डिवाइस, फोन चार्जर और कई दूसरी जगहों पर इसका इस्तेमाल किया होगा। लेकिन अब आप इसका इस्तेमाल मच्छरों से खुद को बचाने में भी कर सकते हैं। यूएसबी टाईप -सी पोर्ट का इस्तेमाल कर आप खुद को मच्छरों से बचा सकते हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### डायन के शक में महिला को जिंदा जलाया; छह गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सोनितपुर जिले में डायन के संदेह में 35 वर्षीय एक महिला को कथित तौर पर जिंदा जला दिया गया। हालाँकि हत्या के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है कि महिला की हत्या इसलिए की गई थी क्योंकि आरोपियों का मानना था कि वह डायन थी। यह घटना रविवार देर रात तेजपुर थाने के अधिकार क्षेत्र में बहबरी गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि महिला को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। सोनितपुर जिले के पुलिस अधीक्षक सुशांत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। सरमा ने कहा, ₹हमने गांव के कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने कथित तौर पर महिला को आग लगा दी थी। उनसे पूछताछ की जा रही है। अभी तक, हम निश्चित नहीं हो सकते हैं कि उसे डायन होने के संदेह में मार दिया गया था। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अजय संघार, धीरज भागुवार, सूरज भागुवार, पिंकू मल्हार, बैला संघार और बाबुल नागधर के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच है। पुलिस के मुताबिक, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए तेजपुर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (टीएमसीएच) भेज दिया गया है। मृतका की पहचान स्थानीय निवासी राम काति की पत्नी संगीता काति के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने मीडियाकर्मियों को बताया कि संगीता पर पहले भी हमला हो चुका है और उसे जादू-टोना करने से मना किया गया था। ग्रामीणों के अनुसार, ऐसा माना जाता था कि वह जादू-टोना और काला जादू करती थी। रविवार की रात कुछ लोग उसे एक खेत में ले गए और उसके परिवार की सहायता से उसे जिंदा जला दिया।

### नवविवाहिता ने मुंह दिखाई में मांगी सड़क एमएलसी ने किया वायदा

**लखनऊ।** अलीगढ़ में टप्पल क्षेत्र के गांव घांघौली में मुंह दिखाई में सड़क मांगने वाले नवविवाहिता जोड़े की सकारात्मक सोच की जहां एक तरफ तारीफ हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर गांव को 500 मीटर सड़क बनवाने का वायदा करने वाले भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व वर्तमान में अलीगढ़-हाथरस से एमएलसी चौधरी ऋषिपाल सिंह का ग्रामीण आभार जता रहे हैं, लेकिन गांव के लोगों का मानना है कि वायदा तो बहुत से जनप्रतिनिधियों ने पहले भी किया है, लेकिन उसे पटल पर उतारने का इंतजार रहेगा। वहीं एमएलसी चौधरी ऋषिपाल सिंह ने नए सत्र की पहली किस्त से घांघौली के जर्जर रास्ते को बनवाने की बात कही है। साथ ही उ?होंने नवविवाहित जोड़े की सोच को युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया है। गांव घांघौली निवासी भारत पहलवान की 10 दिसंबर को हुई शादी के बाद 17 दिसंबर को गांव में हुई दावत में शामिल नहीं होने के बाद बीते 24 दिसंबर को गांव में नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे चौधरी ऋषिपाल सिंह से पति-पत्नी ने मुंह दिखाई में दक्षिणा न लेकर उनसे गांव के जर्जरहाल में पड़े 500 मीटर के रास्ते को बनवाने की मांग की थी।

'भगवान राम' के दर्शन के लिए 2000 किलोमीटर की कर रही पदयात्रा

# जय श्रीराम' का नारा लगाती अयोध्या की तीर्थयात्रा पर निकली मुस्लिम महिला



नवीनमेल संवाददाता

**मुंबई:** राम की कट्टर भक्त और स्वयंभू सनातनी शबनम शेख ने मुंबई से अयोध्या तक पदयात्रा शुरू की। श्री राम की पताका लेकर वह सौ किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर चुकी हैं। रास्ते में श्री राम के भक्तों के साथ उनकी , 'जय श्री राम' का नारा लगाते हुए वीडियो तेजी से ऑनलाइन प्रसारित हो रहे हैं। शबनम नियमित रूप से अपनी ट्रैकिंग यात्रा को इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं, जिससे उन्हें काफी सराहना मिलती है। बनम शेख ने कहा, जय श्री राम। श्री राम का साक्ष्य देना मेरे जीवन का उद्देश्य है, इसलिए मेरी अयोध्या यात्रा है।₹ उनके प्रयास को दोस्तों, हिंदुओं और हिंदू संगठनों के सदस्यों से समर्थन मिलता है, जो राम को देखने की खोज में इस्लाम में जन्मी इस युवा महिला के पीछे एकजुट हो रहे हैं। राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान, राम लला की स्थापना के साथ-साथ धार्मिक समारोह देशभर में 500,000 मंदिरों की शोभा बढ़ाएंगे। आरएसएस के अधिकारी इन कार्यक्रमों की देखरेख करेंगे, जैसा कि ट्रस्ट के महासचिव चंपत रॉय ने पुष्टि की है, उन्होंने सनातन धर्म के अनुयायियों से देश भर के प्रत्येक मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का आग्रह किया है। 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने राम मंदिर विवाद को हल कर दिया, और प्रतिष्ठित राम जन्मभूमि पर इसके निर्माण को मंजूरी दे दी। 5 अगस्त, 2020 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महत्वपूर्ण मंदिर की आधारशिला रखी।

## बेतिया के मजदूर की हिमाचल में हत्या का मामला गरमाया, निकाला मार्च




**बेतिया।** हिमाचल प्रदेश के ऊना में बीते 12 दिसबंर को हुई बिहार प्रदेश के बेतिया जिले के मजदूर कुंडिलपुर बरगजवा निवासी हरीनंदन राम की मौत मामले में परिजन और ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है। शनिवार को भारी संख्या में परिजनों के साथ ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मार्च निकाला। कुंडिलपुर गांव से निकला मार्च नरकटियागंज अनुमंडल कार्यालय पहुंचा और धरना में तब्दील हो गया। जानकारी के मुताबिक, मार्च का नेतृत्व मुखिया प्रतिनिधि अभय सिंह, अखिल भारतीय आदिवासी गोंड महासभा के जिलाध्यक्ष शंभु प्रसाद और मृतक हरीनदंन की पत्नी शांति देवी कर रहे थे। इसमें सैकड़ों की संख्या में शामिल लोग हत्या मामले के केस का स्थानातंरण हिमाचल प्रदेश के टाहलीवाल से शिकारपुर थाने में करने (एससी/एसटी एक्ट के तहत), पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगवाने, मृतक के परिवार को सरकारी नौकरी दिलाने और मुआवजा की मांग कर रहे थे। गुस्साए लोगों ने एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता को मांग पत्र सौंप कार्रवाई की मांग की। गौरतलब हो कि बीते 12 दिसंबर को शिकारपुर थाना क्षेत्र के कुंडिलपुर निवासी मजदूर हरीनंदन राम (40) की हिमाचल प्रदेश के ऊना में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।हरीनदंन को उसके फैक्ट्री मालिक ने मामूली विवाद को लेकर गोली मार दी। ऊना जिले के हरोली थाना क्षेत्र के टाहलीवाल निवासी राईस मिल मालिक संत प्रकाश ने चावल में धान का अंश होने पर पहले हरीनंदन के साथ मारपीट की।

## दिल्ली हवाईअड्डे पर घने कोहरे के कारण 30 उड़ानों में हुई देरी, 8 का मार्ग बदला गया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे की चादर छाए रहने के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे को परिचालन में भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई, इससे विभिन्न उड़ानों के कार्यक्रम में काफी देरी हुई। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, प्रतिकूल मौसम के कारण 30 उड़ानें प्रभावित हुईं। हवाईअड्डे के सूत्रों के अनुसार, आठ उड़ानों को जयपुर डायवर्ट किया गया। सूत्रों ने कहा, एयर इंडिया से तीन, दो अकासा और एक बिग ब्लू से। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि अगले 3-4 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम और इससे सटे मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा जारी रहने की संभावना है। अपने बुलेटिन में, मौसम पूवार्नुमान एजेंसी ने कहा कि मंगलवार-गुरुवार के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में और राजस्थान और उत्तर में शुरूआती घंटों/सुबह में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति जारी रहने की संभावना है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर केशव का पलटवार



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उनके बयान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने पलटवार किया और कहा कि उनके सनातन विरोधी बयानों से न तो हिंदू धर्म कमजोर होगा और न ही भव्य राम मंदिर का निर्माण रुकेगा। केशव प्रसाद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जाको प्रभु दारुण दुख दीना, ताकी मति पहले हर लीना। उन्होंने कहा कि लगता है कि उनकी बुद्धि का हरण कर लिया गया है। उनको ये समझ में नहीं आ रहा है क्या बोलना चाहिए क्या नहीं। ऐसे बयान देकर कोई सनातन को न कमजोर कर सकता है और न ही मिटा सकता है। न हिंदुत्व को कमजोर कर सकता है और न ही मिटा सकता है और न ही भव्य राम मंदिर के निर्माण को रोक सकता है। अयोध्या पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान रामलला का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मेरे जैसे कार्यकर्ता, राम भक्त व कारसेवक के लिए गर्व की बात है। हम लोग अपने जीवनकाल में भगवान रामलला का भव्य मंदिर बनते हुए देख रहे हैं।

## जवान करन सिंह के परिजनों को 50 लाख रुपये का चेक सौंपा गया

एजेंसी

कानपुरः उत्तर प्रदेश के मंत्री राकेश सचान ने जम्मू-कश्मीर में बलिदान हुए जवान करन सिंह यादव के परिजनों को मंगलवार को 50 लाख रुपये का चेक सौंपा। सचान ने वीर जवान के परिजनों को सरकार की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।



एक दिन पहले सोमवार को वीर जवान का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिछले हफ्ते करन सिंह यादव जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकियों के खिलाफ अभियान के दौरान बलिदान हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीर जवान के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की थी। चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भाऊपुर माधौसिंह निवासी बालकराम का 30 वर्षीय पुत्र करन सिंह यादव जम्मू-कश्मीर में तैनात था। पुंछ हमले में करन सिंह यादव समेत चार जवान बलिदान हो गए थे। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री सचान परिजनों से मिले और 50 लाख का चेक सौंपा। सचान ने ग्राम भाउपुर माधौसिंह के बाहर वीर जवान के नाम पर गेट का निर्माण कराये जाने, चौबेपुर बिठूर मार्ग से ग्राम भाउपुर माधौसिंह जाने वाले सम्पर्क मार्ग का नाम वीर जवान के नाम पर करने और भाउपुर माधौसिंह ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि पर शहीद के नाम पर पार्क का निर्माण कराये जाने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन की ओर से मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सूरज यादव, उप जिलाधिकारी बिल्हौर रश्मि लाम्बा, तहसीलदार बिल्हौर तिमराज सिंह, नायब तहसीलदार चौबेपुर, क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर मौजूद रहे।

### सेना के अधिकारियों को बदलने से पुंछ मामले का समाधान नहीं होगा : फारूक अब्दुल्ला

**कश्मीर।** आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है, बढ़ता ही जा रहा है। प्रशिक्षित आतंकवादी आ रहे हैं और वे पकड़े नहीं जाते। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। भारत के पाकिस्तान के साथ बातचीत करने की जरुरत को लेकर किए गए एक सवाल के जवाब में अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध बयान का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर हम पड़ोसियों के साथ दोस्ती में रहेंगे तो हम दोनों समृद्ध होंगे लेकिन अगर हम दुश्मनी में रहेंगे तो हम तेजी से प्रगति नहीं कर पाएंगे। मोदी जी ने भी कहा है कि युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है और मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करना होगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि सेना के अधिकारियों को बदलने से पुंछ में हिरासत में हुई आम नागरिकों की मौत के मामले का समाधान नहीं होगा। अब्दुल्ला ने यह पता लगाने के लिए जांच का आह्वान किया कि सेना द्वारा हिरासत में लिए गए।

## राज्यपाल विवि के दीक्षांत समारोह के खिलाफ जा सकते हैं अदालत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस 24 दिसंबर को कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय में विवादास्पद दीक्षांत समारोह के खिलाफ अदालत में जाने पर विचार कर रहे हैं, जो कथित तौर पर राज्यपाल की सहमति के बिना किया गया था, जो कोलकाता में सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं। कोलकाता में राजभवन के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि जिस कानूनी आधार के तहत राज्यपाल का कार्यालय अदालत का दरवाजा खटखटाने पर विचार कर रहा है, वह वितरित प्रमाणपत्रों पर जेयू के अंतरिम कुलपति बुद्धदेव साव के हस्ताक्षर हैं। विवाद यह है कि, जैसा कि अंदरूनी सूत्रों ने कहा है, दीक्षांत समारोह के दिन जो प्रमाणपत्र वितरित किए गए थे, उनमें साव के हस्ताक्षर कैसे थे, क्योंकि उन्हें राज्यपाल ने जेयू के अंतरिम कुलपति की कुर्सी से पहले ही हटा दिया था। सोमवार को ही राज्यपाल कार्यालय ने जेयू अधिकारियों से उस कानूनी आधार पर स्पष्टीकरण मांगा था, जिसके तहत रविवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया था। मुख्य प्रश्न यह है कि बुद्धदेव साव दीक्षांत समारोह के आयोजन के बारे में निर्णय कैसे ले सकते थे और इसके लिए आवश्यक लागत को मंजूरी कैसे दे सकते थे क्योंकि उन्हें अंतरिम कुलपति की कुर्सी से हटा दिया गया था। रविवार को जेयू का दीक्षांत समारोह विवादों से घिरा रहा। रविवार सुबह दीक्षांत समारोह से महज 12 घंटे पहले राज्यपाल ने शनिवार शाम को साव को अंतरिम कुलपति की कुर्सी से हटा दिया।

## रामलला के आंगन के लिए अब्दुल-इकरा ने किया दान




**वाराणसी।** राम-रहीम, कृष्ण-करीम और महादेव-मोहम्मद में एकरूपता की हामी रही काशी की धरा ने एक बार फिर मिसाल पेश की है। हिंदू आस्था के प्रतीक भगवान राम के भव्य दरबार के लिए पूर्वांचल के अब्दुल और अब्दुल्ला ने भी अपनी निधि समर्पित की है। इनके जैसे हजारों मुसलमानों ने काशी की पतितपावनी गंगा को साक्षी मानकर भगवान राम के अद्भुत मंदिर के संकल्प की सिद्धी की है। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए समर्पण राशि देने वाले मुस्लिम समाज के लोगों को भगवान श्रीराम की पाती भेजी जा रही है। अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर के लिए काशी प्रांत के चार हजार से ज्यादा मुसलमानों ने दान स्वरूप लाखों रुपये की धनराशि प्रदान की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के काशी प्रांत के 27 जिलों में निधि समर्पण अभियान में मुसलमानों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था। यही कारण है कि काशी प्रांत से ही मुस्लिम समाज का सहयोग दो करोड़ रुपये से ज्यादा तक पहुंच गया। परंपरा और सौहार्द की सिरमौर रही काशी में रामलला के अयोध्या में विराजमान होने के निर्णय के बाद ही मुस्लिम समाज भी समर्पण निधि का हिस्सा बन गया था। मयार्दा पुरुषोत्तम राम के प्रति मुस्लिम समाज के रुझान को देखते हुए आरएसएस ने प्रत्येक जिले में समर्पण निधि के कार्यक्रम आयोजित किए।

## भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है सिख और हिंदू धर्म : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय :** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह मंगलवार को वीर बलिदान दिवस के अवसर पर बेगूसराय के श्री गुरु नानक शाही गुरुद्वारा के अरदास में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सिख संप्रदाय, सिख धर्म, गुरु गोविंद सिंह और गुरु नानक नानक देव जी ने मुगलों से लड़ाई लड़कर सनातन को बचाने के लिए क्या नहीं किया। उन्होंने कहा दुर्भाग्य है कि कांग्रेसियों को इतनी बड़ी बातें कभी याद नहीं आई। आजादी के 75 साल बाद नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस मनाने की शुरूआत की। यह आजादी के समय ही होना चाहिए। कांग्रेस के गलत नीतियों के कारण नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन वीर बलिदानियों को किसी ने याद नहीं किया। सिख धर्म ने मुगलों से लड़ाई लड़ी, चार शहजादे को शहीद कर दिया। उनकी याद में आज बीरबल दिवस मना रहे हैं, नरेन्द्र मोदी ने इसकी शुरूआत की। सिख धर्म के गुरु ग्रंथ में 55 सौ बार राम का नाम लिखा गया है। सिख और हिंदू धर्म एक है। ओवैसी सहित जो लोग औरंगजेब को अपना पूर्वज मान रहे हैं, उन्हें सीख लेनी चाहिए। इस दौरान गिरिराज सिंह ने आईएनडीआईए गठबंधन पर भी प्रहार किया। गिरिराज सिंह कहा कि घमंडिया इंडी गठबंधन के लोग जान-बूझकर सनातन धर्म और हिंदू समाज गाली देते हैं, अपमानित करते हैं। नीतीश कुमार और लालू यादव साजिश के तहत ऐसा करवाते हैं। आज देश के अंदर इंडी घमंडिया गठबंधन कभी अखिलेश यादव के मुंह से तो कभी लालू यादव और नीतीश कुमार से बुलवाते हैं। कभी कांग्रेस और राहुल गांधी स्टालिन के पार्टी से बुलवाते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि जो लोग हिंदू धर्म को गाली दे रहे हैं, हिंदू धर्म नहीं है उनसे कहता हूं कि मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लो। हिंदू धर्म ही सनातन है, सिक्ख ही भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है, भारत का अभिप्राय है। वाजपेयी जी, आडवाणी जी एवं भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन उन्हें पलटने की आदत लग गई। कुर्सी के लिए यह पलटते-पलटते अपने पूरे व्यक्तित्व को जमीन में मिला दिया। ऐसा मिलाया की ना घर के रहे ना घाट के रहे।

## पंजाब का पीएचडी सब्जी वाला बेच रहा सब्जी, ठेले पर लगा रखी हैं डिग्रियां




एजेंसी

**चंडीगढ़।** पीएचडी, एलएलबी व पांच एमए करने वाले डॉ. संदीप सिंह को मौजूद सिस्टम ने इतना तोड़ दिया कि वह आज गलियों पर साइकिल ठेले पर सब्जी बेचने के लिए मजबूर हैं। परिवार के भरण पोषण के लिए उन्हें इतनी शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद गलियों में सब्जी बेचनी पड़ रही है। नौकरी के लिए सिफारिश व पक्का होने के लिए राजनीतिक पहुंच न होने के चलते संदीप सिंह को पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में एडहॉक की नौकरी छोड़ कर गलियों में सब्जी बेचनी पड़ रही है। पहले वह ऐसी ही सब्जी बेचा करते थे। एक बार उन्होंने अपनी शिक्षा के बारे में एक महिला को बताया तो उसने संदीप को प्रोत्साहित किया कि वह अपनी शिक्षा संबंधी जानकारी सब्जी वाले ठेले पर लगाए ताकि समाज को उनकी योग्यता और सरकारों की अनदेखी की जानकारी मिल सके। इसके बाद संदीप ने अपने ठेले पर पीएचडी सब्जी वाला का बोर्ड लगा दिया। जिस को लोग काफी गंभीरता से देख रहे हैं। संदीप की सब्जी बेचने वाली वीडियो को उसके छात्र भी सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। संदीप का कर्म क्षेत्र तरनतारन व अमृतसर है।

### 11 साल बतौर एडहॉक प्राध्यापक पढ़ाया

मूल रूप में भराड़ीवाल इलाके के रहने वाले संदीप ने करीब 11 वर्ष तक पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला में एडहॉक प्राध्यापक के रूप में पढ़ाया है। नौकरी के दौरान इतने पैसे नहीं मिलते थे कि जिस से वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। इसलिए उसे सब्जी बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### 2004 में की थी ग्रेजुएशन

संदीप ने वर्ष 2004 में ग्रेजुएशन की। इस के बाद एलएलबी की। 2009 में आईआईएम की, 2011 में एमए पंजाबी की । इसके बाद पंजाब विश्वविद्यालय पटियाला से पीएचडी 2017 में पूरी की। उसने 2018 में एमए पत्रकारिता, एमए वुमन स्टडीज, एमए पोल साइंस की और अब वह बी लिब कर रहा है। संदीप कहता है कि उसने जुलाई से सब्जी बेचने का काम शुरू किया है। जल्दी ही वह युवाओं को शिक्षित करने के लिए अपना कोचिंग सेंटर य अकेडमी शुरू करेगा। इसके लिए वह पैसे भी जुटा रहा है।

## यूपी पुलिस भर्ती : न्यूनतम उम्र सीमा तीन वर्ष बढ़ाई गई

नवेन्दु प्रकाश सिंह



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में आयु सीमा बढ़ायी गयी। पुलिस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा तीन वर्ष बढ़ाई गई। युवाओं की मांग पर सीएम योगी ने लिया बड़ा फैसला। सत्तारूढ़ बीजेपी और सहयोगी दलों की मांग को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख सचिव गृह को इस बार होने वाली पुलिस भर्ती में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों की आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दिये जाने के निर्देश दिये हैं। बीते कुछ दिनों से विपक्षी पार्टियों के साथ बीजेपी के नेता और मंत्री भी छूट देने की मांग कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में पुलिस में भर्ती में न्यूनतम उम्र सीमा बढ़ाने की माँग एक बड़ा मुद्दा बन गया था। पांच वर्षों बाद निकली भर्ती के लिये अभ्यर्थियों को आयु सीमा में छूट मिले इसको लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। पुलिस भर्ती में भाग लेने के इच्छुक युवाओं की भावनाओं को देखते हुए युवा बीजेपी सांसद वीरेन्द्र सिंह और रीता बहुगुणा जोशी ने अभ्यर्थियों की मांग का समर्थन करते हुए सीएम से आयु सीमा शिथिल करने की माँग की थी। यूपी पुलिस के 60000 से ज्यादा पदों पर भर्तियों के लिए विज्ञापन जारी हुआ है. इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 27 दिसंबर 2023 से शुरू होगी। लेकिन इसी बीच आयु सीमा में छूट का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। पांच साल बाद हो रही पुलिस भर्ती में आयु छूट की मांग कर रहे अभ्यर्थियों का कहना था कि इससे पहले साल 2018 में पुलिस कांस्टेबल की भर्ती निकाली गई थी। इसके पांच साल बाद अब दोबारा भर्ती के लिए आवेदन मांगा जा रहा है। अभ?यर्थियों का कहना था कि कोरोना महामारी के चलते यूपी पुलिस में तय समय पर भर्ती नहीं हो सकी थी इसलिये न्यूनतम उम्र सीमा शिथिल की जानी चाहिए। अब सीएम ने इन युवाओं की माँग मान ली है। उत्तर प्रदेश पुलिस में 60 हजार से अधिक कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी का नोटिफिकेशन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 23 दिसंबर 2023 को जारी किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आवेदन प्रक्रिया बुधवार, 27 दिसंबर से शुरू होने जा रही थी।

## उज्बेकिस्तानी नागरिक से 16 हजार अमेरिकी डॉलर लेकर भागे नकली पुलिसकर्मी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पुलिस ने कहा कि उज्बेकिस्तान का मूल निवासी सोबिरॉय बोतिर अपने दो भाइयों के साथ आर्टेमिस अस्पताल में गुर्दा प्रतिरोपण कराने के लिए गुरुग्राम में है। बोतिर ने अपने होटल के प्रबंधक मोहित सहरावत के माध्यम से दर्ज करायी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि यह घटना शनिवार रात करीब 9 बजे हुई, जब वह और उसके भाई एक मॉल से अपने होटल लौट रहे थे। उसने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि रास्ते में होटल से करीब 100 मीटर पहले उन्हें कार सवार कुछ लोगों ने रोक लिया। बोतिर ने अपनी शिकायत में कहा, कार सवारों ने कहा कि वे पुलिसकर्मी हैं और उन्होंने अपना पहचानपत्र भी दिखाया और हमारे बैग की जांच कराने के लिए कहा। पुलिस ने बताया कि उनके पासपोर्ट की जांच करने के बाद, उनमें से एक व्यक्ति ने जांच के लिए बोतिर का बैग लिया और उसमें से 16,000 अमेरिकी डॉलर चुपचाप निकाल लिए और बाद में वे कार में बैठकर भाग गए। पुलिस ने कहा कि शिकायत के बाद, रविवार को सेक्टर 53 पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 379 ए, 419 और 34 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान से समाजवादी पार्टी ने किया किनारा, भाजपा ने आड़े हाथों लिया



एजेंसी

**नई दिल्ली,** समाजवादी पार्टी के स्वामी प्रसाद के विवादित बयान से जहां एक तरफ उनकी समाजवादी पार्टी ने किनारा कर लिया वहीं भाजपा के नेताओं ने उन्हें आड़े हाथों लिया है। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बयान में कहा था कि 'हिंदू एक धोखा है। उन्होंने सोमवार को यह बयान जंतर मंतर पर दिया था, जिसमें उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयानों का हवाला दिया था। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान पर समाजवादी पार्टी की नेता व सांसद डिंपल यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य का यह व्यक्तिगत बयान है। यह पार्टी की सोच नहीं है। इससे पार्टी का कोई लेना देना नहीं है। दीगर है कि इस तरह के बयान देने से समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव मना करते रहे हैं। इसके बावजूद इस तरह के बयान आने के बाद भाजपा नेताओं ने आड़े हाथ ले लिया है। भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य और उदयनिधि स्टालिन जैसे लोग सनातन धर्म और हिंदू धर्म का अपमान कर रहे हैं। स्वामी प्रसाद ने बहुत कुछ बोला है। सुशील कुमार ने यह भी कहा है कि रामचरितमानस के बारे में स्वामी प्रसाद मौर्य का मानना है कि हिंदू धर्म को गाली देकर उन्हें पिछड़े समुदाय के वोट मिलेंगे लेकिन वे भूल जाते हैं कि पिछड़े समुदाय के लोग भगवान राम और भगवान कृष्ण को दूसरों से ज्यादा पूजते हैं। ऐसे बयान देने के बाद उन्हें आगामी चुनावों में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि चाहे स्वामी प्रसाद मौर्य हों या आएनडीआई गठबंधन का कोई भी नेता, वे 'धर्म' का अर्थ नहीं समझते।

### ईंट भट्टे की दीवार गिरने से जिंदा दफन हुईं छह जिंदगियां

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के रुड़की में मंगलवार सुबह ईंट भट्टे की दीवार गिरने से छह मजदूर मलबे में जिंदा दफन हो गए। हादसा होते ही वहां चीख पुकार मच गई। उधर, मृतकों के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। साथ ही शव उठाने से इंकार कर दिया है। जिसे लेकर ग्रामीणों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हो गई। मौके पर आस-पास के थानों और कोतवाली का फोर्स बुलाया गया। वहीं जिलाधिकारी और एसएसपी की ओर से ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया गया। लेकिन ग्रामीण की 10 से 15 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे। करीब एक घंटे हंगामे के बाद मुआवजे की मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने शव उठने दिए। मृतक के परिजनों को ईंट भट्ठा मालिक की ओर से साढ़े तीन-तीन लाख और मुख्यमंत्री की ओर से ढाई-ढाई लाख की धनराशि मुआवजे के रूप में देने की घोषणा की गई

## अगर मोदी भी मेरे खिलाफ चुनाव लड़ेंगे तो मैं जीतूंगा : शशि थरूर

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 में तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से चौथी बार चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं, जो उनका आखिरी चुनाव हो सकता है और वह किसी भी हाल में जीतेंगे, चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही उनके खिलाफ क्यों न खड़े हो जाए। थरूर ने एक टीवी चैनल पर अपनी भविष्य की योजनाओं पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, "मैं यहां से दोबारा चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं, लेकिन अंतिम फैसला पार्टी करेगी और अगर मुझसे कहा गया तो मैं लड़ूंगा। थरूर ने कहा, यह लोकसभा के लिए मेरा आखिरी मुकाबला होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ने की अटकलों के बारे में एक सवाल पर थरूर ने कहा, अगर मोदी मेरे खिलाफ चुनाव लड़ते हैं, तो भी मैं जीतूंगा। थरूर ने कहा, मैं अपने रिकॉर्ड के आधार पर चुनाव लड़ रहा हूं और अगर लोग ऐसा सोचते हैं तो उन्हें मुझे बदलने का पूरा अधिकार है, लेकिन यह इस पर आधारित नहीं होगा कि मैं किसके साथ लड़ रहा हूं। जब मैंने पहली बार चुनाव लड़ा, तो मेरी इच्छा विदेश मंत्री बनने की थी, जो नहीं हुई, अब यह लोगों को तय करना है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह केरल विधानसभा के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, तो उन्होंने कहा, फिलहाल मेरा ध्यान लोकसभा चुनावों पर है और उस समय की परिस्थितियों के आधार पर, इस पर विचार करूंगा। संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अवर महासचिव, थरूर एक आश्चर्यजनक पसंद थे जब वह भारत आए और तत्कालीन कांग्रेस के शीर्ष अधिकारियों से मिलने के बाद तिरुवनंतपुरम से 2009 के लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का टिकट हासिल किया।

# बॉक्सिंग-डे टेस्ट में बढ़ी भारतीय टीम की मुश्किलें



**फील्डिंग करते हुए चोटिल हुए बावुमा लंगड़ाते हुए गए मैदान से बाहर**

**कप्तान रोहित शर्मा को सबसे ज्यादा 13वीं बार राबाडा ने आउट किया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। सेंचुरियन सुपरस्पोर्ट्स पार्क में भारत और दक्षिण अफ्रीका के के बीच बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजों करते हुए बारतीय बल्लेबाजों को जमकर धोया। खबर लिखे जाने तक भारत ने 176 रन पर अपने 7 विकेट गंवा दिए हैं। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 19 रन पर एक विकेट गंवा दिया। कगिसो रबाडा ने भारत की शुरूआत बिगाड़ते हुए सबसे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पवेलियन लौटाया। रोहित शर्मा की ब्रेक के बाद वापसी सुपरफ्लॉप रही जबकि कगिसो रबाडा ने उनका विकेट लेकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कगिसो रबाडा ने रोहित शर्मा को इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार पवेलियन की राह दिखाई। हिटमैन ने रबाडा की गेंद को पुल करने का प्रयास किया, लेकिन बल्ले और गेंद का संपर्क ठीक तरह से नहीं हो सका और गेंद सीधा बर्गर के हाथों में चली गई। रोहित महज 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इंटरनेशनल क्रिकेट में रबाडा अब रोहित को सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं।

**यशस्वी-गिल भी रहे फ्लॉप**

सेंचुरियन टेस्ट में टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। रोहित शर्मा महज 5 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, यशस्वी जायसवाल भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं कर सके और 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे शुभमन गिल भी बुरी तरह फ्लॉप रहे और सिर्फ 2 रन बनाकर चलते बने। भारत 31 साल से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोई सीरीज नहीं जीत पाया है। पहले दिन मैच के 20 वें ओवर में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बवुमा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण लंगड़ाते हुए मैदान के बाहर चले गए।

## दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलना टेस्ट क्रिकेट का अपमान: आकाश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भारत के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, 'यह टेस्ट क्रिकेट का अपमान है।'भारत मंगलवार को सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के साथ अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे के आखिरी चरण की शुरूआत करेगा। केएल राहुल की कप्तानी में वनडे सीरीज में 2-1 से जीत और सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी के बाद टीम इंडिया टेस्ट सीरीज में कदम रख रही है। इस बीच, रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टेस्ट टीम दक्षिण अफ्रीका में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के अपने लंबे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेगी। हालांकि, आकाश चोपड़ा का तर्क है कि टेस्ट क्रिकेट को वह दर्जा दिया जाना चाहिए जिसका वह हकदार है और दो टेस्ट मैच की सीरीज टेस्ट क्रिकेट के लिए नुकसानदेह है। चोपड़ा ने जियो सिनेमा से कहा, तीन मैचों की श्रृंखला से कम कुछ भी टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है। टेस्ट क्रिकेट की रक्षा करने और इसके संरक्षक होने के बारे में सभी चर्चाओं का मतलब यह नहीं है कि हम वह कर रहे हैं जो आवश्यक है।

## मैं एक पारंपरिक, उचित सलामी बल्लेबाज चुनूंगा : माइकल हसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट के बीच, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज माइकल हसी, जिन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है, ने एक विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के बारे में चयनकर्ताओं को चेतावनी दी है। हसी जिन्होंने खुद अपने टेस्ट करियर की शुरूआत एक सलामी बल्लेबाज के रूप में की थी। उन्होंने खेल के पारंपरिक लंबे प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत करने के महत्व पर जोर दिया। किसी विशिष्ट उम्मीदवार का नाम बताने से परहेज करने के बावजूद, उन्होंने चयनकर्ताओं से जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए एक विशेषज्ञ को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। हसी ने कहा, ओपनिंग, मैच में सबसे कठिन कामों में से एक है। अगर मैं चयन कर रहा होमा तो मैं एक पारंपरिक, सलामी बल्लेबाज को लेता।

## आईसीसी ने कोका कोला के साथ आठ साल के लिए साझेदारी बढ़ाई

**एजेंसी। दुबई**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोका-कोला के साथ अपने करार को आठ साल के लिए बढ़ा दिया है। यह करार 2031 तक रहेगा। यह करार विस्तार आईसीसी के मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में किया गया। इसी के साथ इस करार की कुल समयावधि 13 वर्ष (2019 - 2031) हो गई है। इस करार से कोका-कोला कंपनी के ब्रांड विशेष गैर-अल्कोहल पेय भागीदार बन जाएंगे। इस समझौते में 2031 के अंत तक आईसीसी क्रिकेट विश्व कप, आईसीसी टी20 विश्व कप और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित सभी पुरुष और महिलाओं की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी, अनुराग दहिया ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं कोका-कोला कंपनी का आईसीसी ग्लोबल पार्टनर के रूप में स्वागत करते हुए रोमांचित हूं क्योंकि हम एक ऐतिहासिक आठ साल की साझेदारी में प्रवेश कर रहे हैं, जो दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक को दूसरे सबसे बड़े खेल के साथ एकजुट करती है। उन्होंने आगे कहा, यह दीर्घकालिक सहयोग खेल के लिए रोमांचक संभावनाओं

## बॉक्सिंग डे टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन 3 विकेट पर 187 रन बनाए

**एजेंसी। मेलबर्न**

यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट पर 187 रन बना लिए हैं। मार्नश लाबुशेन 44 और ट्रेविस हेड 09 रन बनाकर नाबाद हैं। इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़े। इसी स्कोर पर आगा सलमान ने वॉर्नर को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। वॉर्नर ने 38 रन बनाए। इसके बाद 108 के कुल स्कोर पर हसन अली ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। ख्वाजा ने 42 रन बनाए। 154 के कुल स्कोर पर आमेर जमाल ने स्टीव स्मिथ को पवेलियन भेजा। स्मिथ ने 26 रन बनाए। इसके बाद हेड और लाबुशेन ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट पर 187 रनों के स्कोर तक पहुंचा दिया। पाकिस्तान की ओर से आगा सलमान, हसन अली, और आमेर जमाल ने 1-1 विकेट लिया।

## महिला हॉकी शिविर के लिए 34 सदस्यीय संभावित समूह घोषित

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 27 दिसंबर को बेंगलुरु के एसएआई सेंटर में शुरू होने वाला है। आगामी शिविर महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय टीम महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 और एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 से पहले अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम स्पेन में अपने दौरे के पश्चात एक छोटे ब्रेक के बाद शिविर में लौटेगी।

# व्यापार

## पीएलआई योजनाओं से आया 95 हजार करोड़ रुपये का निवेश: केंद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के कारण सितंबर तक 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है, इसके परिणामस्वरूप 7.80 लाख करोड़ रुपये के सामान का उत्पादन हुआ है। यह जानकारी मंगलवार को वाणिज्य उद्योग विभाग ने दी। 14 क्षेत्रों में शुरू की गई पीएलआई योजनाओं ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 6.4 लाख से अधिक रोजगार पैदा किए हैं। निर्यात को 3.20 लाख करोड़ रुपये का बढ़ावा मिला है। बयान में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 2,900 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन वितरित किया गया है। तीन साल की अवधि में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 20 प्रतिशत का वैल्यू एडिशन हुआ है। मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में स्मार्टफोन का योगदान 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, इसमें 11.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात भी शामिल है। दूरसंचार क्षेत्र में 60 प्रतिशत का आयात प्रतिस्थापन हासिल किया गया है और भारत एंटीना, जीपीओएन (गीगाबिट पैसिव ऑप्टिकल नेटवर्क) और सीपीई (ग्राहक परिसर उपकरण) में लगभग आत्मनिर्भर हो गया है। फार्मा सेक्टर में कच्चे माल के आयात में उल्लेखनीय कमी आई है। भारत में पेनिसिलिन-जी सहित अद्वितीय मध्यवर्ती सामग्री और थोक दवाओं का निर्माण किया जा रहा है, और सीटी स्कैन, एमआरआई इत्यादि जैसे चिकित्सा उपकरणों के निर्माण में प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण हुआ है। ड्रोन सेक्टर के टर्नओवर में सात गुना उछाल देखा गया है, इसमें सभी एमएसएमई स्टार्टअप शामिल हैं। बयान में बताया गया है कि खाद्य प्रसंस्करण के लिए पीएलआई योजना के तहत, भारत से कच्चे माल की सोर्सिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, इससे भारतीय किसानों और एमएसएमई की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। एसी और एलईडी लाइट जैसी सफेद वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना में 64 कंपनियों ने निवेश किया है, जो कुल मिलाकर 5,429 करोड़ रुपये है। लगभग 48,000 व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाले क्षेत्र में 6,766 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की परिकल्पना की गई है। योजना अवधि के दौरान शुद्ध वृद्धिशील उत्पादन 1.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। जबकि 13 विदेशी कंपनियां इस योजना के तहत 2,090 करोड़ रुपये का निवेश कर रही हैं, अन्य 23 एमएसएमई आवेदकों ने योजना के तहत 1,042 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## कारोबार में पीएसयू स्टॉक सूचकांकों का प्रदर्शन बेहतर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पीएसयू शेयरों में मंगलवार को कारोबार के दौरान 11 फीसदी तक की तेजी देखी गई। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 235 अंक ऊपर 71,342.29 अंक पर है, वहीं निफ्टी 21,431.75 पर कारोबार कर रहा है। कई पीएसयू शेयरों में तेजी के साथ बीएसई सीपीएसई सूचकांक सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला सूचकांक है। एचओसीएल 11 फीसदी, मझगांव डॉक 8 फीसदी, एमएसटीसी 8 फीसदी, जीआरएसई 7 फीसदी, एनएलसी इंडिया 6 फीसदी, भारत डायनेमिक्स 5 फीसदी और एनएमडीसी 4 फीसदी ऊपर है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि अमेरिकी बाजार की अगुवाई में दिसंबर में वैश्विक तेजी ने ज्यादातर बाजारों को काफी ऊपर उठाया है और भारत भाग्यशाली है कि उसे चुनाव नतीजों से भी उछाल मिला है। दिसंबर में निफ्टी में 6 फीसदी की तेजी ने बाजार को थोड़ा गर्म कर दिया है। अब नए साल में ही ज्यादा एक्शन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, हाई वैल्यूएशन एक चिंता बनी हुई है। हालांकि, अमेरिकी मुद्रास्फीति, बांड यील्ड और डॉलर सूचकांक में गिरावट के साथ वैश्विक बाजार अनुकूल बना हुआ है। वर्तमान बाजार संदर्भ में गिरावट पर खरीदारी सबसे अच्छी रणनीति बनी हुई है। सुरक्षा लार्ज-कैप में है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल सेक्टर चक्रीय तेजी के लिए अच्छी स्थिति में है।

## सरकार ने मेडटेक स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए शुरू की योजना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सरकार ने मेडटेक इनोवेटर्स को सशक्त बनाने और आयातित चिकित्सा उपकरणों पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए एक रणनीतिक पहल के तहत सोमवार को मेडटेक मित्र प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उद्घाटन समारोह में कहा, मेडटेक मित्र एक ऐसा मंच है जो देश की युवा प्रतिभाओं को उनके शोध को अंतिम रूप देने और नियामक अनुमोदन प्राप्त करने में मदद करेगा। मंडाविया ने इनोवेटर्स और युवाओं की पहल और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश में इनोवेटर्स, शोधकर्ताओं और युवा स्टार्टअप के बीच अपार शक्ति है जो रिसर्च और लॉजिक डेवलपमेंट करना जानते हैं। उन्होंने कहा, अगर किसी को मंजूरी के स्तर पर ही मदद मिल जाए, तो चमत्कार हासिल किया जा सकता है, जो भारत को आत्मनिर्भर बनने और विकसित भारत के दृष्टिकोण को हासिल करने में मीलों आगे ले जाएगा। यह देखते हुए कि भारत का मेडटेक क्षेत्र 80 प्रतिशत आयात पर निर्भर है, मंत्री ने कहा कि यह सहयोगी पहल किफायती, गुणवत्ता वाले मेडटेक उपकरणों और डायग्नोस्टिक्स के स्वदेशी विकास की सुविधा प्रदान करेगी जिससे इस क्षेत्र की आयात निर्भरता में काफी कमी आएगी। उन्होंने कहा, चिकित्सा उपकरण क्षेत्र भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र का एक आवश्यक और अभिन्न अंग है। विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, भारत 2047 तक देश में स्वास्थ्य परिदृश्य को बदलने की दृष्टि से स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने बताया कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं और मेडिकल ड्रग पार्कों, मेडटेक अनुसंधान नीति और मेडटेक अनुसंधान प्रोत्साहन योजना के लिए निवेश के कार्यान्वयन के साथ देश के भीतर चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति देखी गई है।

## सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में 310 मिलियन डॉलर के शेयर बेचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**




जापानी निवेश दिग्गज सॉफ्टबैंक ने मदर एंड चाइल्ड केयर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फर्स्टक्राई में दूसरे दौर की बिक्री में 310 मिलियन डॉलर का अपना स्टॉक बेचा है, जो इस सप्ताह आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल कर सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सॉफ्टबैंक ने इस बार करीब 630 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। कुल मिलाकर, सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में दो राउंड में 310 मिलियन डॉलर के शेयर बेचे हैं। सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में लगभग 900 मिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर 400 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। मनीकंट्रोल की एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का हवाला देते हुए, फर्स्टक्राई ने 500 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा है, इसमें से 60 प्रतिशत बिक्री की पेशकश (ओएफएस) घटक के लिए और शेष प्राथमिक खंड में जाएगा। जहां फर्स्टक्राई के 2024 के आम चुनाव के बाद ही सूचीबद्ध होने की संभावना है, वहीं ओला इलेक्ट्रिक के प्रबंधन ने आईपीओ के जरिए करीब 5,800 करोड़ रुपये जुटाने की कवायद शुरू कर दी है। आईपीओ से पहले, सॉफ्टबैंक ने दोनों कंपनियों के साथ-साथ अपने पोर्टफोलियो में कुछ अन्य कंपनियों का मूल्यांकन भी बढ़ाया, जो दोनों कंपनियों के बारे में उसकी आशावाद का संकेत है। इस महीने की शुरूआत में, फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो में 135 मिलियन डॉलर (लगभग 1,125 करोड़ रुपये) के शेयरों का एक ब्लॉक डील के माध्यम से आदान-प्रदान किया गया, इसमें जापानी निवेश दिग्गज सॉफ्टबैंक संभावित विक्रेता है।

## डिजी ईएलवी और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर लांच

**रांची।** नेशनल-मेटा मैटेरियल्स सर्कुलर मार्केट्स ने द थिएटर, आईएचसी, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में जीवन समाप्त हुए वाहनों के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म डिजी ईएलवी और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर लांच किया गया। इस अवसर पर सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा अधिकृत डिजी ईएलवी, एंड ऑफ लाइफ व्हीकल सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीडी) ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर का आधिकारिक लॉन्च किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिजी ईएलवी और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर जैसे प्लेटफार्मों का लॉन्च प्रदूषण को कम करने और टिकाऊ गतिशीलता की ओर बढ़ने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने 3ई संकल्पना (इकोलॉजी, एन्वायरमेंट और इकोनॉमिक्स) के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया।

## लोकल खेल की खबर

### रांची में होने वाले महिला हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग टूर्नामेंट का शेड्यूल तय



**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में 13 जनवरी से महिला हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग-2024 टूर्नामेंट प्रस्तावित है। इसके लिए टीमों का आगमन शेड्यूल भी तय हो चुका है। इसके मुताबिक अगले एक सप्ताह बाद से रांची में इंटरनेशनल प्लेयर्स का जुटान शुरू हो जायेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम तीन जनवरी को रांची में होगी और पार्क प्राइम होटल में रुकेगी। चार जनवरी को इटली की टीम रांची आएगी। उसे भी पार्क प्राइम होटल में ही ठहराया जाना है। यूएसए की टीम भी इसी दिन रांची में होगी जिसे होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया जायेगा। छह जनवरी को जर्मनी और क्रेच रिपब्लिक की टीमें रांची आएगी। यह दोनों टीम भी रेडिसन ब्लू में रुकेंगी। सात जनवरी को न्यूजीलैंड, चिली और जापान की टीमें रांची आएगी और स्टेशन रोड स्थित होटल चाणक्य बीएनआर में रुकेंगी। मैच ऑफिशियल 11 जनवरी को रांची आएंगे, जिनके ठहरने की व्यवस्था होटल ली लेक सरोवर में की गयी है। गौरतलब है कि रांची में होने वाली महिला हॉकी ओलंपिक क्वालिफाइंग प्रतियोगिता में 8 देशों की टीम एक-दूसरे के खिलाफ जोर आजमाइश करेंगी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दूसरे दिन हुए 61 इवेंट



**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के दूसरे दिन का इवेंट संपन्न हुए। मंगलवार को कुल 61 इवेंट हुए। द्वितीय दिवस के खेल संपन्न होने के बाद पदक तालिका के अनुसार साधनों के स्थान और अंक में तिलकामांझी सदन को प्रथम स्थान में रहा। मंगलवार के खेल के अंत में विजेता भैया-बहनों को मुख्य नगर प्रशासक डॉ धर्म प्रकाश झा, हड्डी रोग विशेषज्ञ बृजेश, धर्मदास शुक्ल, श्यामाकांत सिन्हा, विमल सिन्हा, धुर्वा थाना प्रभारी, राजा राम महतो, डॉ सीमा प्रसाद, डॉ धनेश्वर महतो एवं विद्यालय के आचार्यो द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बुधवार को वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव-2023 का समापन समारोह अपराह्न 2:00 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी डीएन लाल, जीसी सैम्बो रहेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ धीरज जायसवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ होंगे। अंतिम दिन कुल 42 इवेंट होंगे। समापन समारोह भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न होंगे।

### झारखंड: 35 हजार स्कूलों के लिए 15 जनवरी तक खेल सामग्री खरीदने का निर्देश

**रांची।** सरकारी स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य के 35438 सरकारी स्कूलों के खेल सामग्री खरीदने का निर्देश झारखंड शिक्षा विभाग की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने जारी किया है. उन्होंने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र जारी कर 15 जनवरी तक खेल सामग्री खरीदने का निर्देश दिया है. खेल सामग्री के लिए 28.88 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है. जारी पत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए खेल सामग्री खरीदने के लिए दिशा निर्देश दिए गए है. जारी पत्र में बताया गया है कि शिक्षा हेतु भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी) में खेल और शारीरिक शिक्षा के प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय मद में 22.15 करोड़ तथा माध्यमिक एवं सीनियर माध्यमिक मद में 6.72 करोड़ राशि स्वीकृत की गई है. जिसे राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में खेल सामग्री खरीदने के लिए ट्रांसफर किया जा चुका है.

### झारखंड में किसानों से 60 लाख क्विंटल धान खरीदेगी सरकार, कीमत पिछली बार से 250 रुपए ज्यादा



**रांची।** झारखंड सरकार आगामी 28 दिसंबर से किसानों से धान की खरीद करेगी। इस बार किसानों को पिछले साल की तुलना में प्रति क्विंटल धान पर 250 रुपए ज्यादा मिलेंगे। धान की खरीदारी के लिए पूरे राज्य में 600 से ज्यादा केंद्र बनाए गए हैं। झारखंड के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मीडिया को यह जानकारी दी। बताया गया कि इस बार सरकारी केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को कुल कीमत की 50 फीसदी राशि का भुगतान मौके पर ही कर दिया जाएगा, जबकि शेष रकम धान को मिलों में पहुंचाए जाने के बाद मिलेगी। सरकार ने पूरे राज्य में 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। धान खरीद के केंद्र राज्य के सभी 24 जिलों में बनाए गए हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले प्रत्येक किसान से अधिकतम 200 क्विंटल धान की खरीद की जाएगी। सरकार ने सामान्य किस्म के धान का मूल्य 2183 रुपये तय किया है। इसपर राज्य सरकार 117 रुपए का अतिरिक्त बोनस देगी। यानी प्रति क्विंटल धान पर किसान को 2300 रुपए प्राप्त होंगे। पिछले साल किसानों को प्रति क्विंटल धान पर बोनस सहित 2025 रुपए का भुगतान किया गया था। सरकार ने धान क्रय केंद्रों पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मैजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की है। इस बार राइस मिलरों के लिए सरकार ने प्रति क्विंटल 60 रुपए का इंसेंटिव देने का फैसला किया है।

### सराफा बाजार में तेजी का रुख, चेन्नई में सोना 64 हजार के पार

**नई दिल्ली।** देश के सराफा बाजारों में आज सोने और चांदी के भाव में तेजी नजर आ रही है। जेवराती सोना (22 कैरेट) के भाव में आज 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दिख रही है, वहीं कारोबारी सोना (24 कैरेट) भी 350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती के साथ कारोबार कर रहा है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 64 हजार रुपये के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। चेन्नई के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 64 हजार के स्तर के पार जाकर बिक रहा है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज प्रति किलोग्राम 500 रुपये तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच कर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

### डीपीआईआईटी निर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 24 उप-क्षेत्रों के साथ कर रहा है काम

**नई दिल्ली।** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) घरेलू निर्माण एवं निर्यात को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए 24 उप-क्षेत्रों के साथ काम कर रहा है। इन उप-क्षेत्रों में फर्नीचर, एल्यूमीनियम, कृषि रसायन, रोबोटिक्स और जिम उपकरण शामिल है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि ह्यमेक इन इंडियाह्न पहल ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। अब ह्यमेक इन इंडिया 2.0ह्न के तहत 27 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि डीपीआईआईटी अब 24 उप-क्षेत्रों के साथ मिल कर काम कर रहा है। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत है। मंत्रालय के मुताबिक डीपीआईआईटी के उप-क्षेत्र में फर्नीचर, एयर कंडीशनर, चमड़ा तथा जूते, तैयार खाद्य पदार्थ, मछली पालन, कृषि उत्पाद, वाहन घटक, एल्यूमीनियम, इलेक्ट्रॉनिक, कृषि रसायन, इस्पात, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक वाहन घटक तथा एकीकृत सर्किट, इथेनॉल, चीनी मिट्टी की चीजें, सेट टॉप बॉक्स, रोबोटिक्स, टेलीविजन, क्लोज सर्किट कैमरे, खिलौने, ड्रोन, चिकित्सकीय उपकरण, खेल के सामान और जिम का समान शामिल हैं।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोक

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पोलपोल निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक छठू पांडेय का सोमवार की देर रात आवास पर ही निधन हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि एक माह पूर्व असंतुलित होकर गिर जाने के बाद से ही उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। लगातार इलाजरत रहने के बाद भी उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सोमवार सुबह दिल का दौरा पड़ने के बाद उनकी स्थिति और भी गंभीर हो गयी थी। देर रात वे परलोक गमन कर गये। मंगलवार को स्थानीय श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिनभर उनके आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। उनके छोटे पुत्र सुनील पांडेय अध्यापक हैं।

### साइकिल वितरण का चेक मिलने से छात्राओं में उत्साह

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतबरवा प्रखंड के बकोरिया पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दर्जनाधिक छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का लाभ मिला। साइकिल वितरण योजना के तहत 4500-4500 रुपए का चेक पाकर छात्राओं में काफी उत्साह था। नवीं कक्षा की छात्राओं ने बताया कि इससे अब उन्हें स्कूल जाने में काफी सहुलियत होगी। छात्राओं ने राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से उन्हें इस योजना का लाभ उनके घर तक मिल रहा है। डिंपल कुमारी, बबीता कुमारी, प्रतिमा कुमारी सहित कई अन्य छात्राओं को सतबरवा प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, सतबरवा सीओ, बकोरिया की मुखिया समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत चेक सौंपा।

### सुदूर माहुर गांव में छठ पोखर का शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के कादलकुर्मी पंचायत के सुदूरवर्ती माहुर गांव में जिला परिषद अंजू देवी ने 15 वें वित्त मद की राशि से छठ पोखरा सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को किया। युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, मुखिया अनिता देवी, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी व सीओ रणवीर कुमार ने नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर थाना प्रभारी अक्षय कुमार, बीपीओ चंद्रशेखर कुमार के अलावा विनोद यादव, इंद्रदेव यादव, मुंशी यादव, गौरीशंकर राम उपस्थित थे।

### पलामू में 18794 एमटी धान का उत्पादन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कृषि विभाग ने खरीफ वर्ष 2023-24 में धान का उत्पादन 18793.827 मिट्रिक टन होने का अनुमान जताया है। कृषि विभाग ने पलामू जिला आपूर्ति विभाग को संबंधित रिपोर्ट भेजी है। जिला आपूर्ति विभाग ने इस वर्ष पैक्सों के माध्यम से दो लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति करने का लक्ष्य रखा है।

# जागो सरकार, सुनो पुकार, आरओबी का शिलान्यास हुए बीत गये ढाई साल

### टोरी में आरओबी निर्माण को लेकर पंसस का शोशल मीडिया अभियान जारी



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर टोरी जंक्शन समपार पर आरओबी और स्टेशन के पश्चिम में फुट ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर पंसस अयुब खान ने तीसरे दिन भी सोशल मीडिया पर पोस्टर अभियान चलाया। पोस्टर में लिखा था, जागो सरकार, सुनो पुकार, टोरी आरओबी का शिलान्यास हुए बीत गये ढाई साल! कामता पंसस सह चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयुब खान ने बताया कि टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण और फुट ब्रीज निर्माण शुरू कराने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्टर अभियान के माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का ध्यान इस ओर आकर्षित कर फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया की बड़ी भूमिका हो गई है। यह एक बड़ा प्लेटफॉर्म है। फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण शुरू कराने के लिए माकपा दशकों से लगातार संघर्ष कर इस जनहित की मांग को रख रही है। प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, रेलमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, लसांसद, विधायक, रेलवे जीएम, डीआरएम तक अपनी बात पहुंचाई फिर भी यह कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसे शुरू कराने के लिए जिम्मेदारों तक पुनः इस मांग की ओर ध्यान खींचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। पलामू प्रमंडल की सबसे बड़ी समस्या है टोरी रेलवे क्रॉसिंग जाम की समस्या। केंद्र और राज्य सरकार एवं नेशनल हाईवे प्राधिकरण के उदासीन रवैये के कारण लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, शिलान्यास को ढाई साल बीतने पर भी अब तक फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाना काफी दुखद है। टोरी जंक्शन स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण भी अबतक शुरू नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया अभियान में प्रिंट मीडिया के पत्रकार, इलेक्ट्रॉनिक चैनल के प्रतिनिधि, सोशल मीडिया के साथी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक, छात्र, नौजवान, किसान, आम जनता से सहयोग व समर्थन करने की अपील की है।

### मुखिया घूम रहे गांव-गांव, ताकि आवास से कोई वंचित न रहे

# लाभुकों को मिलेगा बिचौलियों से छुटकारा

**मयूरहंड(चतरा)हिमांशु सिंह**

जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत मंझगावा के मुखिया मंजित सिंह व गठित टीम के सदस्य लगातार गांव-गांव घुम कर अबुआ आवास लाभुकों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। मंगलवार को मुखिया व टीम के सदस्यों ने बाराडीह गांव पहुंच नामित लाभुकों के आवास का भौतिक सत्यापन किया, ताकि कोई भी जरुरत मंद गरीब लाभुक आवास से वंचित ना रह सके।

ज्ञात हो कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आयोजित शिविर में लगभग एक हजार लाभुकों द्वारा अबुआ आवास के लिए आवेदन जमा किए गए थे। जिसमें योग्य व अयोग्य के अलावा प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित लाभुकों का आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसका सत्यापन करने के लिए मुखिया सिंह गांव-गांव घर-घर जाकर योग्य लाभुकों का चयन कर जिओ टैग गठित टीम के माध्यम से करवा रहे हैं। ताकि पंचायत क्षेत्र के कोई भी योग्य लाभुक आवास से वंचित ना रह सके। मुखिया के इस कार्य की पंचायत वासियों ने सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से योग्य लाभुकों को लाभ मिलेगा और बिचौलियों से भी छुटकारा मिलेगा। गठित टीम में मुखिया, पंसस, कनिय अभियंता सह पर्यवेक्षक छोटू कुमार, पंचायत सचिव चंदन कुमार शामिल हैं। अभियान में उप मुखिया उपेंद्र कुमार दांगी, वार्ड सदस्य सुमन दास आदि शामिल थे।

### 1 जनवरी से डीलर संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेगा

**महुआडांड़।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स ऐसोसिएशन झारखंड राज्य के बैनर तले अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर आगामी 1 जनवरी से महुआडांड डीलर संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेगी। महुआडांड डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की लिखित सूचना संघ ने लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी, महुआडांड अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दे दी है। बैठक में डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, मंगल सोनी, सुचीत प्रसाद, बद्रीनाथ प्रसाद, अशोक कुमार, किशोरी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, शेरू खान, रोहित कुमार, आनंद प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता, बसंत प्रसाद, प्रितीश कुमार, अनिल कुमार प्रसाद, रौशन बेगम, राहुल कुमार, कामेश्वर प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

### 22 को चंदवा में कई कार्यक्रम आयोजित करेगा युवा भारत

**चंदवा।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा को लेकर रविवार शाम जय हिंद पुस्तकालय में युवा भारत चंदवा की बैठक देव मोहन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। युवा भारत के रविराज ने कहा कि पूरा हिन्दू समाज इस विशेष पूजा में न सिर्फ शामिल होना चाहता है बल्कि इस हेतु हो रहे कार्यों में भी योगदान करने को आगे आ रहा है। आरएसएस के राजेश चंद्र पांडेय ने कार्यक्रम की भव्यता पर जोर देते हुए कहा कि कार्यक्रम ऐसा हो जिसे लोग कई वर्षों तक ना भूल पाये। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि हम इस महान अवसर के साक्षी बनेंगे। मौके पर लाल कौशल नाथ शाहदेव, सुमित वरु, विनय कुमार रिक्की, कुलमान साव, शिवकेश्वर यादव, श्रवण गुप्ता, मनीष गुप्ता, दीपक निषाद, प्रदीप ठाकुर, संतोष प्रसाद, विजय कुमार, मंटू सोनी, अक्षय कुमार, दारा सिंह, संदीप रजक, रंजन सिंह, पवन गुप्ता, अंकित कुमार, कुणाल खत्री, सचिन कुमार, वरुण जायसवाल, छोटू कुमार, गौरव दुबे, कमलेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

### भारत संकल्प यात्रा पहुंची पाटन प्रखंड के महुलिया-नावाखास गांव

# अंत्योदय तक विकास पहुंचाना यात्रा का उद्देश्य : सांसद

**पीएम मोदी ने कल्याणकारी योजनाओं को लाभुकों तक सीधे पहुंचाने का कार्य किया है : श्यामनारायण दुबे**

**पलामू सांसद मुखर होकर संसद में क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हैं :अविनाश वर्मा**



दीप प्रज्ज्वलित करते सांसद बीडी राम



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पाटन प्रखंड के महुलिया-नावाखास में भारत संकल्प यात्रा को पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करने के साथ -साथ केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मोदी सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनायें गांव, गरीब, दलित, आदिवासी, महिला, किसान व युवाओं को प्राथमिकता में रखकर चलाई जा रही है। जिसका लाभ उन्हें मिल भी रहा है,किन्तु बहुत लोग योजनाओं के लाभ से आज भी वंचित हैं। ऐसे गरीब लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना भी भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति अंत्योदय तक विकास पहुंच सके। इसके पूर्व सांसद श्री राम ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2014 में भारत दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था थी जो वर्ष 2023 में दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गई है। अब भारत जल्द आने वाले समय में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की और अग्रसर है। सरकार के सार्थक प्रयास से ही आज देश में 13 करोड़ से भी ज्यादा लोग गरीबी रेखा के ऊपर पहुंच गए हैं। यह गर्व की बात है। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष के बाद भी आज तक गरीबी उन्मूलन नहीं हो पाया। क्योंकि सरकारें बनती थी और भ्रष्टाचार बढ़ता जाता था। पहली बार किसी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए धरातल पर योजनाओं को लाभुकों तक सीधे पहुंचाने का कार्य किया है।

### गांव में पहुंची सरकार जमा करायें आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बकोरिया पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 1207 आवेदन ग्रामीणों ने जमा किये। जिसमें सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 640 आवेदन आये। शिविर में मनरेगा के 85, आधार -आयुष्मान कार्ड के 23, राजस्व के 30, 15 वें वित योजना के 03, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के 18, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तीन सहित मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत केसीसी लोन के 30 आवेदन जमा किये गये। इससे पूर्व प्रमुख रीमा कुमारी, जिप सदस्य सुधा कुमारी,बीडीओ अभिषेक पांडेय, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, एमओ अरविंद कुमार, प्रखंड कृषि सह कल्याण पदाधिकारी धर्मेंद्र बैठा, रजनीकांत, मो. अदनाम उपस्थित थे।

# नावाडीह गांव में तीन माह से खराब पड़ा है जलमीनार, पेयजल का संकट गहराया



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित दिलशाद अंसारी के घर के समीप पंद्रहवें वित्त की राशि से लगा जलमीनार पिछले तीन माह से खराब पड़ा हुआ है। इसके कारण ग्रामीणों के बीच पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण सबीना बीबी, रवीना बीबी, मोबिना बीबी, अफसाना बीबी सिराजुद्दीन अंसारी, रजीज अंसारी, तैयब अंसारी, दिलशाद अंसारी, हनीफ मियां ने बताया कि उक्त जलमीनार तीन माह से खराब है। मुखिया और पंचायत सचिव से जलमीनार बनवाने के लिए कई बार गुहार लगाई लेकिन जलमीनार की मरम्मत नहीं कराई गई है। इससे हम लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मुखिया से जलमीनार मरम्मत कराने की गुहार लगाई है। इस संबंध में मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि जलमीनार का स्टाटर खराब है। एक सप्ताह के भीतर जलमीनार की मरम्मत करा दी जायेगी। पंद्रहवें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं था, जल्द ही जलमीनार की मरम्मत कराई जायेगी।

### लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के तत्वावधान में सोमवार की रात नावाटोली स्थित भुइयां टोली में 100 कंबल का वितरण किया गया। ठंड के प्रकोप को देखते हुए क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में लायन गुरवीर सिंह के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में कई चौक-चौराहों एवं स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था के साथ लगभग 500 लोगों को चाय उपलब्ध कराया गया। गुरवीर सिंह ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर यथासंभव अपने स्तर से गरीब असहाय एवं मजबूर लोगों के बीच अधिक से अधिक सहायता पहुंचाने का काम करता रहेगा। साथ ही आगामी समय में मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर यथासंभव दवा का भी वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सांकेतिक प्रयास के रूप में साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है।

# वीर बाल दिवस पर प्रेरणादायक एकांकी का मंचन




**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं छात्रों के साथ गुरू गोविन्द सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा प्रिया कुमारी एवं सृष्टी द्वारा अंग्रेजी में संबोधित किया गया। बारहवीं के छात्र आनन्द शंकर एवं ग्यारहवीं की छात्रा अनामिका ने गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाले। विद्यालय के शिक्षक दिलीप मिश्रा द्वारा भी वीर बाल दिवस के आयोजन के कारणों पर प्रकाश डाला गया। फतेह सिंह व जोरावर सिंह के जीवन पर आधारित छात्रों द्वारा प्रेरणादायक एकांकी का मंचन किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि पंजाबी में सिख शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द शिष्य से हुई है। जिसका अर्थ सीखने वाला या शिष्य होता है। सिक्खों के दसवें एवं अंतिम गुरु गोविन्द सिंह द्वारा धर्म रक्षा हेतु खालसा पंथ की स्थापना की गई थी। इसी धर्म रक्षा हेतु उनके चारों साहिबजादों की शहादत हुई। धर्म रक्षा हेतु दिए गए बलिदान, धर्म परिवर्तन से श्रेष्ठ है। संचालन पूजा कुमारी एवं प्रिया ने किया।

**पहल** रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा को पहले स्थान पर लाने की जरूरत : सीएस

# डॉ. राधा बाबू की पुण्यतिथि पर 23 यूनिट रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

डॉ. राधा बाबू की पुण्यतिथि पर एक सप्ताह तक चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन गढ़वा स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार सभी सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड उपलब्ध कराने की योजना है। इस तरह की सुविधा उपलब्ध हो जाने के बाद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी। रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा जिले को पहले पायदान पर लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह गढ़वा सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट को भी विकसित करने की भरपूर कोशिश करेंगे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर जेपी सिंह ने कहा कि राधा बाबू की प्रेरणा से आज डॉक्टर पतंजलि केसरी रक्तदान जैसे पुणित कार्य को कर रहे हैं। इसमें हम सभी को अपेक्षित सहयोग करना चाहिए।

डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर पतंजलि केसरी के रक्तदान के प्रति इस तरह के सराहनीय कार्य को आगे बढ़ाने में हमेशा सहयोग करते रहना है। आईएमए के सचिव डॉक्टर कुमार पंकज प्रभात ने कहा कि रक्तदान कर किसी की जान बचाने के बाद जो आत्मिक संतुष्टि मिलती है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। रक्तदान शरीर द्वारा रक्त बनाने की प्रक्रिया को भी तेज कर देता है। रक्तदान की आदत कई प्रकार की क्रॉनिक बीमारियों के खतरे से भी बचा सकता है। आर.पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि ब्लड बैंक में पहली बार एक साल में एक हजार यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। यह बहुत ही हर्ष की बात है। किसी भी व्यक्ति की ब्लड नहीं मिलने के कारण मृत्यु नहीं हो, इसके लिए रेडक्रॉस सोसाइटी दिन-रात कार्य कर रही है। वर्तमान में रक्तदान के क्षेत्र में पूरे झारखंड प्रदेश में गढ़वा का दूसरा स्थान है। हमलोगों को यह कोशिश करनी है कि पूरे झारखंड में गढ़वा का प्रथम स्थान आए। इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए हम सभी को आज से ही पुरजोर कोशिश शुरू कर देनी चाहिए। डॉ. रेयाज अहमद ने कहा कि रक्तदान से नई जिंदगी मिलती है। ब्लड की कमी से जूझ रहे लोगों को रक्तदान उपलब्ध कराना एक तरह से उन्हें नहीं जिंदगी देना है। उक्त के अलावा नीमा अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार, सेवानिवृत शिक्षक डीपी सिंह, विनोद कमलापुरी, डॉक्टर संजय केसरी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। मंच का संचालन नंद कुमार गुप्ता ने किया। रक्तदान करने वालों में मोहम्मद शमीम, संगीता कुमारी, अब्दुल मन्नान, सुनील कुमार कुशवाहा, रत्नेश कुमार रंजन, साक्षी कुमारी, नूरे आलम, मिस्टर विजय, मोहम्मद इश्तियाक, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद तौहीद रजा, मोहम्मद जावेद, सुधीर कुमार सिंह आदि शामिल थे। मौके पर दिव्य प्रकाश केशरी, श्याम नारायण पांडेय, अरविंद तिवारी, मो. इकराम, रविंद्र नाथ ठाकुर, अर्थव केसरी, ब्लड बैंक के मोटिवेटर प्रदीप कुमार, लैब टेक्नीशियन रामजी रवि, प्रदीप पासवान आदि उपस्थित थे।

# भाजपा की मंडल कार्यकारिणी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भाजपा मंडल इकाई के द्वारा मंडल कार्यालय भवनाथपुर में सांगठनिक विस्तार एवं चुनावी रणनीति पर चर्चा हेतु भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा की वर्तमान कार्यकलापों पर चर्चा हुई और युवा मोर्चा का विस्तार करते हुए सभी 9 पंचायतों से युवाओं का चुनाव कर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें शैलेश कुमार चौबे को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष निरंयु कुमार पाठक और दयानंद प्रजापति, महामंत्री अंकित कुमार सिंह, ज्वाल पासवान, मंत्री रामसूरत राम, दयानंद यादव, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार पासवान, शोसल मीडिया प्रभारी मनोज कुमार रजक, आईटी सेल प्रभारी चमन कुमार सिंह, संयोजक प्रियंका देवी सह संयोजक नवनीत कुमार यादव को बनाया गया। वहीं 21 लोगों को कार्यसमिति में शामिल किया गया। मौके पर भाजयुमो जिला कमेटी से भवनाथपुर प्रभारी के रूप में आये राजु रंजन पासवान, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेंद्र यादव, भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी भगत दयानंद यादव, जिला मंत्री मधुलता कुमारी, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज पहाड़िया, संजय यादव, अनिल चौबे, मनोज सिंह, विनय चौबे, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, बिपिन चौबे, संजय गुप्ता, उमेश वियार, दयानंद प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### ठग अब 420 नहीं ...

जगह दी गई है। मानहानि को भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 में रखा गया है। भारतीय न्याय संहिता में धोखाधड़ी या ठगी का अपराध 420 में नहीं, अब धारा 316 के तहत आएगा।

कुछ विशेषज्ञों ने इन कानूनों पर सवाल उठाए हैं लोकतंत्र पर इनके प्रभाव को लेकर भी सवाल उठाए हैं कि पहले दंड देने की सेंट्रलाइज सोच वाले कानून थे और अब विक्टिम सेंट्रिक जस्टिस का उद्भव होने जा रहा है। मॉब लिंचिंग, यानी जब पांच या अधिक लोगों का एक समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है, तो समूह के प्रत्येक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। शादी का झूठा वादा करके सेक्स को विशेष रूप से अपराध के रूप में पेश किया गया है। व्यभिचार और धारा 377, जिसका इस्तेमाल समलैंगिक यौन संबंधों पर मुकदमा चलाने के लिए किया जाता था, इसे अब हटा दिया गया है। पहले केवल 15 दिन की पुलिस रिमांड दी जा सकती थी. लेकिन अब अपराध की गंभीरता को देखते हुए इसे 60 या 90 दिन तक दिया जा सकता है। छोटे अपराधों के लिए सजा का एक नया रूप सामुदायिक सेवा को शामिल किया गया है। जांच-पड़ताल में अब फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने को अनिवार्य बनाया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग, जैसे खोज और बरामदगी की रिकॉर्डिंग, सभी पूछताछ और सुनवाई ऑनलाइन मॉड में करना। एफआईआर, जांच और सुनवाई के लिए अनिवार्य समय-सीमा तय की गई है। उदाहरण के लिए, अब सुनवाई के 45 दिनों के भीतर फैसला देना होगा, शिकायत के 3 दिन के भीतर एफआईआर दर्ज करनी होगी। अब सिर्फ मौत की सजा पाए दोषी ही दया याचिका दाखिल कर सकते हैं। पहले गैर सरकारी संगठन या नागरिक समाज समूह भी दोषियों की ओर से दया याचिका दायर कर देते थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का इलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# 2023 में सबसे ज्यादा ऑनलाइन ऑर्डर की जाने वाली डिश रही बिरयानी

### प्रति सेकेंड 2.5 बिरयानी के आर्डर दिए गए

### बेंगलुरु के एक यूजर ने 46,273 रुपये का सबसे बड़ा सिंगल ऑर्डर दिया



- जोमैटो को मिले दस करोड़ आर्डर
- 7.45 करोड़ ऑर्डर के साथ पिज्जा दूसरे नंबर पर
- 4.55 करोड़ के साथ नूडल बाउल तीसरे स्थान पर
- 5.5 चिकन बिरयानी पर एक शाकाहारी बिरयानी का ऑर्डर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑनलाइन फूड प्लेटफॉर्म ने सोमवार को कहा कि जोमैटो उपयोगकर्ताओं ने 2023 में सबसे ज्यादा बिरयानी ऑर्डर की। ऑर्डर के रुझान पर जोमैटो की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में प्लेटफॉर्म के माध्यम से 10.09 करोड़ से अधिक बिरयानी ऑर्डर दिए गए। जो दिल्ली में आठ कुतुब मीनारों को भरने के लिए पर्याप्त थे। वहीं स्विगी पर बिरयानी लगातार आठवें साल सबसे ज्यादा ऑर्डर की जाने वाली डिश रही। भारत में 2023 में प्रति सेकंड 2.5 बिरयानी का ऑर्डर दिया गया। खाद्य वितरण मंच ने कहा कि हर 5.5 चिकन बिरयानी के साथ एक शाकाहारी बिरयानी का ऑर्डर दिया गया। बिरयानी के प्रति प्रेम तब और बढ़ गया, जब 24.9 लाख उपयोगकर्ताओं ने स्विगी पर बिरयानी के लिए ऑर्डर के साथ शुरूआत की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में 7.45 करोड़ से अधिक ऑर्डर के साथ जोमैटो पर बिरयानी के बाद पिज्जा का नंबर आया, जो कोलकाता के पांच ईडन गार्डन क्रिकेट स्टेडियमों के क्षेत्र को कवर कर सकता है। डिलीवरी दिग्गज ने कहा, 4.55 करोड़ से ज्यादा ऑर्डर के साथ नूडल बाउल तीसरे स्थान पर रहा, जो पृथ्वी की परिधि को 22 बार लपेटने के लिए पर्याप्त था। जहां बेंगलुरु में 2023 में जोमैटो पर सबसे ज्यादा नाश्ते के ऑर्डर दिए, वहीं दिल्ली में सबसे ज्यादा देर रात में ऑर्डर दिए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी को साल का सबसे बड़ा ऑर्डर बेंगलुरु से आया, जहां एक यूजर ने 46,273 रुपये का सिंगल ऑर्डर दिया।

# अयोध्या में कंकड़ और पत्थर भी सुनाएंगे प्रभु श्रीराम की गौरवगाथा



**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है। 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पूर्व श्रीराम जन्म भूमि मंदिर को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण कराने की दिशा में सरकार के प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल कलाकृतियों से सजाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, दूसरी ओर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को कंकड़-पत्थर से बनी कलाकृतियों से सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया जारी है तथा माना जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि एडीए का उद्देश्य अयोध्या शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने का है और वर्ष 2047 तक अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने पर लक्ष्य केंद्रित किया जा रहा है। साथ ही, अयोध्या में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में सार्थक प्रयास हो रहे हैं, जिससे यह शहर प्राचीनता व आधुनिकता का जीवंत मिश्रण बन सके।

एडीए के अधिकारी ने बताया कि प्रतिष्ठित धर्म पथ रोड के किनारे टेराकोटा कलाकृतियों व भित्तिचित्रों की स्थापना की जा रही है। इनमें प्रभु श्रीराम के जीवनकाल से जुड़े संदर्भों को दशार्या जा रहा है। इसमें श्रीराम दरबार, खर-दूषण वध, कैकई कोपभवन गमन दृष्य समेत अनेक प्रसंगों को दर्शाया जा रहा है। यह परंपरा और आधुनिकता के मिश्रण का प्रतीक है जो तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को अयोध्या के कालातीत आकर्षण का अनुभव करने के लिए स्वागत करता है।

धर्म पथ सड़क के किनारे टेराकोटा भित्तिचित्रों के निर्माण से यहां आध्यात्मिक शांति की तलाश में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और यात्रियों को आकर्षित कर रहा है जो सेल्फी प्वॉइंट में भी परिवर्तित हो गया है।

## एक नजर

### जेपी नड्डा और अमित शाह ने की कालीघाट मंदिर में पूजा



**कोलकाता।** एक दिवसीय दौरे पर कोलकाता पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को मशहूर शक्तिपीठ कालीघाट में पूजा अर्चना की। यहां उन्हें मां काली की प्रतिकृति उपहार स्वरूप दी गई है। शाह और नड्डा सोमवार रात 1:45 बजे के करीब कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह सबसे पहले दोनों नेता कोलकाता के जोड़ासांको स्थित गुरुद्वारा बारा सिख संगत में पहुंचे और वीर बाल दिवस के मौके पर प्रार्थना की।

### हमास के तीन वरिष्ठ सदस्यों पर प्रतिबंध लगाएगा जापान

**टोक्यो।** जापान सरकार ने मंगलवार को घोषणा की कि वह हमास के तीन वरिष्ठ सदस्यों की आतंकवाद को वित्तपोषित करने की क्षमता को सीमित करने के लिए उन पर प्रतिबंध लगाएगी। जापान का मानना है कि हमास के इन तीन वरिष्ठ सदस्यों का फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह के 7 अक्टूबर के नरसंहार में भूमिका थी।

### लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में आए हल्की तीव्रता के दो भूकंप

**जम्मू।** लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में मंगलवार सुबह हल्की तीव्रता के दो भूकंप आए। इन झटकों से किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। दोनों भूकंपों का केंद्र लद्दाख के लेह जिले और जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में था। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार लद्दाख में सुबह 4.33 बजे 4.5 तीव्रता का भूकंप आया।

### 200 से अधिक नेपाली नागरिक रूसी सेना में भर्ती

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने एक सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो सौ से अधिक नेपाली नागरिकों के रूसी सेना में भर्ती होने और उनमें से सौ से अधिक लोगों के लापता होने की जानकारी साझा की है। विदेश मंत्री ने कहा कि रूसी सेना की तरफ से युद्ध लड़ने वाले अधिकांश नेपाली नागरिकों की या तो मौत हो चुकी है या वो यूक्रेन में युद्धबन्दी बने हुए हैं। कुछ दिन पहले ही नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से एक बयान जारी करते हुए रूस की तरफ से युद्ध लड़ रहे सात नेपाली नागरिकों की मौत होने और चार के युद्धबन्दी के रूप में यूक्रेन में होने की जानकारी दी गई थी। विदेश मंत्री के उस बयान के बाद सैकड़ों ऐसे परिवार सामने आए हैं।

## लोस चुनाव के लिए कांग्रेस की तैयारी बैठकें शुरू

# राहुल गांधी-मल्लिकार्जुन खरगे ने की बिहार की समीक्षा, आंध्र पर बात आज

### सीट बंटवारे व संगठन की स्थिति पर ले रहे फिडबैक

### आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी से है मुख्य मुकाबला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को पार्टी की बिहार इकाई के नेताओं के साथ बैठक की। वहीं बुधवार को आंध्र प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक होगी।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस बैठक में बिहार में संगठन की स्थिति, चुनाव तैयारियों और सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई। बैठक में खरगे और राहुल गांधी के अलावा पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और कई अन्य नेता मौजूद थे। बिहार की महागठबंधन की सरकार में कांग्रेस साझेदार है। महागठबंधन के सभी घटक राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल (यूनाइटेड), कांग्रेस और वाम दल राष्ट्रीय स्तर पर बने विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए बुधवार को आंध्र प्रदेश के पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, खड़गे के साथ पार्टी नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और अन्य ने राज्य में वाईएसआरसीपी से मुकाबला करने की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए आंध्र प्रदेश के नेताओं से मुलाकात करेंगे। बैठक में नवनियुक्त राज्य प्रभारी मनिकम टैगोर समेत राज्य इकाई प्रमुख और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बैठक यहां पार्टी मुख्यालय में सुबह 10 बजे शुरू होगी।

## अमेरिका ने इराक में ईरान समर्थित बलों के साइट पर किया हमला



**एजेंसी। वाशिंगटन**

रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने इराक में ईरान समर्थित बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली तीन साइटों पर हमले किए हैं। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के हवाले से ऑस्टिन ने कहा, अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में कातेब हिजबुल्लाह और संबद्ध समूहों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली तीन फैसिलिटी (सुविधाओं) पर हमले किए। उन्होंने कहा, "ये सटीक हमले इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ ईरानी-प्रायोजित मिलिशिया द्वारा किए गए हमलों की एक श्रृंखला का जवाब हैं, जिसमें मंगलवार को पहले आर्बिल एयर बेस पर ईरान-संबद्ध कताएब हिजबुल्लाह और संबद्ध समूहों द्वारा किया गया हमला भी शामिल है।" ऑस्टिन ने कहा कि वाशिंगटन (अमेरिका) हमारे सैनिकों और हमारे हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। इससे अधिक कोई प्राथमिकता नहीं है। हम इस क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाना नहीं चाहते हैं, हम अपने लोगों और हमारी सुविधाओं की सुरक्षा के लिए और आवश्यक उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध और पूरी तरह से तैयार हैं।"

### संवैधानिक पदों का अपमान करना कांग्रेस पार्टी व उसके गठबंधन का डीएनए: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता उदय भान के बयान पर पलटवार करते हुए संवैधानिक पदों का अपमान करने को आईएनडीआई गठबंधन का चरित्र बताया है। मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अब यह जगजाहिर है कि संवैधानिक पदों का अपमान करना कांग्रेस पार्टी और आईएनडीआई गठबंधन का डीएनए है। हरियाणा कांग्रेस प्रमुख के बोल भी साफ यही दशार्ते हैं कि संवैधानिक पदों का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की आदत बन गई है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन से आने वाले कल्याण बनर्जी ने संसद की सीढ़ियों पर भारत के उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी न सिर्फ इस घटना की रिकॉर्डिंग कर रहे थे बल्कि उन्हें प्रोत्साहित कर रहे थे। कल्याण बनर्जी को दुनिया ने देखा कि कैसे वे भारत के उपराष्ट्रपति के पोस्चर शेमिंग और बॉडी शेमिंग में लगे हुए थे।

## अंतरराष्ट्रीय मानकों की नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर सटीक डेटा तैयार करें : मुर्मू



**एजेंसी। नई दिल्ली**


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा सेट तैयार करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा (आईएएएस), भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) और भारतीय सांख्यिकी सेवा के प्रोबेशनर्स ने राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक सेवा उन्हें शासन प्रणाली में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए देश की सेवा करने का अवसर देगी।

वे अपने-अपने क्षेत्रों में नवोन्वेषी, स्मार्ट और नागरिक-केंद्रित कार्यप्रणाली के माध्यम से भारत की विकास यात्रा में योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने प्रोबेशनर्स को यह याद रखने की सलाह दी कि उनके कार्यों और निर्णयों का सभी नागरिकों के जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उनमें से प्रत्येक अपने काम में जो सत्यनिष्ठा, कड़ी मेहनत और ईमानदारी दिखाता है, वह हमारे लोगों के विकास की गति निर्धारित करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगी।

राष्ट्रपति ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों से कहा कि डेटा या सांख्यिकी नीतियों के निर्माण से लेकर कार्यक्रमों और योजनाओं के परिणामों का विश्लेषण करने तक की सभी गतिविधियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण आधार बनता है। अंतरराष्ट्रीय मानकों की नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा सेट तैयार करने की आवश्यकता है। अनेक चैनलों के माध्यम से सूचना की बढ़ती उपलब्धता के साथ, प्रामाणिक और सटीक आंकड़ों का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

## ब्लादिमीर पुतिन ने मित्र देशों के लिए टैरिफ वरीयता कानून पर किया हस्ताक्षर



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए हैं जो सरकार को मित्र देशों को कुछ वस्तुओं के निर्यात शुल्क को अस्थायी रूप से कम करने या पूरी तरह से समाप्त करने का अधिकार देता है। सोमवार को हस्ताक्षरित कानून रूसी सरकार को छह महीने तक की अवधि के लिए मित्र देशों को शिपमेंट पर निर्यात शुल्क कम करने का अधिकार देगा। सरकार उत्पादों की एक निश्चित मात्रा के लिए निर्यात शुल्क को एक वर्ष से अधिक के लिए अस्थायी रूप से कम या रद्द कर सकती है। जब यह उपाय पहली बार अगस्त में पेश किया गया था, तो रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने कहा था कि इसका उद्देश्य मित्र देशों में रूसी निर्यात बढ़ाना है। सरकार ने मिशुस्टिन के हवाले से कहा, मित्र देशों को अनाज, उर्वरक और कच्चे माल की आपूर्ति में वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार टैरिफ प्राथमिकताओं के लिए एक विशेष लचीला उपकरण पेश करने का सुझाव देती है। इस उपाय से बाहरी प्रतिबंधों का सामना करने वाले रूसी व्यवसायों का समर्थन करना संभव हो जाएगा।

## उपलब्धि — नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी डिस्ट्रॉयर जंगी जहाज 'इंफाल'

# परमाणु-जैविक युद्ध में भी लड़ने में सक्षम है युद्धपोत

### ब्रह्मोस मिसाइल और सेंसर से लैस इस जहाज में हैं पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताएं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्रह्मोस मिसाइल से लैस स्वदेशी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक इंफाल मंगलवार को भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े का हिस्सा बन गया। मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में एक समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में आज इस जहाज को औपचारिक रूप से बेड़े में शामिल किया गया। स्वदेशी रूप से डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक से बना इंफाल युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है।

भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल स्टील्थ विध्वंसक इंफाल की लॉन्चिंग 20 अप्रैल, 2019 को हुई थी। इसी समारोह के दौरान जहाज का नाम इंफाल रखा गया था। समुद्र में इंफाल की अधिकतम गति 30 समुद्री मील (56 किलोमीटर प्रति घंटा) से अधिक होगी और यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और सेंसर से लैस है। जहाज में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसमें एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल हैं। इंफाल पहला ऐसा स्वदेशी विध्वंसक है, जिसके निर्माण और समुद्री परीक्षणों को पूरा करने में सबसे कम समय दर्ज किया गया। 163 मीटर लंबाई, 7,400 टन वजन और 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ इंफाल को भारत में निर्मित सबसे शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक माना जा सकता है। इस युद्धपोत में एक आधुनिक निगरानी रडार लगा हुआ है, जो इसके तोपखाने हथियार प्रणालियों को लक्ष्य डेटा प्रदान करता है। इसकी पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताएं स्वदेशी रूप से विकसित रॉकेट लॉन्चर, टॉरपीडो लॉन्चर और एएसडब्ल्यू हेलीकॉप्टरों से लैस हैं। यह युद्धपोत परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध के हालात में भी लड़ने में सक्षम है।

### जहाज पर ड्रोन हमला के कसूरवारों को सागरतल से भी ढूंढ निकालेंगे : राजनाथ

स्वदेश में निर्मित स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को मंगलवार को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित समारोह में नौसेना में शामिल किया गया। मौके पर राजनाथ सिंह ने कि आजकल समुद्र में हलचल कुछ ज्यादा बढ़ गई है, भारत की बढ़ती ताकत से कुछ देशों को ईर्ष्या से भर दिया है। अरब और लाल सागर में जहाजों पर हुए ड्रोन हमले को भारत ने बहुत ही गंभीरता से लिया है। भारतीय नौसेना ने समुद्र की निगरानी बढ़ा दी है। जिन्होंने भारत के खिलाफ कार्रवाई की है, उन्हें हम समुद्र तल से भी ढूंढ निकालेंगे। हिंद महासागर में भारत की ताकत और बढ़ चुकी है। चीन और पाकिस्तान को चुनौती देने के लिए आईएनएस इंफाल तैयार है।

## फिल्म जगत

### अभिनेता रोनित रॉय ने अपनी पत्नी नीलम बोस रॉय से फिर की शादी



**एक्टर** रोनित रॉय तीसरी बार शादी के बंधन में बंध गए हैं। रोनित ने एक बार फिर अपनी पत्नी नीलम बोस रॉय से शादी की है। 58 साल की उम्र में एक्टर ने 20वीं सालगिरह के मौके पर हिंदू रीति-रिवाज से फिर से शाही अंदाज में विवाह किया। इस विवाह समारोह की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रोनित और नीलम की शादी 2003 में हुई थी। अब 20 साल बाद एक बार फिर ये दोनों शादी के बंधन में बंध गए हैं। रोनित ने सोशल मीडिया पर शादी समारोह की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। एक वीडियो में रोनित अपनी पत्नी के साथ लिप-लॉक करते नजर आ रहे हैं। फैंस को ये वीडियो काफी पसंद आया है। रोहित के दोबारा शादी करने पर फैंस ने उनकी जमकर तारीफ की है। शादी की तस्वीरें और वीडियो शेयर करने से पहले रोनित ने शंकर मंदिर से कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस को हिंट दिया था। वीडियो शेयर करते हुए रोनित ने लिखा, मंदिर में भारी तैयारियां चल रही हैं। आज एक बार फिर मेरी शादी हो रही है। आपकी शुभकामनाओं और आशीर्वाद की जरूरत है। दरअसल, रोनित की पहली शादी जोआना से हुई थी, लेकिन किसी वजह से ये अलग हो गए। इसके बाद रोनित ने एक्ट्रेस नीलम सिंह से तीन साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी कर ली थी।